नई दिल्ली RNI NO. DELHIN/2010/37009
वर्ष: 11
अंक: 58
सोमवार, 01-07 नवंबर 2021
मूल्य: 5 रु प्रति
रु 250 वार्षिक

# NCR समाचार


इस्माईल खान


www.ncrsamacharlive.in | BY C.R.O. TEAM | twitter-@ncrsamacharlive

भारत का नं 1 साप्ताहिक समाचार पत्र

अर्जुन कपूर ने लेडी लव मलाइका अरोड़ा के साथ शेयर की दिवाली बैश की कैंडिंड तस्वीर 12

## संक्षिप्त समाचार

### पीएम नरेंद्र मोदी ने की केदारनाथ मंदिर में आरती, श्री आदि गुरु शंकराचार्य की प्रतिमा का किया लोकार्पण



**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को केदारनाथ धाम का दौरा किया और 'देवभूमि' उत्तराखंड में भगवान शिव मंदिर में पूजा-अर्चना की। इसके साथ ही उन्होंने श्री आदि गुरु शंकराचार्य की एक पुनर्निर्मित समाधि का भी उद्घाटन भी किया, जो 2013 की विनाशकारी बाढ़ के दौरान क्षतिग्रस्त हो गई थी। 8वीं शताब्दी के द्रष्टा आदि शंकराचार्य ने केदारनाथ में मोक्ष प्राप्त किया था। प्रतिमा का अनावरण 12 ज्योतिर्लिंगों, चार शंकराचार्य मठों (मठों), उनके जन्मस्थान और भारत के कई प्रमुख मंदिरों में लाइव स्ट्रीम किया गया। इस यात्रा के दौरान, प्रधानमंत्री मोदी केदारपुरी पुनर्निर्माण परियोजनाओं की आधारशिला भी रखेंगे, जिनकी अनुमानित लागत 400 करोड़ रुपये से अधिक है। केदारपुरी पुनर्निर्माण को पीएम का ड्रीम प्रोजेक्ट माना जाता है क्योंकि वह नियमित अंतराल पर इसकी प्रगति की व्यक्तिगत रूप से समीक्षा करते रहे हैं। प्रधानमंत्री बनने के बाद मोदी कई बार केदारनाथ धाम के दर्शन कर चुके हैं। प्रधानमंत्री के तौर पर आज का उनका पांचवां दौरा है।

### मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने किया दौरा, सौंदर्यीकरण के कार्यों का निरीक्षण किया

उज्जैन मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान उज्जैन पहुंचे और बड़ा रुद्र सागर में श्री महाकाल महाराज क्षेत्र की विकास योजना के निर्माण कार्यों का अवलोकन करते हुए उज्जैन कलेक्टर आशीष सिंह से चर्चा की चर्चा के दौरान उज्जैन कलेक्टर ने उज्जैन पहुंचे। मुख्यमंत्री चौहान को महाकाल विस्तार योजना के तहत हो रहे सभी कार्यों का अवलोकन कराया कार्यों को देख कर उज्जैन कलेक्टर की मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रशंसा व्यक्त की साथ ही सभी बिंदुओं पर सौंदर्य करण और विकास कार्यों की जानकारी देते हुए दिशा निर्देश दिए। उज्जैन कलेक्टर आशीष सिंह ने मुख्यमंत्री को विस्तार से सभी निर्माण कार्यों की जानकारी दी मुख्यमंत्री ने कहा कि उज्जैन महाकाल की नगरी को सबसे सुंदर नगरी बनाना है निर्माण कार्यो को जल्द ही पूरा लिया जायेगा बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष वीड़ी शर्मा भी साथ थे।

### भाजपा ने तेल के दामों पर विपक्षी राज्यों सरकारों द्वारा कीमतें कम करने को लेकर सरकारों को जमकर घेरा

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस समेत विपक्षी दलों पर उनके द्वारा शासित राज्यों में ईंधन की कीमतों में कटौती की घोषणा नहीं करने के लिए विपक्षी दलो को जमकर घेरा।

जबकि बीजेपी शासित प्रदेशों में पेट्रोल और डीजल की दरों में क्रमशः ₹13.43 और ₹19.61 प्रति लीटर तक की कमी की गई है।केंद्र सरकार ने बुधवार को पेट्रोल पर केंद्रीय लेवी में 5 रुपये प्रति लीटर और डीजल में 10 रुपये प्रति लीटर की कमी की घोषणा की और राज्यों से वैट को कम करके दरों को नीचे लाने का आग्रह किया। भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कर कटौती की घोषणा नहीं करने के लिए कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस और आम आदमी पार्टी (आप) पर हमला बोला। भाटिया ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा, "उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पेट्रोल और डीजल की कीमतों में 12 रुपये की कमी की है, इसी तरह गुजरात और असम में कीमतों में 7 रुपये की कमी की गई है। यह केंद्र सरकार द्वारा घोषित कटौती के अतिरिक्त है।" भाजपा शासित राज्यों के एक समूह ने ₹5 और ₹10 के बीच कटौती की घोषणा की।

# चेन्नई में बारिश से बिगड़े हालात

## महाराष्ट्र में येलो अलर्ट, कुछ राज्यों अगले 4 दिन तक भारी बारिश की संभावना

**चेन्नई और उपनगरीय इलाकों में रात भर भारी बारिश होने से हालत बिगड़ गई है। आज चेन्नई में बाढ़ की चेतावनी दी गई है। भारत मौसम विज्ञान विभाग द्वारा महाराष्ट्र के दो जिलों में येलो अलर्ट जारी किया गया है। मुंबई सहित अन्य उपनगरों में बारिश के आसार हैं**



एजेंसी

**नई दिल्ली।** उत्तर भारत के अधिकांश राज्यों में सर्दी बढ़ने लगी है और देश के कई अन्य क्षेत्रों में भी ठंड बढ़ रही है। वहीं चेन्नई और उपनगरीय इलाकों में रात भर भारी बारिश होने से हालत बिगड़ गई है।

चेन्नई में बाढ़ की चेतावनी दी गई है। भारत मौसम विज्ञान विभाग द्वारा महाराष्ट्र के दो जिलों में येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम की भविष्यवाणी के अनुसार राज्य की राजधानी मुंबई सहित अन्य उपनगरों में हल्की बारिश होने के आसार हैं। चेन्नई और कांचीपुरम और तिरुवल्लूर जिलों के कई उपनगरों में शनिवार सुबह से रुक-रुक कर बारिश हुई और रात भर बारिश होती रही, जिससे कई इलाकों में पानी भर जाने से लोगों को परेशानी हुई। आईएमडी दिल्ली के वैज्ञानिक आरके जेनामणि ने बताया कि चेन्नई शहर में आज चक्रवाती हवाओं के क्षेत्र के कारण अत्यधिक भारी वर्षा दर्ज की गई है। पूर्वोत्तर मानसून के कारण 9-11 नवंबर से आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु के तटीय क्षेत्रों में भारी वर्षा की संभावना है। आईएमडी के मुताबिक बेमौसम बारिश पूर्वी अरब सागर के ऊपर एक कम दबाव के क्षेत्र के कारण हुई थी। अरब सागर के ऊपर कम दबाव के क्षेत्र के अलावा, सुमात्रा तट से दूर दक्षिण-पूर्वी बंगाल की खाड़ी के ऊपर एक चक्रवाती हवाओं का क्षेत्र बना हुआ है। इस कारण तटों से जुड़े राज्यों में बारिश की संभावना है। महाराष्ट्र के दो जिलों में येलो अलर्ट जारी किया गया है। पूर्वी अरब सागर के ऊपर 50-60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार और 70 किमी प्रति घंटे की रफ्तार के साथ तेज मौसम की संभावना है, इस कारण महाराष्ट्र के तटों बाहरी क्षेत्रों में सात नवंबर से 40-50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से लेकर 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलेगी। आईएमडी ने मछुआरों को इन क्षेत्रों में न जाने की सलाह दी है। आईएमडी बुलेटिन के अनुसार, 11 से 12 नवंबर के बीच उत्तरी तटीय तमिलनाडु में कुछ स्थानों पर भारी से बहुत अधिक और अलग-अलग स्थानों पर अत्यधिक भारी वर्षा होने की संभावना है। दक्षिण तटीय आंध्र प्रदेश में 11 से 12 नवंबर के बीच कुछ स्थानों पर भारी से बहुत भारी वर्षा होने की संभावना है।

भारी बारिश की संभावना को देखते हुए, मछुआरों को सलाह दी गई है कि वे 9 नवंबर से 10 नवंबर के बीच दक्षिण-पूर्व बंगाल की खाड़ी में समुद्र की ओर न जाएं। साथ ही मुछआरों को 10 नवंबर से 11 के बीच तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश के तटों से दूर रहने और दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी में इस तरह के किसी भी उद्यम को न करने की सलाह दी गई है। वहीं जो जो मछुआरे पहले से ही समुद्र में हैं, उन्हें 9 नवंबर तक तट पर लौटने को कहा गया है। आईएमडी बुलेटिन ने बताया कि अरब सागर पर कम दबाव के कारण तमिलनाडु में भारी वर्षा की संभावना है। वहीं अगले पांच दिनों के दौरान पुडुचेरी और कराईकल (पुडुचेरी का एक जिला) में बारिश होगी।

### नवाब मलिक ने लगाए समीर वानखेड़े पर आरोप

# भाजपा से है समीर वानखेड़े का कनेक्शन: नवाब मलिक

एजेंसी



**मुंबई ।** महाराष्ट्र के अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के नेता नवाब मलिक ने कहा है कि वो क्रुज ड्रग्स पार्टी मामले के एक आरोपी सुनील पाटिल को नहीं जानते हैं। बता दें कि 2 अक्टूबर को गोवा जा रहे क्रुज शिप कोरडेलिया में चल रही एक पार्टी में एनसीबी ने छापा मार कर वहां से नशीले पदार्थ जब्त किए थे। इस मामले में शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान समेत करीब 20 लोगों को भी गिरफ्तार किया गया था। गिरफ्तार किए जाने वालों में दो नाइजीरियाई नागरिक भी शामिल हैं। मलिक ने कहा कि वो कभी भी सुनील पाटिल से नहीं मिले हैं। बता दें कि एक दिन पहले ही सुनील पाटिल संग नवाब मलिक की कुछ फोटो काफी वायरल हुई थीं। इनमें मनीष भानुशाली की भी कई नेताओं के साथ फोटो थी। मलिक ने ये भी कहा कि पाटिल एक धोखेबाज है और वो वानखेड़े की सेना का एक खिलाड़ी है। 6 अक्टूबर को जब वो प्रेस कांफ्रेंस कर रहे थे, तब पाटिल ने उन्हें दो घंटे बाद फोन किया था। तब उसने कहा था कि वो इस मामले में कई दूसरे सबूत मुहैया करवा सकता है। उस वक्त मलिक ने उसको आमने सामने बैठकर बात करने के लिए मुंबई बुलाया था, लेकिन वो कभी मुंबई नहीं आया। इसके बाद उसने दोबारा उन्हें फोन किया था, उस वक्त वो एक दूसरी प्रेस कांफ्रेंस कर रहे थे, लेकिन इस बार भी उसकी तरफ से कुछ सामने नहीं आया। आपको बता दें कि एनसीबी के जोनल डायरेक्टर समीर वानखेड़े के पिता डी वानखेड़े ने नवाब मलिक के खिलाफ मुंबई हाईकोर्ट में मानहानि का मामला दायर किया है। मलिक का कहना है कि फैशन टीवी के प्रमुख काशिफ खान ने महाविकास अगाड़ी (एमवीए) सरकार के मंत्री असलम शेख को भी इस क्रुज पार्टी में आने का दबाव बनाया था था। उसकी योजना कुछ दूसरे नेताओं और उनके बच्चों को भी इस पार्टी में लाने की थी। उन्होंने ये भी आरोप लगाया कि काशिफ पंजाब की तरह महाराष्ट्र को भी नशे की गिरफ्त में लाना चाहता है। आर्यन खान के बचाव में उतर मलिक ने कहा कि आर्यन ने इस क्रुज पार्टी में आने के लिए कोई टिकट भी नहीं खरीदा था।

### राहुल गांधी ने केन्द्र सरकार पर कसा तंज

# कहां गए वो अच्छे दिन: राहुल गांधी

एजेंसी



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी का सरकार पर ट्वीट हमला जारी है। आज उन्होंने अपने ट्वीट में एक सर्वे रिपोर्ट को शेयर किया जिसमें ये दावा किया गया कि देश में गरीबी तेजी से बढ़ रही है। राहुल गांधी ने केन्द्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि जो पहले मध्यवर्ग में थे, अब ग़रीब हैं जो पहले ग़रीब थे, अब कुचले जा रहे हैं, कहां गए जो कहते थे अच्छे दिन आ रहे हैं?

दरअसल , जर्मनी के बोन में स्थित आईजेडए इंस्टीट्यूट ऑफ लेबर इकोनॉमिक्स के फेलो रिसर्च संतोष मेहरोत्रा, और उनके साथी जजती केशरी परिदा की रिपोर्ट में ये बातें सामने आईं हैं कि पिछले आठ वर्षों में गरीबी से नीचे रहने वाले लोगों की संख्या में 7 करोड़ 60 लाख की वृद्धि हुई है। देश में गरीबों की संख्या में इतनी तेज वृद्धि पहली बार देखी जा रही है।

पिछले कई दिनों से राहुल गाँधी के ट्वीट का मुद्दा महँगाई के इर्द –गिर्द ही घूमते रहता है। कल ही उन्होंने रसोई गैस की कीमतों में बढ़ोतरी के मुद्दे को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा था और आरोप लगाया था कि PM मोदी के विकास की गाड़ी रिवर्स गियर में है और ब्रेक भी फेल है। उन्होंने एक खबर का हवाला देते हुए यह दावा भी किया था कि LPG के दाम बढ़ने से लाखों ऐसे परिवार हैं जिन्हें चूल्हा फूंकने को मजबूर होने पड़ रहा है।

### एनसीआर समाचार पत्र के स्वामित्व/ प्रकाशन परिवर्तन के संबंध में
## आवश्यक सूचना

**एनसीआर समाचार के समस्त पाठकों तथा पत्र के साथ जुड़े समस्त पत्रकारों, व्यावसायिक संयोजक, सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं/संस्थानों को यह सूचित किया जाता है कि गत वर्षों से श्री बलबीर सिंह के नेतृत्व व स्वामित्व में चले आ रहे वर्तमान एनसीआर समाचार पत्र का प्रकाशन व स्वामित्व मो. हनीफ, पुत्र श्री इस्माईल खान मास्टरजी, संगम विहार के स्वामित्व व नेतृत्व में हो रहा हैं। अतः भविष्य में समस्त प्रकार की व्यावसायिक, कानूनी एवं सामाजिक गतिविधियों के संचालन हेतु मो. हनीफ/ नये कार्यालय जी 12/276, संगम विहार, नई दिल्ली - 110062, दूरभाष (मोबाईल) 8888883968, 9811111715 से सम्पर्क करें**

### सिद्धू ने 1 माह बाद पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष पद से इस्तीफा वापस ले लिया

**चंडीगढ़।** कांग्रेस लीडर और पूर्व क्रिकेटर नवजोत सिंह सिद्धू ने पंजाब प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पद से अचानक इस्तीफा देने के एक महीने बाद शुक्रवार को अपना इस्तीफ वापस ले लिया है। सिद्धू ने चंडीगढ़ प्रेस क्लब में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में इसका ऐलान किया। सिद्धू ने स्पष्ट रूप से कहा कि जिस दिन पंजाब को नया महाधिवक्ता (एजी) मिल जाएगा, वह कार्यभार संभाल लेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि "जब आप सच्चाई के रास्ते पर होते हैं तो पोस्ट मायने नहीं रखते।" 19 जुलाई को पीपीसीसी प्रमुख नियुक्त किए गए, सिद्धू ने चरणजीत सिंह चन्नी के नेतृत्व वाली नई सरकार में मंत्रियों को विभागों के आवंटन के कुछ मिनट बाद इस्तीफा दे दिया।




**महंगाई** | केंद्र सरकार के कहने के बाद 10 राज्यों ने वैट में कमी की है

# महाराष्ट्र में पेट्रोल और डिजल का वैट कम होने के आसार नहीं?

एजेंसी

**मुंबई।** केंद्र सरकार ने राज्य सरकारों से भी अपील की है कि वो भी वैट में कटौती करें, जिससे पेट्रोल और डीजल के दाम और कम हो सकें। केंद्र सरकार के कहने के बाद 10 राज्यों ने वैट में कमी की है। हालाँकि महाराष्ट्र सरकार द्वारा पेट्रोल और डीजल पर वैट कम होने के आसार ना के बराबर है। देश समेत महाराष्ट्र की जनता जनता को पीएम मोदी ने दिवाली का तोहफा एक्साइज ड्यूटी में कटौती करके दिया है। इससे डीजल और पेट्रोल के दाम में लोगों को थोड़ी राहत जरूर मिली है। आप जनता महाराष्ट्र सरकार से भी ऐसी ही उम्मीद लगाकर बैठी है। फ़लिहाल महाराष्ट्र



सरकार पेट्रोल पर 25% और डिजल पर 21% वैट लेती है। वैट और सेल्स टैक्स से सरकार को सालाना लगभग 40 हज़ार करोड़ का राजस्व मिलता है। महाराष्ट्र सरकार की माली हालत भी खस्ताहाल है, फिलहाल राज्य पर 6 लाख करोड़ का कर्ज है। सरकार को हर साल 35 हज़ार करोड़ रुपये ब्याज के रूप में सालाना चुकाने पड़ते हैं। जिस से राज्य की तिजोरी पर भारी असर पड़ रहा है। जीएसटी काउंसिल की बैठक में महाराष्ट्र सरकार ने केंद्र सरकार को बताया था कि राज्य के वित्तीय हालात सही नहीं होने के कारण वो वैट कमी नहीं करेगी, बल्कि केंद्र सरकार एक्साइज ड्यूटी को कम करे। महाराष्ट्र का वर्ष 2021-22 के बजट में वित्तीय घाटा 10,500 करोड़ रुपये था। महाराष्ट्र में पिछले एक साल में दो तूफान और एक बार भारी बारिश से काफ़ी नुकसान हुआ है। इस नुकसान को भरने के लिए राज्य सरकार ने कई हज़ार करोड़ रुपये खर्च कर चुकी है। जबकि केंद्र सरकार से एक रुपये की मदद महाराष्ट्र को नहीं मिली है। महाराष्ट्र से सटे राज्य गुजरात में भी चक्रवात असर देखने मिला था। केंद्र सरकार ने गुजरात के लिए राहत पैकेज का ऐलान किया लेकिन महाराष्ट्र इससे अछूता रहा। इतना ही नहीं महाराष्ट्र को केंद्र से जीएसटी के जो पैसे मिलते हैं वह वक़्त नहीं मिल पाते है। इन सभी हालात में महाराष्ट्र सरकार पेट्रोल और डीजल पर वैट कम करने का फैसला लेना संभव नज़र नहीं आ रहा।

**एनसीआर समाचार, साप्ताहिक समाचार पत्र में विज्ञापन के लिए संपर्क करें।**

कार्यालय: 12/276 , संगम विहार, नई दिल्ली-62

फोन: 8888883968, 9811111715

## संक्षिप्त समाचार

### डी. पी. स्नातकोत्तर महाविद्यालय सहसवान में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने मतदाता जागरूकता रैली अभियान चलाया



**अज़ीम खान**

डी .पी स्नातकोत्तर महाविद्यालय सहसवान में एन. एस. एस. के स्वयंसेवकों ने "मतदाता जागरूकता रैली" निकाल कर लोगों में जागरूकता फैलाई।महाविद्यालय स्वीप कोऑर्डिनेटर कुमारी सना एवं हेल्प डेस्क दिव्यांश सक्सैना ने स्वयंसेवकों को बताया -"कि 18 वर्ष होने पर हम वोट डालने के अधिकारी होते हैं।वोटर आईडी के द्वारा हमारा स्वयं का परिचय होता है। हमारी अपनी एक अलग पहचान बनती है। इसलिए आप सभी वोट बनवाएं और अपने पड़ोस के लोगों को भी वोट बनवाने के लिए प्रेरित करें।कु० ऋतु सिंह व ज्ञनेंद्र कश्यप ने मतदाता जागरूकता हेतु प्रेरणा स्वरुप स्लोगन बताये। वैभव तोमर ने फारमेट बताया कि किस तरह फार्म भरकर वोटर आईडी बनबायी जाती है।महाविद्यालय स्टाफ में भूपेन्द्र, डॉ नीलोफर, कविता, तृप्ति, गुलनार जमील की सहभागिता रही। प्राचार्या डॉ शुभ्रा माहेश्वरी ने रैली को झंडी दिखाकर रवाना किया इस मौके पर समस्त कॉलेज स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### मेघवाल समाज युवा मंडल की बैठक का आयोजन किया गया



**जोगाराम मैन्सन**

जालोर जिले के नरसाणा ग्राम में, एक्शन साहब महोदय श्री गोपाराम जी मैन्सन, के नेतृत्व में मेघवाल समाज युवा मंडल,की मिटिग रखी गई,मिटिग के दौरान समाज हित में अलग-अलग मुद्दों को लेकर चर्चा हुई। इस दौरान वार्ड नं 4 से वार्डपंच श्री भोलाराम जी,मैन्सन,ने समाज के प्रति विचार विमर्श किया , एवं समाज में एकता बनाए रखने हेतु कार्यकारिणी गठित करने, पर चर्चा की गई, इस दौरान बाबुलाल मैन्सन,छोगाराम मैन्सन, मोहनलाल मैन्सन, खेताराम मैन्सन,जेंतिलाल,रकबाराम, बाबुलाल, वालाराम, लक्ष्मण राम,गटाराम,मकनाराम,सुजाराम, हिम्मताराम, सहित सभी मेघवाल समाज के लोग मौजूद रहे।

### अवैध हथियारों के साथ दो वांछित गिरफ्तार दोनों बदमाशो को भेजा जेल

**राम नारायण पाल**

हडिंया थाना अंतर्गत हडिंया स्टेशन के पास से दो वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। हडिंया थाना पुलिस और एसओजी गंगा पार की संयुक्त टीम ने मुखबिर के द्वारा सूचना मिली कि हडिंया स्टेशन के पास दो आदमी अवैध हथियारों के साथ खड़े हैं। ट्रेन से उतर कर आने जाने वाले राहगीरों को साथ छीना झपटी करेंगे। सूचना मिलते ही हडिंया पुलिस और एसओजी की टीम बताये स्थान पर पहुंची ।दोनों अभियुक्त पुलिस को देखते ही भागने लगे लेकिन पुलिस ने घेराबंदी करके दोनों को धर दबोचा। दोनों के पास से एक अभियुक्त जितेंद्र यादव उर्फ लल्ला पुत्र राजबहादुर यादव निवासी मुंगराव थाना हंडिया के पास से 7अदद जिंदा बम व 2950 रुपए बरामद हुआ। वही दूसरे अभियुक्त सरताज अंसारी पुत्र शहामत अली निवासी वार्ड नंबर 10 कस्बा हडिंया जनपद प्रयागराज के पास से एक अदद देसी तमंचा 315 व 315 बोर जिंदा कारतूस और ₹2020 बरामद हुआ ।अभियुक्तों को 674 /2021 धारा 4/ 5 विस्फोटक अधिनियम पदार्थ के अंतर्गत गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया।

## उपचुनाव में हिमाचल में कांग्रेस का शानदार प्रदर्शन, बीजेपी को बड़ा झटका

# हिमाचल में कांग्रेस ने दी भाजपा को मात



एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को हिमाचल में एक बड़ा झटका लगा है, क्योंकि उसे हिमाचल प्रदेश की मंडी संसदीय सीट के अलावा फतेहपुर, अर्की और जुब्बई-कोठकाई की तीन अन्य विधानसभा सीटों पर कांग्रेस से शिकस्त मिली है।कांग्रेस उम्मीदवार प्रतिभा सिंह, जो छह बार के पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह की पत्नी हैं, उन्होंने मंगलवार को भाजपा उम्मीदवार और कारगिल युद्ध के नायक ब्रिगेडियर (सेवानिवृत्त) खुशाल चंद ठाकुर के खिलाफ मंडी संसदीय सीट जीती। यह पहली बार है कि वीरभद्र सिंह के परिवार के किसी सदस्य ने उनके निधन के बाद कोविड की जटिलताओं के कारण चुनाव लड़ा।मंडी संसदीय सीट जनजातीय जिले लाहौल-स्पीति में 15,256 फीट की ऊंचाई पर स्थित ताशिगांग में दुनिया के सबसे ऊंचे मतदान केंद्र का दावा करती है। मंडी में मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर और दिवंगत वीरभद्र सिंह के परिवार की प्रतिष्ठा दांव पर लगी थी। मंडी उनका गृह जिला होने के कारण, ठाकुर के लिए पहली बार अपनी किस्मत आजमाने वाले भाजपा उम्मीदवार ठाकुर की जीत सुनिश्चित करने के लिए यह एक अग्निपरीक्षा थी।इस बीच, कांग्रेस ने फतेहपुर, अर्की और जुब्बई-कोठकई सीटों पर भी जीत हासिल की। जुब्बल-कोटखाई विधानसभा सीट पर दूसरे दौर की मतगणना के बाद कांग्रेस के रोहित ठाकुर अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी चेतन सिंह ब्रगटा को मात दी। चेतन भाजपा के एक बागी उम्मीदवार हैं, जो निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं। फतेहपुर में भाजपा के बलदेव ठाकुर अपने निकटतम प्रतिद्वंदी कांग्रेस के भवानी सिंह पठानिया से आगे चल रहे हैं। अर्की में कांग्रेस उम्मीदवार संजय ने भाजपा के रतन सिंह पाल को मात दी।

## बंगाल उपचुनाव में टीएमसी ने बीजेपी से छीनी दिनहाटा विधानसभा सीट



**नई दिल्ली।** उत्तर पश्चिम बंगाल में दिनहाटा विधानसभा क्षेत्र के लिए तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के उम्मीदवार ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार को 163,005 मतों के रिकॉर्ड अंतर से हराकर सीट पर कब्जा कर लिया।टीएमसी के उदयन गुहा इस निर्वाचन क्षेत्र में भाजपा के अशोक मंडल के साथ मैदान में थे, जिसके लिए हाल ही में केंद्रीय मंत्रिमंडल में फेरबदल के दौरान निसिथ प्रमाणिक को केंद्रीय राज्य मंत्री के रूप में पदोन्नत किए जाने के बाद उपचुनाव कराना पड़ा था। प्रमाणिक ने संसद में रहने के लिए अपनी सीट खाली कर दी थी।सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस भी तीन अन्य विधानसभा क्षेत्रों में भारी अंतर से जीत की राह पर है, जहां 30 अक्टूबर को उपचुनाव हुए थे। दिनहाटा निर्वाचन क्षेत्र के उपचुनाव ने राजनीतिक विशेषज्ञों का ध्यान खींचा। इस साल की शुरुआत में हुए विधानसभा चुनावों में बीजेपी ने 57 वोटों से जीत हासिल की। भाजपा ने 2019 में क्षेत्र की आठ लोकसभा सीटों में से सात और उत्तर बंगाल के आठ जिलों में 54 विधानसभा क्षेत्रों में से 30 पर जीत हासिल की थी। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अपनी पार्टी की जीत का श्रेय राज्य के लोगों को दिया। बनर्जी ने ट्विटर पर कहा, यह जीत लोगों की जीत है, क्योंकि यह दिखाता है कि बंगाल हमेशा प्रचार और नफरत की राजनीति के बदले विकास और एकता को कैसे चुनेगा। लोगों के आशीर्वाद से, हम वादा करते हैं कि हम बंगाल को और अधिक ऊंचाइयों पर ले जाना जारी रखेंगे।

## सांप्रदायिक हिंसा के खिलाफ मार्च

# त्रिपुरा में हुई सांप्रदायिक हिंसा के खिलाफ इंसाफ मंच ने किया मार्च

नूर मोहम्मद शेख

**आरा।** इंसाफ मंच व भाकपा माले के बैनर तले आज आरा मे प्रतिरोध मार्च निकाला गया तथा सभा की गयी.यह प्रतिरोध मार्च इंसाफ मंच द्वारा आहुत राज्यव्यापी प्रतिरोध दिवस पर निकाला गया. यह प्रतिरोध मार्च त्रिपुरा मे पिछले दिनों हुए साम्प्रदायिक हिंसा के खिलाफ आयोजित थ।अबरपुल आरा मे प्रतिरोध मार्च का नेतृत्व इंसाफ मंच के राज्य सचिव क्यामुद्दीन अंसारी ने किया. साम्प्रदायिक हिंसा पर रोक लगाने ,देश के अल्पसंख्यक समदाय को सुरक्षा प्रदान करने,देश के जमहुरी निजाम की हिफाजत,और त्रिपुरा हिंसा के दोषियों को सजा देने का सवाल प्रमुख रुप से प्रतिरोध मार्च के माध्यम से उठाया गया.प्रतिरोध मार्च के बाद सभा को संबोधित करते हुए इंसाफ मंच के राज्य सचिव क्यामुद्दीन अंसारी ने कहा कि त्रिपुरा में हुए साम्प्रदायिक




हिंसा के अल्पसंख्यक विरोधी हिंसा थी,जिसने हिन्दुस्तान के जम्हुरी निजाम को नुकसान पहुंचामा है,तथा गंगा जमनी तहजीब को तहस नहस कर दिया। क्यामुद्दीन अंसारी ने कहा कि त्रिपुरा मे साम्प्रदायिक हिंसा के दोषियों पर कड़ी कार्यवाई हो.श्री अंसारी ने गृहमंत्री अमित साह से मांग की है कि देश के अल्पसंख्यक समुदाय को सुरक्षा प्रदान की जाय। सभा को संबोधित करते हुए इंसाफ मंच के जिला उपाध्यक्ष शहाबुद्दीन कुरैशी नहा कि विहिप बजरंग दल के गुण्ड़ों ने अल्पसंख्यक समुदाय के खिलाफ हिंसा की जो घोर निन्दनीय है हम इस हिंसा के खिलाफ लड़ेंगे।इस मार्च में शामिल हुए राजेन्द्र यादव, सुरेश राम, कृष्णरंजन गुप्ता,अभय *कुशवाहा,मो.फैज,राशिद अली,बब्लू गुप्ता,मोहसिन बुखारी,मो असलम खां,सराफत हुसैन ,ऐनामुल हक ,समीर, उसमान आदि।

## आगामी विधायक श्री बृजेश यादव जी ने किया श्रीरामलीला का फीता काटकर शुभारंभ

अज़ीम खान

**बदायूं/सहसवान।** थाना क्षेत्र के ग्राम सुजावली में सोमवार से रामलीला का मंचन शुरू हो गया है, न्यू पवन पुत्र रामलीला कमेटी एवं यदुवंशी किसान मेला कमेटी का बृजेश यादव जी भावी विधायक113 विधानसभा सहसवान ने फीता काटकर उद्घाटन किया। रामलीला मेला का शुभारम्भ वैदिक मंत्रों द्वारा विधि पूर्वक हवन-पूजन करके किया गया। इस दौरान आगामी विधायक श्री बृजेश यादव जी ने कहा-हम सभी लोगों को रामलीला में निभाए जाने वाले किरदारों से सीख लेकर उसे अपने जीवन में उतारना चाहिए तथा रामलीला के माध्यम से हमे बुराई पर अच्छाई की जीत का सबक मिलता है। रामलीला कमेटी अध्यक्ष हेतसिंह यादव ने कहा लोग नशे से दूर रहे और अपना वहान चलाते समय हेलमेट अवश्य लगाये। जिससे आप



की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके रामलीला कमेटी उपाध्यक्ष शिव यादव पत्रकार ने कहा कि हम सभी लोगों को अपने आपसी मतभेद भुलाकर समाज में समन्वय बनाए रखने का संदेश देना चाहिएऔर रामलीला के इस मंचन को सही तरह से आगे बढाने का कार्य करना चाहिए। इस मौके पर समस्त कमेटी एवं ग्रामवासी मौजूद रहे व सपा कार्यकर्ता अरेंद्र यादव जिला उपाध्यक्ष लोहिया वाहिनी समाजवादी पार्टी, रजनेश यादव, पवन यादव, सुरजीत यादव, मदन यादव जिला सचिव, लताफत हुसैन जिलासचिव, विजनेश यादव, शानू चौधरी, सोनू यादव, सर्वेश प्रधान, पप्पू यादव, वीरेन्द्र डीलर सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## त्योहारो पर बाजारों में उमड़ी भीड़: बाजारों में लौटी रौनक, व्यापारियों में दिखाई दिया उत्साह

सयैद फराज अली

बरेली भले ही दीपोत्सव का त्योहार मनाने के लिए आमजन में उत्साह दिखाई दे रहा है लेकिन कोरोना का भी ध्यान आम पब्लिक को रखना है। इसी बीमारी को देखते हुए जिला स्तर पर जारी कोरोना गाइडलाइन का पालन कराने के लिए जिला स्तर और तहसील स्तर पर अधिकारियों को आदेशित किया गया है लेकिन यहां पर अधिकारियों के पास तनिक भी समय नहीं है कि वह बाजार की दशा और दिशा को देख सकें। धनतेरस के त्योहार को लेकर बाजार में जहां व्यापारियों में उत्साह दिखाई दिया वही उपभोक्ताओं में भी उत्साह की कमी नहीं देखी गई। थोड़ी खुशी के लिए व्यापारी और आमजन ने कोरोना जैसी घातक बीमारी को दरकिनार किया तभी तो बाजार की सड़के सुबह से शाम तक आमजन से सराबोर दिखाई थी। जहां व्यापारियों की दुकानों पर उपभोक्ताओं के झुंड दिखाई दिए वहीं सड़कों पर एक दूसरे से सटकर नागरिक चलते हुए दिखाई दिए। मास्क और सोशल डिस्टेंसिंग कहीं भी दिखाई नहीं दिया और ना ही अधिकारी कहीं दिखाई दिए।



# चुनाव से पहले समाजदी पार्टी को लगा तगड़ा झटका

## भाजपा में शामिल हुए विधायक सुभाष पासी, उत्तर प्रदेश में दल बदल का खेल जारी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश में चुनावी दंगल का रंग अब चढ़ने लगा है। पार्टियों में जोड़-तोड़ की राजनीति भी अब परवान चढ़ने लगी है। इसी बीच मंगलवार को समाजवादी पार्टी को एक बड़ा झटका लगा है। गाजीपुर के सैदपुर विधानसभा सीट से लगातार दो बार जीत दर्ज करने वाले सपा विधायक सुभाष पासी ने अब भाजपा का साथ देने की ठान ली है। इधर इस बात की भनक मिलते ही समाजवादी पार्टी ने उन्हें निष्कासित कर दिया है।

पार्टी ने ट्विट कर कहा है- "गाजीपुर की सैदपुर विधानसभा से सपा विधायक सुभाष पासी जी को पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने के कारण पार्टी से निष्कासित किया जाता है।मंगलवार दोपहर 1 बजे के करीब विधायक सुभाष पासी बाकायदा भाजपा में शामिल हो गए। उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह और दिनेश लाल यादव निरहुआ की मौजूदगी में पार्टी में शामिल कराया जाएगा। स्वतंत्र देव सिंह ने पार्टी का दुपट्टा पहनाकर उन्हें भाजपा की सदस्यता दिलाई। इस मौके पर उनकी पत्नी रीना पासी भी भाजपा में





शामिल हो गईं। सपा सूत्रों के मुताबिक इससे पहले विधायक सुभाष पासी ने दिल्ली में गृह मंत्री अमित शाह और लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की थी। गौरतलब है कि कुछ दिन पहले ही समाजवादी पार्टी ने सुभाष पासी की पत्नी को सपा महिला सभा का राष्ट्रीय सचिव नियुक्त किया था। गाजीपुर की सैदपुर विधानसभा सीट जिले की एक मात्र ऐसी सीट है जहां से 1996 के बाद से कमल कभी खिला ही नहीं। बात अगर पिछले चार चुनावों की करें तो दो बार सपा और दो बार बसपा प्रत्याशी की यहां जीत हुई है। इस सीट पर आखिरी बार वर्ष 1996 में बीजेपी के टिकट पर महेंद्र नाथ जीते थे। इसके बाद 2002 और 2007 में बसपा के कैलाश नाथ सिंह और दीनानाथ पांडेय ने यहां जीत दर्ज की थी। 2012 और 2017 के विधानसभा चुनावों में सपा के टिकट पर सुभाष पासी ने जमकर साइकिल चलाई थी।

## उपचुनाव परिणाम 2021 | चुनाव आयोग का फैसला

# चुनाव आयोग ने नतीजों के बाद विजय जुलूस निकाले पर लगाई रोक

एजेंसी

**नई दिल्ली।** उपचुनाव के नतीजे घोषित होने से पहले चुनाव आयोग ने कहा कि मतगणना के बाद विजय जुलूस की अनुमति नहीं दी जाएगी।इसमें आगे कहा गया है कि जीतने वाले उम्मीदवार के साथ दो से अधिक व्यक्तियों को जाने की अनुमति नहीं होगी





या उसके अधिकृत प्रतिनिधि को संबंधित रिटर्निंग ऑफिसर से चुनाव का प्रमाण पत्र प्राप्त होगा।यह फैसला देश में कोरोना वायरस की स्थिति को देखते हुए आया है।30 अक्टूबर को तीन संसदीय क्षेत्रों और 29 विधानसभा क्षेत्रों में हुए उपचुनावों के नतीजे आज घोषित किए जाएंगे। फिलहाल इन सीटों पर मतगणना जारी है। ये हैं 3 संसदीय क्षेत्र, 29 विधानसभा क्षेत्रों में हुए थे उपचुनावः30 अक्टूबर को जिन तीन संसदीय क्षेत्रों में मतदान हुआ था, वे केंद्र शासित प्रदेश दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव, मध्य प्रदेश और हिमाचल प्रदेश में थे।आंध्र प्रदेश ने अपने बडवेल (एससी) निर्वाचन क्षेत्र में चुनाव किया।असम में पांच विधानसभा क्षेत्रों गोसाईगांव, भवानीपुर, तामूलपुर, मरियानी और थौरा में चुनाव हुए।बिहार में दो सीटों कुशेश्वर अस्थान (एससी) और तारापुर पर चुनाव हुए।हरियाणा में एलेनाबाद विधानसभा सीट पर मतदान हुआ।हिमाचल प्रदेश में फतेहपुर, अर्की और जुब्बल-कोटखाई की तीन सीटों पर मतदान हुआ।कर्नाटक में सिंदगी और हंगल नाम की दो सीटों पर मतदान हुआ।मध्य प्रदेश में पृथ्वीपुर, रायगांव (एससी), जोबट (एसटी) सीटों पर चुनाव हुए। महाराष्ट्र में देगलुर (एससी) सीट पर मतदान हुआ।मेघालय में मावरिंगकेंग (एसटी), मावफलांग (एसटी) और राजाबाला निर्वाचन क्षेत्रों के लिए विधानसभा उपचुनाव हुए।मिजोरम में तुइरियाल (एसटी) विधानसभा क्षेत्र में मतदान हुआ। नगालैंड में शामटोर-चेसोर (एसटी) विधानसभा सीट पर मतदान हुआ।राजस्थान में दो निर्वाचन क्षेत्रों वल्लभनगर और धारियावाड़ (एसटी) में मतदान हुआ। तेलंगाना में हुजूराबाद विधानसभा क्षेत्र में मतदान हुआ।पश्चिम बंगाल में दिनहाटा, शांतिपुर, खरदाहा और गोसाबा (एससी) विधानसभा सीटों पर 30 अक्टूबर को विधानसभा उपचुनाव के लिए मतदान हुआ था।

## संक्षिप्त समाचार

### स्वर्णिम विजय वर्ष 2021 गोल्डन जुबली मनाया जायेगा, विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे

**दुर्गेश नंदन मोहपात्रा**




सुदर्शन पटनायक ने पुरी बीच पर रेत कला के माध्यम से स्वर्णिम विजय वर्ष का स्वागत किया। स्वर्णिम विजय मशाल यात्रा ओडिशा में 20 अक्टूबर से 7 नवंबर के बीच आयोजित की जा रही है। विजय मशाल यात्रा के अवसर पर 5 नवंबर को पुरी के ब्लू फ्लैग बीच पर रेत कला के साथ विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सामंत चंद्रशेखर स्वयं शासित महाविद्यालय के परिसर में विजय मशाल का स्वागत किया जाएगा। उत्सव के लिए आवश्यक धन जिला प्रशासन द्वारा प्रदान किया जाएगा।

### दिवाली में खिल सकता है 'हरा पटाखा', ओडिशा हाई कोर्ट का अहम फैसला

**दीपाली दे**



ओडिशा उच्च न्यायालय ने इस वर्ष की दिवाली पर केवल पर्यावरण के अनुकूल पटाखों या हरित पटाखों को ही खिलने की अनुमति दी है। इससे राज्य के पटाखों को थोड़ी राहत मिली है। हरा पटाखा क्या है? पर्यावरण के अनुकूल पटाखे या हरे पटाखे अन्य आम पटाखों की तुलना में कम प्रदूषण करते हैं। ग्रीन पटाखा सीमित मात्रा में रसायनों (जैसे एल्यूमीनियम, बेरियम पोटेशियम नाइट्रेट) का उपयोग करके बनाया जाता है जो प्रदूषण और हानिकारक वाष्प का उत्सर्जन करते हैं। ग्रीन पटाखा 110 से 125 डेसिबल शब्दों का उत्पादन करता है जबकि एक सामान्य पटाखा लगभग 160 डेसिबल शब्दों का उत्पादन करता है। ग्रीन पटाखों के उत्पादन के लिए पटाखों को केंद्र सरकार की वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद से अनुमति लेनी होगी। राज्य सरकार ने कोरोना महामारी के चलते राज्य में पटाखों की बिक्री और विस्फोट पर रोक लगा दी थी. राज्य पटाखा संघ ने आपदा को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। इस मामले पर विचार करते हुए हाईकोर्ट ने सरकार के प्रतिबंध को कुछ उधम मचाने और सिर्फ हरा पटाखा फूंकने की इजाजत दे दी है. केवल पेट्रोलियम और विस्फोटक सुरक्षा संगठन (पेलो) को ही पर्यावरण के अनुकूल पटाखों को उड़ाने की अनुमति है।

### पुलिस ने ड्रोन कैमरे से की रुद्रपुर शहर की सुरक्षा व यातायात व्यवस्था की निगरानी

**साकिर खान**



दिवाली त्योहार के दौरान सुरक्षा व यातायात व्यवस्था की निगरानी के लिए पुलिस प्रशासन ने आज ड्रोन कैमरे का इस्तेमाल किया। ड्रोन कैमरे के माध्यम से रुद्रपुर शहर के बाजारों व आसपास के क्षेत्रों की फोटोग्राफी व वीडियोग्राफी की गयी। इससे यह पता लगाने की कोशिश की गई कि किस तरह बाज़ारों में भीड़ पर नियंत्रण व सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाया जा सकता है। ड्रोन कैमरे के माध्यम से सुरक्षा व्यवस्था के साथ-साथ यातायात व्यवस्था पर भी नजर रखी गयी। इसके अतिरिक्त ड्रोन कैमरे से पार्किंग स्थलों से लेकर प्रतिबंधित किए गए मार्गों पर भी नज़र रखी गयी।

### 29 अक्टूबर से जारी नगर निगम द्वारा रीयूज मेला का समापन 31 को किया गया




**देवराम ठाकुर**

विस्तृत जानकारी देते हुए सिटी मिशन मैनेजर दीप्ति शर्मा ने बताया कि अनुपयोगी वस्तु को उपयोग में कैसे लाया जाए इसके लिए बहुत सारे स्टाल लगाए गए जिसमें अपराजिता महिला संघ और अरुणोदय लोक सर्वेश्वरी लोक कल्याण समिति से प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर सोनल अलु दिया द्वारा स्व सहायता समूह ने भी स्टाल लगाए। जिसमें गोबर के आर्टिकल वाला एकता मेहता का एकता समूह था लकी समूह ने चमड़े का स्टॉल लगाया था भगवती समूह ने स्वादिष्ट मूंग भजिए व ब्रेड बड़े का स्टॉल तीन दिन लगाया भारती व संगीता द्वारा क्राफ्ट पेपर से बनी पेपर पेन और गुलदस्ते का स्टॉल लगाया गया। इस तरह के कई स्टॉल मेले में आयोजन के मुख्य रहे जिसमें सांसद शंकर लालवानी ,विधायिका मालिनी गौड़,नगर निगम कमिश्नर प्रतिभा पाल,पूर्व विधायक सुदर्शन गुप्ता की उपस्थिति दर्ज रही।

# जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न

**यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने तथा दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए सभी जरूरी प्रबंध सुनिश्चित किए जाएंगे- सांसद श्री लालवानी**

**देवराम ठाकुर**



सांसद श्री शंकर लालवानी की अध्यक्षता में आज यहां जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में कलेक्टर श्री मनीष सिंह, डीआईजी श्री मनीष कपूरिया, नगर निगम आयुक्त सुश्री प्रतिभा पाल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री हिमांशु चंद्र, अपर कलेक्टर श्री पवन जैन, इंदौर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री विवेक श्रोत्रिय, पुलिस अधीक्षक श्री अरविंद तिवारी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अनिल पाटीदार, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्री जितेंद्र सिंह रघुवंशी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने के संबंध में चर्चा कर महत्वपूर्ण निर्णय लिए बैठक में सांसद श्री शंकर लालवानी ने कहा कि शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए तथा दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए सभी जरूरी प्रबंध सुनिश्चित किए जाएंगे। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे पर्याप्त बल, संसाधन और उपकरणों की आवश्यकता के संबंध में प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत करें, जिससे कि शासन को भेजा जा सके और आवश्यकताओं की पूर्ति हो सके। सांसद श्री लालवानी ने बताया कि राजेन्द्र नगर चौराह से अन्नपुर्णा जाने वाले मार्ग पर बने ब्रिज पर नागरिकों को असुविधा हो रही है। उन्हें बहुत दूर जाकर वापस अन्नपूर्णा की ओर आना पड़ता है। बैठक में तय किया गया कि आवाजाही को बेहतर बनाने के लिये पुल के डिवाइडर पर कट लगाया जायेगा। साथ ही सिग्नल भी लगाया जायेगा। बताया गया कि देवगुराड़िया पर बेतरतीब तरीके से रेत के ट्रक खड़े होते है। बैठक में श्री लालवानी ने कहा कि शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जाये। इसके लिये निरंतर अभियान चलाया जाये। शहर में आवश्यकता के अनुसार स्पीड़ ब्रेकर बनाने के निर्देश भी दिये गये। साथ ही निर्देश दिये गये कि राष्ट्रीय राजमार्ग और स्टेट हाइवे पर ऐसे ढ़ाबे जिन्होंने बीच रोड़ पर डिवाइडर पर कट लगा लिये है उनके विरूद्ध कार्रवाई की जाये। कलेक्टर श्री मनीष सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह यातायात को सुचारू बनाने के लिए तथा दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए चयनित किए गए ब्लैक स्पॉट पर जो भी आवश्यक कार्य हो उन्हें शीघ्र पूरा किया जाए। यातायात संबंधी कार्य को प्राथमिकता दी जाये। बैठक में बताया गया कि ट्रांसपोर्ट नगर, लौहा मण्डी, भंवरकुआ चौराहा, पंचकुईयां आदि क्षेत्रों में भारवाही वाहनों के माल को लोड और अन लोड करने के लिये समय का निर्धारण किया जायेगा। इसके लिये संबंधित क्षेत्र के व्यापारियों से चर्चा कर समय तय करने के निर्देश दिये गये। बैठक में बताया गया कि भंवरकुआ चौराहे पर लेफ्ट टर्न चौड़ा करने के संबंध में विश्वविद्यालय के साथ अंतिम दौर की चर्चा चल रही है। शीघ्र ही कार्य प्रारंभ कर दिया जायेगा। बैठक में बताया गया कि शहर चौराहों के ऐसे पेट्रोल पम्प जो यातायात में बाधक है, उन्हें हटाने की कार्रवाई की जायेगी। साथ ही राऊ गोल चौराहे पर यातायात सुचारू करने के लिये रोटरी की जगह सिग्नल लगाये जाने की संभावनाओं पर चर्चा की गई। बताया गया कि राष्ट्रीय राज मार्ग प्राधिकरण द्वारा के चौराहे पर ब्रिज बनाया जाना प्रस्तावित है। निर्देश दिये गये कि इस ब्रिज की डिजाइन के अनुसार रोटरी के संबंध में कार्रवाई की जाये। लवकुश चौराहे पर होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिये आवश्यक सुधार कार्य कराये जाने के निर्देश दिये गये।बैठक में कलेक्टर श्री मनीष सिंह ने निर्देश दिये कि रोड निर्माण कार्य के दौरान जहां सिग्नल हटा दिये गये थे, वहां पुनः सिग्नल लगाये जाये। कलेक्टर श्री मनीष सिंह ने निर्देश दिये कि इन ट्रकों को आवंटित स्थान पर ही खड़ा करवाया जाये। इधर-उधर रेत के ट्रक खड़े करने वालों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जाये।

**मध्य प्रदेश स्थापना दिवस**

## शासकीय कन्या हाई स्कूल में 65 वां प्रदेश जन्मोत्सव मनाया गया

**राजेंदर योगी**



**बागली।** बागली जनपद शिक्षा केंद्र अधिकारी नरेश प्रताप सिंह बीआरसी अर्जुन मालवीय तथा बुरहानुद्दीन बोरा जन शिक्षक नंदकिशोर वर्मा बहादुर सिंह भदौरिया मध्यप्रदेश स्थापना दिवस पर सामूहिक मध्य प्रदेश गान कर प्रदेश के जन्मउत्सव पर सभी क्षेत्र के विद्यालय को रंगारंग प्रस्तुतियां कार्यक्रम की दिशा निर्देश दिए। जिस के तत्वधान में 1 नवंबर को संस्था शासकीय कन्या हाई स्कूल बागली में मध्य प्रदेश स्थापना दिवस का आयोजन किया गया इस अवसर पर मध्य प्रदेश गान, ,,'सुख का दाता सब का साथी शुभ का यह संदेश है। मां की गोद पिता का आश्रय मेरा मध्यप्रदेश है विद्यालय में शिक्षकों व छात्राओं ने एक स्वर मैं प्रार्थना के साथ गया तत्पश्चात अध्ययनरत छात्राओं द्वारा रंगोली बनाई गई सभी ने उत्साह पूर्वक भाग लेकर सुंदर आकर्षित रंगोलियां सजाई इस प्रतियोगिता में रंगोलीओं का चयन कर छात्राओं को पुरस्कृत किया जाएगा ! साथ ही विद्यालय के शिक्षकों द्वारा मध्य प्रदेश स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में छात्राओं को जानकारी दी गई प्राचार्य व सभी शिक्षकों द्वारा छात्र छात्राओं को विस्तार से जानकारी दी गई 1 नवंबर 1956 को मध्यप्रदेश राज्य की स्थापना हुई थी आज 1 नवंबर 2021 को मध्य प्रदेश 65 वा जन्मोत्सव के रूप में मनाया गया ,इस अवसर पर संकुल प्राचार्य वासुदेव जोशी शिक्षिका सरोज जोहरी ,लता वर्मा ,श्रीमती निशा योगी ,शिक्षक अनिल सोलंकी ,मनीषा सोलंकी मनोहर मान्यधया जी ,महेश गोस्वामी समस्त स्टाफ उपस्थित रहे। विद्यालय में बच्चों और शिक्षकों में काफी उत्साह के साथ छात्राओं ने विद्यालय में हर्षोल्लास के साथ सभी को शुभकामना देते हुए मध्य प्रदेश स्थापना दिवस मनाया गया।

# रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़ कर लिया हिस्सा

**प्रतीक देशमुख**




**शाजापुर।** शाजापुर जिले के कालापीपल तहसील के ग्राम पोचानेर के सरस्वती शिशु मंदिर में कक्षा पहली से 10वी तक के विद्यार्थियों के बीच रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया विद्यार्थियों ने आकर्षक व प्रेरक रंगोली बनाकर कला का कौशल का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य ने कहा कि रंगोली हमारी संस्कृतिक विरासत है इसे आगे बढ़ाना हम सबकी जिम्मेदारी है प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में हिस्सा लिया ओर ₹सेव वाटर - सेव गर्ल₹ ओर कोविड -19 जैसे कई ज्वलंत विषयों पर आधारित आकर्षक व प्रेरक रंगोली बनाई। विद्यार्थियों में रंगोली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। सफल समुह को पुरुस्कार दिया जाएगा। साथ ही विद्यालय के शिक्षको ने कहा कि रंगोली शब्द सुनते ही दिल और दिमाक में रंगों की उमंगे हिलोरें लेने लगती है। ओर हमे हमारे वास्तविक रीति-रिवाजो से बांधे रखती है आधी काल से चल रही परंपरा कायम है। पहले विभिन्न रंगों से रंगोली सजाई जाती थी लेकिन लोग आज कल रेडीमेड रंगोली लाकर घरों को सजा रहे है। साथ ही विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा मिट्टी के दीपक को भी बढ़ावा दिया गया। आओ हम सब मिलकर इस बार दीपावली पर मिट्टी से निर्मित दीपक जलाकर हमारी पुरानी संस्कृति को पुर्नजीवित करे।विद्यार्थियों के बीच रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़ कर लिया हिस्सा।

# धूमधाम से मनाई गई लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती

**ब्रिज कुमार राठौर**



शाजापुर जिले के कालापीपल तहसील के ग्राम खोकरा कला में लोहा पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई उपसरपंच राजू पाटीदार ने बताया कि ग्राम खोकरा कला में अखंड भारत के रचयिता लोहा पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 146 वी जयंती के उपलक्ष्य में मणि बस स्टैंड पर भव्य कार्यक्रम रखा गया। जिसमें सुबह 9:30 बजे ढोल नगाड़े वा बैंड घोड़े के साथ बस स्टैंड से होकर मेन मार्केट राजपूत मोहल्ला भेरू जी गोहै व लाल दरवाजे से होकर मणि बस स्टैंड तक नाचते व जयकारा लगाते हुए भव्य चल समारोह निकाला गया इसके पश्चात कार्यक्रम का संचालक सरपंच रामेश्वर पाटीदार द्वारा किया गया वा कार्यक्रमों की अध्यक्षता रामेश्वर बारोड द्वारा की गई। वा क्षेत्रीय विधायक कुणाल चौधरी वा पाटीदार समाज के सभी वरिष्ठ जन द्वारा सरदार वल्लभभाई पटेल व भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चना की गई इसके पश्चात कार्यक्रम के अध्यक्ष रामेश्वर बारोड का स्वागत आयुष पाटीदार द्वारा किया गया क्षेत्रीय विधायक कुणाल चौधरी का स्वागत मोहन पाटीदार द्वारा किया गया। पाटीदार समाज की महिला संगठन जिला अध्यक्ष कल्पना जी का स्वागत मोना पाटीदार द्वारा किया गया क्षेत्रीय विधायक कुणाल चौधरी जी द्वारा भी सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन के बारे में बताए गए कहां गया कि आप लोहा पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के वंशज हो जिन्होंने अखंड भारत एक भारत बनाने के सपनों को साकार किया व पूर्व विधायक फूल सिंह जी मेवाड़ा द्वारा भी उद्बोधन में कहा गया कि माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा लोहा पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की पूरे विश्व की सबसे ऊंची प्रतिमा बनाई जा रही लोह पुरुष द्वारा पूरे देश को एक सूत्र में बांधने का कार्य किया है।

# मिट्टी की खदान धंसने से युवक की मौत, तीन महिलाएं घायल



**राजेंदर योगी**

**देवास।** बागली- ग्रामीण अंचलों में आगामी त्यौहार दिवाली पर घरों की छपाई और रंगाई पुताई के लिए चिकनी और पीली मिट्टी की आवश्यकता होती है ग्राम आगरा खुर्द के पास जंगल में पीली मिट्टी की खदान पर ग्रामीण रविवार को बैलगाड़ी से एक युवक और 3 महिलाएं मिट्टी निकालने गए यह चारों मिट्टी निकाल रहे थे। तभी साफ मिट्टी लेने के लिए खदान के अंदर चले गए अचानक खदान धंसने से यह मिट्टी के नीचे चारों दब गए। चिल्ला चोट की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण खदान पर पहुंचे ग्रामीणों की मदद से मिट्टी हटाई गई इस दौरान पानकुआं निवासी 35 वर्षीय सुरेश पिता शंकर की मौके पर ही मौत हो गई। तथा राधाबाई हीराबाई और भूरी बाई गंभीर रूप से घायल हो गए घटना की सूचना हंड्रेड डायल को दी गई थी लेकिन हंड्रेड डायल पहुंचने से पहले ही घायल महिलाओं को निजी वाहन से बागली सरकारी अस्पताल ले गए। प्राथमिक उपचार के बाद महिलाओं को देवास स्थित जिला अस्पताल रेफर किया गया इस मौके पर हंड्रेड डायल देर से पहुंची ग्रामीणों ने नाराजगी भी देखी गई घटना की जानकारी पर उदय नगर थाना पुलिस व तहसीलदार अलका उईके घटनास्थल पर पहुंची मामले को जांच में लिया और मर्ग कायम कर जांच की जा रही है। इस हादसे में कांग्रेस नेता कमल वास्केल और ग्रामीणों ने इस हादसे की निंदा की और कहां गांव में लकड़ी के कच्चे मकान होते हैं जिन पर छपाई और लिपाई मिट्टी द्वारा की जाती है तो गांव में त्योहारों के चलते यह लोग गए थे और यह हादसा हो गया शासन प्रशासन से पीड़ितों को उचित न्याय दिलआया जाए इस दुख की घड़ी में परिवार की मदद की जाए। क्षेत्रीय विधायक पहाड़सिंह कनौजे*ने बताया कि संबल योजना के तहत मृतक के परिवार को 4 लाख की सहायता तथा घायलों के लिए भी आर्थिक मदद दी जाएगी की इलाज के लिए उचित व्यवस्था ,करवाई गई घायल महिलाओं में दो स्वस्थ हो गई हैं एक गंभीर है।

## लखेश्वर बघेल ने महारानी अस्पताल में हमर लैब का किया शुभारंभ



**सईद फराज अली**

**जगदलपुर।** बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री लखेश्वर बघेल ने महारानी अस्पताल में सोमवार को हमर लैब का शुभारंभ किया। इस अवसर पर महापौर श्रीमती सफीरा साहू, नगर निगम अध्यक्ष श्रीमती कविता साहू, कलेक्टर श्री रजत बंसल, अपर कलेक्टर श्री अरविंद एक्का, सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक डॉ संजय प्रसाद सहित जनप्रतिनिधिगण एवं महारानी अस्पताल के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।इस अवसर पर सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक डॉ संजय प्रसाद ने बताया कि हमर लैब एक इन्टीग्रेटेड हेल्थ लैब होगी, जहाँ जॉच से संबंधित समस्त संसाधनों का उपयोग एक स्थान पर करते हुये गुणवत्तापूर्ण जांच सेवाएं मरीजों को उपलब्ध करायी जाएगी।

हमर लैब में क्लीनिकल पैथालॉजी, हिमेटोलॉजी, सीरोलॉजी, बायोकेमेस्ट्री एवं माईक्रोबायोलॉजी अंतर्गत 114 विभिन्न प्रकार की जांच सेवाएं मरीजों को उपलब्ध करायी जाएंगी। वर्तमान में हेमेटोलॉजी और क्लीनिकल पैथालॉजी की 13-13 जाँच, बायोकेमेस्ट्री की 42 जांच, सीरोलॉजी की 8 जांच और माईक्रोबायोलॉजी की 2 जांच सुविधाएं हमर लैब में दी जा रही है। शेष 36 जांच सुविधाएं भी यहां शीघ्र प्रारंभ की जाएंगी।



## संक्षिप्त समाचार

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आगमन को लेकर तैयारियां हुई तेज



**बदायूं/सहसवान।** 9 नवंबर को माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आगमन को लेकर आज डीएम व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संभावित दौरे को दृष्टिगत रखते हुए हेलीपैड सहित अन्य व्यवस्थाओं को लेकर अंसारीया स्कूल एवं नगर पालिका इंटर कॉलेज व संस्कृत महाविद्यालय की फील्ड का जायजा लिया और व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के लिए समस्त स्टाफ को निर्देश दिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आगमन को लेकर तैयारियां तेजी के साथ शुरू कर दी हैं। वहीँ डीएम दीपा रंजन ने निर्देश कर अधिकारियों एवं कर्मचारियों के समस्त प्रकार के अवकाश निरस्त कर दिए हैं।

### उत्तर प्रदेश में धूमधाम से मनाया जा रहा है दीपावली का त्यौहार



**राम नारायण पाल**

कोरोना के कहर से थोड़ा निजात मिलने के 2 साल बाद एक बार फिर से पूरे हर्षोल्लास के साथ दीपावली का त्यौहार मनाया जा रहा है। प्रयागराज के बरौत हँडिया सैदाबाद समेत अन्य स्थानों पर मिठाई पटाखे और मूर्तियों कैलेंडर की दुकानें सजाई गई है। बरौत के धोबहाँ रोड के दुकानदारों से बातचीत के दौरान बताया कि पिछली बार की अपेक्षा अब से थोड़ा सुधार हो रहा है। महंगाई बढ़ने के कारण ग्राहकों में इतना उत्साह नहीं दिखा। बाजारों में रौनक दिखाई दी। इस दौरान ज्यादा भीड़-भाड़ न हो इसको लेकर प्रशासन प्रशासन पूरी तरह से शतर्क दिखाई दी। इस दौरान तमाम व्यापारीगण मेवा लाल पाल, लक्ष्मण पाल, विजय कुमार बिंद, रामप्यारे पाल, संगम लाल आदि लोग अपने दुकानों को सजा कर रखे हैं।

### हरियाणा आजीविका मिशन फतेहाबाद से सामने आ रहे हैं भ्रष्टाचार के आरोप




**सुशील कुमार**

गरीबी उन्मूलन प्रोजेक्ट को बनाया जा रहा अमीरी उन्मूलन, आरबीआई द्वारा जारी परिपत्र दिन दयाल उपाध्याय योजना एनआरअलएम के मुताबिक नहीं किया जा रहा कार्य, स्वयं सहायता समूह में नहीं हो रहा नियमो का सही प्रयोग। आरटीआई और शिकायतो में हरियाणा आजीविका मिशन विभाग कर रहा है गुमराह, मामले को लेकर सूचना आयोग हुआ सख्त, अधिकारियों कर्मचारियों को बुलाने पर भी नहीं पहुंच रहे सूचना आयोग। काफी शिकायते बिना संज्ञान लिए पडी है अभी भी उच्च अधिकारियों के पास अधूरी। रिपोर्ट के अनुसार जिला प्रोग्राम मैनेजर फतेहाबाद रन विजय सिंह से सीईओ (हरियाणा आजीविका मिशन हरियाणा) अमरिंदर कौर ने भ्रष्टाचार मामले मे संज्ञान लेते हुए चार्जशीट डीपीएम सतबीर सिंह को सौंप दिया और जांच शुरू कर दी है।

#### दिवाली से पहले दिल्ली में आसमान साफ, 'बेहद खराब' श्रेणी में बनी हुई है हवा की गुणवत्ता

# दिल्ली में हवा की गुणवत्ता खराब

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने कहा कि दिल्ली में बुधवार को सुबह धुंध के साथ आसमान साफ रहने की संभावना है। हालांकि दिवाली से एक दिन पहले हवा की गुणवत्ता बहुत खराब श्रेणी में बनी हुई है। बुधवार को न्यूनतम तापमान 14 और अधिकतम 30 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। मंगलवार को न्यूनतम तापमान सामान्य से एक डिग्री कम 14.5 और अधिकतम 29.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

आईएमडी ने कहा कि गुरुवार को भी आसमान साफ रहने की उम्मीद है जो शुक्रवार से कम से कम चार दिनों तक आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार, बुधवार सुबह 8 बजे प्रति घंटा वायु गुणवत्ता सूचकांक (AQI) 302 था। मंगलवार को 24 घंटे का औसत एक्यूआई 'बेहद खराब' श्रेणी में 303 था।शून्य और 50 के बीच



एक्यूआई को अच्छा, 51 और 100 संतोषजनक, 101 और 200 मध्यम, 201 और 300 खराब, 301 और 400 बहुत खराब और 401 और 500 गंभीर माना जाता है। केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के सिस्टम ऑफ एयर क्वालिटी एंड वेदर फोरकास्टिंग एंड रिसर्च (सफर) ने मंगलवार को कहा कि दिल्ली की कुल वायु गुणवत्ता बहुत खराब श्रेणी के निचले छोर पर है।गुणवत्ता में सुधार की उम्मीद थी, लेकिन बुधवार तक खराब श्रेणी के ऊपरी हिस्से में बनी रहेगी। प्रतिकूल हवा की दिशा के कारण आग की उच्च संख्या के बावजूद, पराली से संबंधित उत्सर्जन मामूली (<10%) रहेगा। पराली जलाने के उत्सर्जन का हिस्सा सिर्फ 6% है।उत्तर-पश्चिम से दिल्ली पहुंचने वाली हवाओं के कारण एक्यूआई में स्टबल बर्निंग प्रेरित प्रभाव 4 नवंबर से काफी बढ़ने की उम्मीद है, जहां बड़े पैमाने पर जलने वाले हॉट स्पॉट की उम्मीद है।सफर ने कहा कि दिवाली (गुरुवार) को हवा की गुणवत्ता पटाखों पर प्रतिबंध के पालन की सीमा पर भी निर्भर करेगी। शून्य पटाखा उत्सर्जन परिदृश्य के तहत, 4-6 नवंबर के दौरान PM2.5 का स्तर बहुत खराब के ऊपरी छोर पर होने का अनुमान है। हालांकि, अगर हम 2019 के 50% अतिरिक्त पटाखों से संबंधित उत्सर्जन पर विचार करते हैं, तो एक्यूआई को 4 नवंबर की रात से गंभीर श्रेणी में गिरावट का अनुमान है और 5 नवंबर तक गंभीर रहेगा।

उन्होंने कहा, "6 नवंबर को इसमें थोड़ा सुधार होने की भविष्यवाणी की गई है, लेकिन हाई-एंड ऑफ वेरी पुअर से गंभीर रेंज के बीच उतार-चढ़ाव होगा। यह मुख्य रूप से सभी महत्वपूर्ण कारकों के संयोग के कारण है, जिसमें 5 नवंबर को PM2.5 का शिखर 300 Ug/M3 को पार कर गया था।"दिल्ली के PM2.5 में पराली की आग का हिस्सा 4 नवंबर से 6 नवंबर तक 20-40% के बीच होने की उम्मीद है, अगर इसकी गिनती पिछले साल के समान मानी जाती है।

## राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस का आयोजन किया गया

**संजय कसेरा**




**रतलाम।** आयुष विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग रतलाम द्वारा जिला आयुष कार्यालय रतलाम में आज़ादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत धन्वंतरि जयंती एवं छठवे राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस मनाया गया।

पोषण के लिए आयुर्वेद के अंतर्गत कुपोषित बच्चों हेतु निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मौजूद सभी ने जिले से कुपोषण खत्म करने का संकल्प लिया। भगवान धन्वंतरि के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित करते हुए अतिथिःशासकीय आयुष औषधालय हतनारा के प्रभारी अनिल मेहता ने हर मुद्दा को बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ सहायक महिला एवं बाल विकास अधिकारी अंकिता पंड्या एवं जिला आयुष अधिकारी डॉ. बलराज सिंह चौहान द्वारा भगवान धन्वंतरि के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। जिला चिकित्सालय के आयुर्वेद विशेषज्ञ डॉ. आर पी द्विवेदी विशेष रूप से मौजूद थे। महिला बाल विकास अधिकारी एवं जिला आयुष अधिकारी के निर्देश पर जिले से कुपोषण को ख़त्म करने का संकल्प लिया। डॉ. रमेश कटारा एवं डॉ. रागिनी शर्मा द्वारा कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया गया। डॉ. इंतेखाब मंसूरी द्वारा कुपोषित बच्चों का स्वस्थ्य परीक्षण कर दवाइयां दी गई संचालन डॉ. कटारा ने किया।

## सपा मनाएगी 'लखीमपुर किसान स्मृति दिवस

**अज़ीम खान**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी ने लखीमपुर खीरी मामले में 'भाजपा की क्रूरता' के बारे में लोगों को याद दिलाने के लिए हर महीने की तीन तारीख को 'लखीमपुर किसान स्मृति दिवस' मनाने का आह्वान किया है। समाजवादी पार्टी ने मंगलवार को एक ट्वीट में कहा कि उत्तर प्रदेश के समस्त निवासियों, किसानों के शुभचिंतकों और सपा तथा अन्य सहयोगी दलों से अपील है कि अब से हर महीने की तीन तारीख को लखीमपुर किसान स्मृति दिवस मनाए और लोगों को भाजपा की क्रूरता की याद दिलाएं. तीन नवंबर को सब किसान स्मृति दीप जलाएं और अन्नदाताओं का मान बढ़ाएं।लखीमपुर खीरी हिंसा में कुल 8 लोगों की



मौतगौरतलब है कि तीन अक्टूबर को लखीमपुर खीरी के तिकोनिया इलाके में हुई हिंसा में चार किसानों समेत आठ लोगों की मौत हुई थी इस मामले में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा के बेटे आशीष मिश्रा को हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया गया हैइस वारदात के बाद विपक्षी दलों ने भाजपा पर जमकर हमला किया वे इस मामले में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री की बर्खास्तगी की मांग कर रहे हैं ताकि मामले की निष्पक्ष जांच हो सके।

#### पुलिस की मौजूदगी में चोरों ने दिया घटना को अंजाम

## सिसवान में चोर मस्त, पुलिस पस्त

**एनसीआर समाचार**

**बदायूं/सहसवान।** नगर सहसवान के मुख्य चौराहा बाजार विल्सनगंज स्थित ऋषि पाल की दुकान पर आज चोरों ने अंजाम देकर उनकी आज की दुकानदारी की गई जो चोरों ने चुरा ली। बताते चलें नगर सहसवान में एक ही मुख्य चौराहा है जो बाजार विल्सनगंज पर स्थित है यहां पर कोतवाली पुलिस के सिपाही एवं होमगार्डों की ड्यूटी दिनों रात रहती है, मात्र दो कदम दूरी पर ही सिपाही एवं होमगार्ड बैठते हैं बरहाल जो नजारा सीसीटीवी कैमरे में कैद है उससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि सहसवान पुलिस के पुलिस जवान किस तरह ड्यूटी को अंजाम दे रहे हैं जबकि पूरी तरह चार



पहिया वाहन एवं ई रिक्शा आदि पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध है। मात्र ग्राहक एवं आमजन की चहल-पहल है उसके बावजूद स्वर्गीय ऋषि पाल की दुकान से लगभग आज की दुकानदारी के लगभग ₹15000 की गुल्लक चुराकर चोर ले गए आखिर कहां थी सहसवान पुलिस मजेदार बात यह है। घटना कुछ भी हो जाए उसको सहसवान के पुलिसकर्मी छुपाने में ज्यादा ध्यान देते हैं जबकि बदायूं जनपद में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का 9 नवंबर को दौरा है उसके बावजूद भी पुलिस इतनी सुस्त क्यों दिखाई दे रही है इसका लाइव सीसीटीवी कैमरे द्वारा कैद की हुई फोटो फुटेज देख ले।

## स्टेट आर्काइव बीकानेर में रखा है 8 अप्रैल 1667 में जारी पटाखे बैन का आदेश

**एनसीआर समाचार**

**बीकानेर।** पटाखों और आतिशबाजी से होने वाले एयर पॉल्यूशन और कोरोना मरीजों की दिक्कत का हवाला देकर पिछले दो बार से सरकार दिवाली पर पटाखों पर बैन लगाती आ रही है। इस बार केवल रात आठ बजे से 10 बजे तक ग्रीन पटाखे चलाने की ही अनुमति है। पटाखों पर रोक का इतिहास पुराना है। अब 350 साल पहले मुगल शासक औरंगजेब के समय में पटाखों और आतिशबाजी पर लगी रोक का आदेश



चर्चा में है। बीकानेर के स्टेट आर्काइव में 8 अप्रैल 1667 में जारी औरंगजेब के समय का आदेश आज भी सुरक्षित रखा हुआ है। औरंगजेब के समय 8 अप्रैल 1667 में जारी इस आदेश में पटाखों और आतिशबाजी पर सभी प्रदेशों में रोक लगाने का जिक्र है। आदेश में लिखा है- बादशाह के सूबों के अफसरों को लिख दीजिए कि वे आतिशबाजी पर रोक लगा दें। शहर में भी घोषणा कर दें कि कोई आतिशबाजी न करें। इस आदेश में किसी त्यौहार का जिक्र नहीं है। औरंगजेब के समय इस आदेश में किसी समय सीमा का भी जिक्र नहीं है। इस आदेश के हिसाब से लंबे समय तक आतिशबाजी पर रोक लगाई गई थी। स्टेट आर्काइव के निदेशक बोले- औरंगजेब के समय पटाखों पर बैन का आदेश आर्काइव में है राजस्थान स्टेट आर्काइव के निदेशक महेंद्र सिंह खड़गावत ने भास्कर से कहा- औरंगजेब के समय आतिशबाजी पर प्रतिबंध लगाया गया था। अप्रैल 1667 का औरंगजेब के समय का लेटर आर्काइव में हमारे पास सुरक्षित है। उस लेटर में दिवाली का जिक्र नहीं है, लेकिन वह लेटर सही है। रिटायर्ड आईएएस और आरसीएस के पूर्व अध्यक्ष संजय दीक्षित ने बीकानेर आर्काइव में रखे औरंगजेब के समय पटाखों पर बैन के लेटर का हवाला देकर तंज कसा है। दीक्षित ने ट्वीट किया- औरंगजेब की वापसी- औरंगजेब ने सबसे पहले दिवाली पर पटाखों पर पाबंदी लगाई। अब हमारे पास जजों और राजनेताओं के रूप में नए औरंगजेब हैं। कोर्ट के ओदश पर राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में किसी भी तरह के पटाखों पर बैन हैं। इस प्रतिबंध के दायरे में राजस्थान का अलवर और भरतपुर जिलों का बड़ा क्षेत्र आएगा। संजय दीक्षित ने इसी आदेश की तुलना औरंगजेब के समय से की है। आजादी से पहले 1908 में तत्कालीन बीकानेर स्टेट में बारूद, आतिशबाजी के उपयोग को लेकर भक से उड़ जाने वाले पदार्थों का एक्ट बनाया था। इस एक्ट में किसी को नुकसान पहुंचाने के लिए बारूद से धमाका करने पर 10 साल तक की सजा का प्रावधान किया गया था।

#### पहली रोबोटिक सर्जरी की शुरुआत

## राज्य में पहली रोबोटिक सर्जरी हुई शुरू, कटक शांति अस्पताल ने एक नया अध्याय जोड़ा




**दीपाली दे**

**कटक।** कटक के शांति मेमोरियल अस्पताल ने राज्य के चिकित्सा विज्ञान के इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ा है। अस्पताल की ओर से आज से रोबोटिक सर्जरी उपचार प्रणाली शुरू हो गई है जिससे राज्य का पहला अत्याधुनिक रोबोटिक सर्जरी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस कहा जाता है। रोबोटिक्स एसएक्स सिस्टम का उद्घाटन किया गया है, उत्कृष्टता केंद्र सीएसआर (ब्रिटेन)। जबकि रोबोटिक सर्जरी की कीमत लैप्रोस्कोपिक सर्जरी से थोड़ी अधिक है, शांति मेमोरियल अस्पताल में सर्जरी मेट्रो शहर के कीमत की हिसाब से एक तिहाई पर की जाएगी। मुख्य सर्जन और सीएमडी डॉक्टर श्रीजय पटनायक ने कहा कि प्रमाणित रोबोटिक सर्जन मान्यता प्राप्त करने के लिए उन्हें एक विशेष प्रशिक्षण में भाग लेना पड़ा। अस्पताल के चार सर्जनों को रोबोटिक सर्जन के रूप में मान्यता दी गई है इस पद्धति के विस्तार के साथ, सबसे सूक्ष्म चीजें उगाई जा सकती हैं जिससे डॉक्टर के लिए क्षेत्र की समस्याओं को हल करना आसान हो जाता है। अस्पताल के निदेशक हैं डॉ सी आर दास। हाला की ईएनटी सर्जन डॉ दीप्तिमान बलियार सिंह ने कहा कि नाक, कान और थायरॉइड सर्जरी के दौरान यह विशेष रूप से सहायक होगा।




## संक्षिप्त समाचार

### रतलाम शहर के त्रिवेणी मुक्ती धाम पर नकर चौहदस पर अपने पूर्वजों की याद में दिपक जलाकर बनाई रंगोली




**संजय कसेरा**

वहां पर महिला पुरुष और बच्चे भी दिप लगाने आते हैं. क्षेत्री निवासी राजू जी माली का कहना है की यह आयोजन बहुत पुरानी परम्परा है पहले ईतनी संख्या में जनता नहीं आती थी, लेकिन अभी 15 साल से हम देख रहे हैं जनता जुड़ती ही जा रही है और कुछ परिवार तो ऐसे भी जो की सपरिवार आते हैं। राकेश पाटीदार (भारतीय जनता युवा मोर्चा उपाध्यक्ष) का कहना है पितरों की याद में दिपक जलाकर कर मन को बहुत शुकुन मिलता है, सुनील बैरागी का कहना कि मैं कई वर्षो से आ रहा है और यहाँ दिपक जलाने से मन की मुराद पूरी होती है।

### बाजारों में मंत्री जी का दौरा: राज्य शिक्षा मंत्री पहुंचे व्यापारियों से मिलने , त्योहारों पर बाजारों का किया दौरा



**ब्रज कुमार राठौर**

राज्य शिक्षा मंत्री ने दीपावली पर्व के 1 दिन पहले वह दीपावली के दिन शुजालपुर मंडी मार्केट का किया भ्रमण देखी व्यवस्थाएं व्यापारियों को दी शुभकामनाएं राज्य शिक्षा मंत्री लोगों के प्रति अच्छे मधुर संबंध और सेवा भाव के प्रति पहचान रखने वाले शिक्षा मंत्री परमार हर कदम आगे रहते हैं। त्योहारों पर लोगो से बात करते हुए दिखाई दिए शिक्षा मंत्री लोगो और व्यापारियों का जाना हाल मंत्री जी के साथ जिला उपाध्यक्ष विजय बेस आनंद परमार अभिनंदन जैन आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### नर्मदा नदी पर स्नान के लिए आने वाले श्रद्धालुओं का लगा रहा तांता



**सैयद फ़राज़ अली**

गुरुवार को अमावस्या पर नर्मदा नदी पर स्नान के लिए आने वाले नर्मदा तट अलीगंज, सांडिया और बगलबाड़ा में श्रद्धालुओं की संख्या काफी अधिक रही। सुबह से ही स्नान का सिलसिला शुरू हुआ जो शाम तक चला। बरेली के अलावा पिपरिया, बाड़ी और दूसरे शहरों से भी लोग नर्मदा स्नान के लिए नर्मदा तट पहुंचे। जम्मू वाले लाल बाबा बताते हैं कि अमावस्या पर स्नान, दान, श्राद्ध व्रत का विशेष महत्व है। इस दिन किए गए उपाय शुभ फल प्रदान करते हैं। हिंदू पंचांग के अनुसार प्रत्येक मास के शुक्ल पक्ष के अंत में अमावस्या तिथि आती है। इस प्रकार एक साल में 12 अमावस्या आती है। इन सभी में माघ मास में आने वाली अमावस्या बहुत ही विशेष मानी गई है। इसे मौनी अमावस्या कहा जाता है। इस दिन भूखे प्राणियों को भोजन कराने का भी विशेष महत्व है।

**आजादी का अमृत महोत्सव अंतर्गत विधिक प्राधिकरण द्वारा जनजाति जागरूकता शिविर किये जा रहे आयोजित**

# अनेकता में एकता भारत की विशेषता

**नूर मोहम्मद शेख**

बागली विधिक प्राधिकरण की सार्थक पहल जो जो देश की एकता और संप्रभूता में सहायक होकर ऊंच-नीच के भेदभाव को मिटाने के लिए के लिए बहुत ही उपयोगी साबित हो सकती है। राज्य विधिक प्राधिकरण के अध्यक्ष प्रभात कुमार मिश्रा के निर्देश अनुसार नगर परिषद बागली में आयोजित इस कार्यक्रम में समाज में फैले हुए आपसी मतभेद और ऊंच-नीच जाति धर्म संप्रदाय की दूरभावनाओं को समाप्त कर सभी संप्रदाय के मानव समूह को एक करना इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य था। इस मौके पर बागली न्यायालय की न्यायाधीश श्रीमती सुनैना श्रीवास्तव ने कहा हर धर्म संप्रदाय में कुछ लोग गलत हो सकते हैं लेकिन इन कुछ लोगों की वजह से वह सभी संप्रदाय दोषी नहीं हो सकते। हमें और हर समाज का प्रतिनिधित्व करने वाले जागरूक नागरिकों को समाज में दबे कुचले और पिछड़े लोगों को मुख्यधारा में लाना होगा उन्होंने कहा जिन लोगों को गरीबी और अन्य किसी वजह से वकील ना मिलने पर हम विधिक सहायता द्वारा उन्हें फ्री वकील मुहैया करवाते हैं उनकी उन वकीलों की फीस शासन भुगतान करता है। उन्होंने आगे अपने उद्बोधन में कहा यकीनन समाज में अन्य जातियों की उपेक्षा की जाती रही है तभी इस तरह के कानून के लिए सरकार को कदम उठाना पड़ा। उन्होंने आदिवासी और हरिजन एक्ट के बारे में भी महत्वपूर्ण जानकारियां दीइसी कार्यक्रम में प्रतीक श्रीवास्तव ने अपने विचार रखते हुए कहां हरिजन आदिवासी जनजाति विधिक सहायता हर व्यक्ति तक नहीं पहुंच पाती है। पर्याप्त जानकारी ना होने के कारण कई बार लोगों को न्याय ना मिलने कई बार लोगों को न्याय ना मिलने जैसी स्थिति का सामना करना पड़ता है। हमें यह जनकल्याणकारी योजनाएंऔर कानून की जानकारी कानून की व्यवस्थाएं हर नागरिक तक पहुंचाने की कोशिश करते रहना बहुत ही आवश्यक है। ताकि समाज के उपेक्षित लोगों को भी न्याय मिल सके। वहीं अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लोगों को भी मुख्यधारा में लाने के लिए हमें सतत प्रयासरत रहना होगा। वरिष्ठ अभिभाषक प्रवीण चौधरी ओर एडवोकेट महेंद्र पाटीदार ने भी राष्ट्रीय एकता अखंडता और सामाजिक समरता समानता पर अपने विचार रखेंवही विधिक सलाह और सहायता के लिए उन्होंने कानूनी जानकारीयो के बारे में उपस्थित लोगों को अवगत कराया। इस कार्यक्रम में मातृ शक्ति की माया चौधरी, शीला राठौर ,वारिस अली मुकेश गुर्जर,भी शामिल हुए कार्यक्रम का आभार कुणाल चौधरी ने माना इस आयोजन के अंत में नगर परिषद के सीएमओ मुरली राठौर स्वास्थ्य अधिकारी प्रमोद शर्मा द्वारा दीप प्रज्वलित करने के लिए आए हुए अतिथियों सहित इस कार्यक्रम में सम्मिलित होने आए सभी लोगो को हाथों के बने हुए सिकोरे और मिठाई वितरित की गई।



# यमुना एक्सप्रेस-वे पर भयानक सड़क हादसा, 5 लोगों की मौत, कई घायल



**एनसीआर समाचार**

**मथुरा।** मथुरा-यमुना एक्सप्रेस-वे पर शुक्रवार सुबह हुए सड़क हादसे में चार से अधिक लोगों की मौत हो गई है। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना एक कार और एक निजी बस के बीच टक्कर के कारण हुई, जब बस आगरा से नोएडा जा रही थी। घटना थाना नौहझील क्षेत्र में माइल स्टोन 70 के समीप की है। पुलिस ने बताया कि बस चालक सो गया था और तेज रफ्तार बस बेकाबू होकर फेंसिंग तोड़ती हुई इंडिवर कार में घुसी। मरने वालों में चार कार सवार और बस चालक शामिल है। पुलिस और एक्सप्रेस-वे के सुरक्षाकर्मी मौके पर पहुंच गए हैं। मथुरा के एसपी देहात श्रीशचंद ने बताया कि खाली बस आगरा से नोएडा जा रही थी। चालक को झपकी आने से बेकाबू हुई बस नोएडा से आगरा की साइड पर पहुंचकर कार से टकराकर पलट गई। कार में सवार चार लोगों की मौत हुई है। कार सवार गाजियाबाद से आ रहे थे। बस चालक की पहचान बलवंत सिंह निवासी पठानकोट (पंजाब) के रूप में हुई है। कार सवार लोगों की पहचान अभी नहीं हो सकी है। हादसे के बाद यमुना एक्सप्रेसवे की एक साइड पर जाम लग गया। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को क्रेन से हटवाया।

# दुष्कर्म मामले एक एसएचओ गिरफ्तार, पूछताछ जारी



**मोहम्हद वाहिद**

**इटावा।** इटावा से एक हैरान करने वाली खबर सामने आई है जिसमे दुष्कर्म मामले एक एसएचओ पर पीड़िता से दुष्कर्म करने का है मामला सामने आया है। पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में एसएचओ को इटावा पुलिस ने महोबा पहुंचकर आरोपी इंस्पेक्टर को किया। गिरफ्तार इटावा जनपद के भरेह थाना क्षेत्र की पीड़िता की तहरीर पर दर्ज मुकदमें पर हुई। कार्रवाई इटावा के भरेह थाना क्षेत्र में पूर्व में तैनात रहने के दौरान पीड़िता से दुष्कर्म करने का है मामला कुलपहाड़ कोतवाली में तैनात इंस्पेक्टर महेंद्र प्रताप सिंह की इटावा पुलिस ने की गिरफ्तारी पुलिस कर रही है पीड़िता के बयानों के आधारों पर हो रही है आगे की पूछताछ।

# भाजपा सांसद की बेरोजगार शराबी टिप्पणी से नाराज किसानों ने किया प्रदर्शन, कार पर किया पथराव

**एनसीआर समाचार**

**हिसार।** नारनौंद शहर में एक धर्मशाला (सराय) का उद्घाटन करने पहुंचे भाजपा के राज्यसभा सदस्य रामचंद्र जांगड़ा को हरियाणा के हिसार जिले में किसानों के एक समूह द्वारा नारेबाजी और काले झंडों का सामना करना पड़ा। पुलिस और किसानों के बीच हुई मारपीट में उनकी कार का शीशा भी टूट गया। किसान मौके पर पहुंचे और विवादित कृषि कानूनों के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराने के लिए काले झंडे लहराए। उन्होंने भाजपा सरकार के खिलाफ नारे भी लगाए। भारी पुलिस सुरक्षा तैनात की गई थी, पुलिस के साथ भी झड़प की घटनाएं हुई थीं। पुलिस ने किसानों को रोकने के लिए इलाके में जमकर बैरिकेडिंग की थी, लेकिन भारी भीड़ को नियंत्रित नहीं कर पाई। किसानों ने कार्यक्रम स्थल में अपना रास्ता बना लिया और सरकार और स्थानीय प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। सांसद को कल रोहतक में भी इसी तरह के विरोध का सामना करना पड़ा था, जहां वह एक गोशाला में दिवाली कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। घटना के बाद प्रदर्शन कर रहे किसानों पर उनकी टिप्पणी से लगता है कि हिसार में विरोध शुरू हो गया है। उन्होंने उन्हें बेरोजगार शराबी कहा था और जोर देकर कहा था कि विरोध करने वालों में से कोई भी किसान नहीं है। वह एक वीडियो में कहते हुए देखे जा सकते हैं, जिसको किसानों द्वारा प्रसारित किया गया, ₹कृषि कानूनों का कोई विरोध नहीं है। विरोध करने वाले गांवों के बेरोजगार शराबी हैं। वे बुरे तत्व हैं, जो इस तरह की चीजें करते रहते हैं। हाल ही में सिंघू बॉर्डर पर कुछ निहंगों द्वारा एक निर्दोष व्यक्ति की हत्या ने इन बुरे तत्वों को लोगों के सामने उजागर कर दिया है। वे किसान नहीं हैं, केवल बुरे तत्व हैं जिनका अब आम लोग भी विरोध कर रहे हैं। मैं नियमित रूप से दिल्ली जाता रहता हूं और देखता हूं कि ज्यादातर टेंट खाली हैं। यह समस्या बहुत जल्द हल हो जाएगी।''उन्होंने एक भाषण भी दिया था, जहां उन्होंने लोगों से किसानों से सख्ती से निपटने, उन्हें समझाने और विरोध करने से रोकने की अपील की थी।




# विधिक सेवा समिति बागली के बैनर तले मनाया गया अमृत उत्सव कार्यक्रम

**राजेंद्र योगी**

**देवास।** मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार दिनांक 2 अक्टूबर 2021 से 14 नवंबर 2021 तक अमृत उत्सव को मनाने का कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया है इसी तारतम्य में बागली तहसील विधि सेवा समिति के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष प्रभातमिश्रा के निर्देशन अनुसार कार्यक्रम की शुरुआत की गई। अध्यक्षता में बागली सत्र न्यायाधीश श्रीमती सुनयना श्रीवास्तव तहसील विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष श्री राजकुमार यादव तथा अधिवक्ता मुकेश गुर्जर, एडीओपी श्रीवास्तव साहब के अध्यक्षता में संपन्न हुआ। नगर परिषद बागली में जागरूकता के तहत अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति के और मतभेद के संबंध में जानकारी व कानून के क्या मायने क्या उपाय आम नागरिकों के बीच संवाद देते हुए एडीओपी श्रीवास्तव साहब ने कहा अनुसूचित जाति अनुसूचित अधिनियम अत्याचार निवारण अधिनियम1989 अधिनियम पर प्रकाश डाल साथ ही छुआछूत आदि बिंदुओं पर समाज में फैल रही कुरीतियों को समझने की आवश्यकता है। आज समय बदल चुका है छोटी मोटी बातों को ध्यान में ना लेते हुए संगठित समाज में एकजुटता पर ध्यान देना चाहिए इसके संबंध में यह कार्यक्रम आप लोगों के बीच रखा गया है।

]कार्यक्रम के दौरान न्यायाधीश मैडम द्वारा सभी को दीपावली की शुभकामना देते हुए मिठाई और उपहार भेंट किया गया है ,कार्यक्रम मैं उपस्थित सीएमो मुरली राठौर प्रमोद शर्मा, वरिष्ठ अधिवक्ता प्रवीण चौधरी ,एडवोकेट श्रीराम पाटीदार आंगनवाड़ी कार्यकर्ता रेखा कारपेंटर श्रीमती माया चौधरी, शिक्षिका शीला राठौर ,दीपक उपाध्याय, गोविंद ,कालू ,मीडिया नूर मोहम्मद शेख पत्रकार राजेंद्र योगी, आदि सामाजिक संगठन नागरिक सहित नगर परिषद कर्मचारी मातृशक्ति सहित सभी उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन शिक्षक वारिस अली ने किया तथा ,आभार कुणाल चौधरी द्वारा किया गया।

# शिवानी पवार ने अंडर 23 अंतर्राष्ट्रीय महिला कुश्ती चैम्पियनशिप में फाइनल में बनाई जगह





**सयैद फराज अली**

छिंदवाड़ा के उमरेठ गांव की रहने वाली शिवानी पवार ने सर्बिया में चल रही अंडर 23 अंतर्राष्ट्रीय महिला कुश्ती चैम्पियनशिप में फाइनल में जगह बना ली है । बुधवार रात 50 किलो वजन वर्ग में सेमीफाइनल खेला गया। इसमें शिवानी ने रूस की मारिया त्यामरकोवा को पटखनी दी। खास है कि चैम्पियनशिप में भारत से 30 महिला खिलाड़ी शामिल हो रहे हैं जिसमें मध्यप्रदेश से एकमात्र खिलाड़ी शिवानी पवार हैं। फाइनल में जगह बनाने के बाद शिवानी को सिल्वर मैडल मिलना तय है । जानकारी के अनुसार सर्बिया में 1 नवंबर से 7 नवंबर तक अंडर 23 अंतर्राष्ट्रीय महिला कुश्ती चैम्पियनशिप का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में भारतीय महिला कुश्ती टीम की सदस्य शिवानी पवार ने 50 किलो वर्ग के पहले दौर में प्रतिद्वंदी बेलारूस की अनस्तसिया यानोतवा को पटखनी देकर क़्वाटर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल में यूक्रेन की पहलवान प्रोफातिलोवा को हराकर सेमीफाइनल में गईं। तीनों बहनें दंगल गर्ल्स शिवानी उमरेठ गांव के किसान नंदलाल पवार की बेटी है । नंदलाल की 3 बेटियां भारती पवार , शिवानी पवार और ऋतिका पवार और एक बेटा है। तीनों बहनों ने राष्ट्रीय कुश्ती स्पर्धा में कई बार प्रतिनिधित्व कर पदक हासिल किए हैं। अब ये तीनों बहनें दंगल गर्ल्स के नाम से चर्चित हैं। पहले भी बढ़ा चुकी हैं जिले का गौरव शिवानी ने लखनऊ में आयोजित जूनियर एशियन चैम्पियनशिप और जूनियर वर्ल्ड चैम्पियनशिप में भाग लिया। राष्ट्रीय स्तर की स्पर्धा में आठ बार शामिल हुई शिवानी ने एक गोल्ड, दो - दो रजत और कांस्य पदक जीता। उन्होंने सब जूनियर नेशनल चैंपियनशिप कुमारी 2013-14 में प्रतिनिधित्व किया।



## संक्षिप्त समाचार

### एमडीबीएम स्कूल के एक और छात्र का IIT-JEE के बाद अब NEET में चयन



**सैयद फ़राज़ अली**

तहसील उदयपुरा के एकमात्र इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी संस्थान एमडीबीएम हायर सेकेंडरी स्कूल के कक्षा बारहवीं (साइंस स्ट्रीम) के छात्र जॉय तिर्की ने NEET एंट्रेंस एग्जाम में सफलता प्राप्त की है। जॉय ने ऑल इंडिया रैंक 153105 एवं कैटिगरी रैंक 2200 प्राप्त कर अपने पालक व क्षेत्र का नाम रोशन किया किया है। जॉय की अर्जित रैंक को देखते हुए उसे मध्यप्रदेश के गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज मिलने की आशा बताई जा रही है। शाला द्वारा क्षेत्र को प्रदान किए गए एमबीबीएस डॉक्टर्स में जॉय 14वां डॉक्टर है। गौरतलब है कि शाला द्वारा क्षेत्र को प्रदान की गई उपलब्धियों में प्रतिवर्ष वृद्धि होती जा रही है शाला के कई छात्र-छात्राएं गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज, आईआईटी एनआईटी में शिक्षा अर्जित कर क्षेत्र को गौरवान्वित कर रहे हैं। जॉय तिर्की की इस अनुपम उपलब्धि पर समस्त स्टाफ ने उसे शुभकामनाएं दी एवं संस्थान के संचालक एवं प्राचार्य श्री विकास वर्मा ने जॉय के उज्जवल भविष्य की कामना कर उसकी सराहना की।

### हुए अलवर के नव निर्वाचित जिला प्रमुख बलबीर छिल्लर का किया गया स्वागत



**राजेश कुमार**

बलबीर छिल्लर जी निर्वाचित होने के बाद पहली बार मुंडावर दौरे में आए तो यहां मुंडावर में उनका भव्य स्वागत किया गया। सिव कॉम्प्लेक्स के श्री सुनील जी के द्वारा जिला प्रमुख के स्वागत की तैयारी की गई , जिसमे सभी दुकानदारों और ग्राम वासियों के द्वारा उनका स्वागत फूल माला और साफा पहना कर किया गया ।श्री बलबीर छिल्लर जी ने अपनी जीत का श्रेय सभी लोगो को दिया और कहा की अब आप किसी भी काम के लिए मुझे फोन कर सकते हैजिला प्रमुख ने कहा की मुंडावर में अब विकास होगा आप लोग कभी चिंता ना करे अब मुंडावर और पूरे जिले में विकास होगास्वागत करता श्री सुनील कुमार पवन यादव अंदीप यादव महेंद्र जी यादव राजेश कुमार पीआर यूनिफार्म आदि सभी लोग उपस्थित थे।

### दहेज प्रथा को खत्म करने की ली प्रतिज्ञा

**शत्रुधन कुमार साहू**

चन्दवारा प्रखंड में साहू समाज की प्रखण्ड लेबल पर चुनाव भी किया गया और लोगों के बीच मे मै विनोद कुमार साहू प्रदेश अध्यक्ष होने के नाते अपनी बात कमेटी के सभी जाने माने समाजसेवी और नेताओं के बीचों में दहेज प्रथा के बहिष्कार किया उन सभों ने हमारी बातों को बहुत ज्यादा गोर किए और मुझे माला से अभिवादन किया। और भलि भाटी बिसवास के बोले की हम लोगों ने मिलकर दहेज के विरोध करगें और दहेज प्रथा जेसी खुरापात बीमारी को झारखंड देश से निकलकर फेंक देने के काम हम सब मिलकर करेंगे तो साथियों मैं आप सभि जनता को बिस्वास के साथ बोलता हूँ। आप लोगों मदद चाहिए इत्यादि और मैं विनोद कुमार साहू दहेज मुक्त झारखंड सेवा संघ के प्रदेश अध्यक्ष हूँ।और फिर एक पद के जिम्मेदारी सौंपी गयी है चन्दवारा प्रखंड साहू समाज के प्रखंड उपाध्यक्ष महोदय के रूप मे पूरी साहू समाज मिलकर जिम्मेदार दिए हैं। आप सभी बांधों को विश्वास के साथ काम करने की कोशिश करूँगा।

## अंकुर अभियान में वॉलेंटियर्स कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे सीएम

# गोवर्धन पूजा केवल कर्मकाण्ड नहीं पर्यावरण-संरक्षण का संदेश है: मुख्यमंत्री श्री चौहान

**देवेन्द्र कुमार जैन**

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि गोवर्धन पूजा केवल कर्मकाण्ड नहीं है। इसका मतलब प्रकृति की पूजा , पर्यावरण बचाना, पेड़ लगाना और पेड़ों को कटने से रोकना है। उन्होंने कहा कि मैं कन्हैया को प्रणाम करता हूँ, जिन्होंने साढ़े 5 हजार साल पहले हमें मंत्र दिया था कि प्रकृति और पहाड़ों की पूजा करो, सही मायने में यही गोवर्धन पूजा है। धरती को अगर बचाना है तो अभी से सजग होना जरूरी है। मुख्यमंत्री श्री चौहान आज उज्जैन में गोवर्धन पूजा कर अंकुर अभियान में वॉलेंटियर्स कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव , सांसद श्री वी.डी.शर्मा और श्री अनिल फिराजिया उपस्थित थे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने महाकाल मंदिर में दर्शन कर विधिवत पूजा-अर्चना की और त्रिवेणी संग्रहालय के पास गोवर्धन पूजा के बाद पौध-रोपण भी किया।मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि आज बाबा केदारनाथ की पवित्र धरती से यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने जो उद्बोधन दिया है वह केवल भाषण मात्र नहीं बल्कि राष्ट्रीय पुनर्जागरण का महाअभियान है। कभी स्वामी विवेकानंद जी ने कहा था जो अंधे हैं वह देख नहीं सकते , जो बहरे हैं वह सुन नहीं सकते, लेकिन मैं स्पष्ट रूप से देख रहा हूँ कि महाविनाश का अंत निकट है। भारत माता एक बार फिर से अपने नेत्र खोल रही है। एक वैभवशाली, गौरवशाली, संपन्न और समृद्ध भारत का निर्माण होगा और 21वीं सदी भारत की होगी। पहले नरेंद्र स्वामी विवेकानंद ने जो कहा था, उसे आज दूसरे नरेंद्र पूरा कर रहे हैं।मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि



G-20 वाले देश तो अब कह रहे है इस दुनिया में हम परेशान है। धरती की सतह का तापमान बढ़ रहा है। आशंका है कि तापमान ऐसे ही बढ़ता रहा और कार्बन गैसों का उत्सर्जन होता रहा तो कई शहर कुछ बरसों के बाद पानी में समा जाएँगे और दुनिया में तबाही बढ़ेगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि हम सबको यह सोचना होगा कि इस धरती को जीवन के लिए सुरक्षित रहने देना है या नहीं, क्या इस धरती पर आने वाली पीढ़ियों का अधिकार नहीं है। यह हमारा दायित्व बनता है कि आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित धरती छोड़कर जाये। हमें धरती बचाने के अभियान में जुटना पड़ेगा। इसलिए प्रदेश में अंकुर अभियान प्रारंभ किया गया है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने गोवर्धन पूजा के दिन प्रदेशवासियों का आह्वान किया कि जीवन को सुरक्षित रखने के लिए पेड़ लगाने के साथ पेड़ों को बचाने के लिए भी अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं रोज एक पेड़ लगाता हूँ। आप यदि मेरी तरह प्रतिदिन पेड़ नहीं लगा सकते , तो विशेष अवसरों पर साल में एक पेड़ तो लगा ही सकते हैं। शादी की वर्षगाँठ, बेटा-बेटी के जन्म-दिन और माताजी-पिताजी की पुण्य-स्मृति पर पौधा लगाकर स्मृतियों को ताजा रखा जा सकता है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि शादी की वर्षगाँठ पर यदि पति-पत्नी दोनों मिलकर एक पेड़ लगाएँ तो वर्षगाँठ का आनंद कई गुना ज्यादा बढ़ जाएगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि अंकुर अभियान धरती को बचाने का पवित्र महाअभियान है। गोवर्धन पूजा का भी यही संदेश है। कृष्ण भगवान ने भी यही संदेश दिया कि.. ₹केवल पूजा मत करो, प्रकृति बचाओ, पेड़ बचाओ, पर्यावरण बचाओ₹।मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि हमारे मत्स्य पुराण में कहा गया है कि- दशकूपसमावापी दशवापी समो ह्रदः। दशह्रदसमः पुत्रो दशपत्रसमो द्रुमः॥ अर्थात 10 कुओं के बराबर एक बावड़ी होती है, 10 बावड़ियों के बराबर एक तालाब होता है, 10 तालाबों के बराबर एक पुत्र होता है और 10 पुत्रों के बराबर एक वृक्ष होता है। यह भारत का दुनिया को संदेश है। पर्यावरण का इससे बड़ा सम्मान और क्या हो सकता है। इसलिए मैं गोवर्धन पूजा के अवसर पर प्रदेश की साढ़े 8 करोड़ जनता से वृक्ष लगाने का आह्वान करता हूँ। उन्होंने कहा कि अगर बच्चों को छोड़ दिया जाए तो 5 करोड़ जनता तो पेड़ लगा ही सकती है।

### पटाखे से भीषण आग लगने से 2 ट्रॉली चारा जलकर राख, आग पर जल्द पा लिया काबू

**विक्रम रावत**



**अजमेर।** शहर के न्यू आरपीएससी के पीछे बंडिया ग्राम में सुवा सिंह के बाड़े के पास बच्चों द्वारा पटाखे छोड़ने पर भीषण आग लगने से 2 ट्रॉली चारा जलकर राख दमकल गाड़ी को फोन करने के बाद भी आधे घंटे के बाद आई उसके बाद आग पर काबू पाया गया। मोहल्ले के लोगों द्वारा मदद करके उस आग पर काबू पाया गया लेकिन खुशी की बात यह है कि कोई जनहानि नहीं हुई दमकल की एक गाड़ी ने एक घंटे की बड़ी मश्कत के बाद आग पर काबू पाया गया आग पर जल्द ही काबू पा लिया गया जिससे कोई बड़ी हानि नहीं हो सकी। आग लगने से चारा जलकर राख हो गया। आस पास के लोगो की मदद से आग पर काबू पा लिया गया।

### अन्नकूट प्रसाद में कढ़ी बाजरे की खिचड़ी, खीर, हलवा, पूरी का वितरण

**दयावान**

**रेवाड़ी।** क्षेत्र के निकटवर्ती गाँव गुडियानी में गोवर्धन पर्व पर अन्नकूट प्रसाद का वितरण किया गया । ग्रामीणों ने बताया कि सामुदायिक केंद्र में समस्त ग्रामवासियों की तरफ से कढ़ी बाजरे की खिचड़ी, खीर, हलवा, पूरी आदि का प्रसाद वितरित किया । यह कार्यक्रम काफी वर्षों से गुडियानी में चला आ रहा है । इसके अतिरिक्त गाँव में गुलाबराय मंदिर, श्याम मंदिर, नारायणदास मंदिर आदि में भी अन्नकूट के प्रसाद का वितरण किया गया । मंदिर में भगवान श्री कृष्ण को भोग लगाकर प्रसाद का




वितरित किया गया तथा भारी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया । इस अवसर पर समाजसेवी विजय गुडियानी, सूरजभान यादव, रविंद्र प्रधान, इंजीनियर उमेद अहरोदिया, विजय बंसल, त्रिलोकचंद बंसल, मुकेश गुप्ता, राकेश बंसल, कपिल राजौरा, सुरेश शर्मा, सुनील बंसल, सुरेश नम्बरदार, सुनील मीणा, श्याम नारंग, विनीत, विपिन, अनुराग, अंकुर, प्रिंस आदि उपस्थित थे । गौरतलब है कि अन्नकूट में श्री कृष्ण के बाल रूप की पूजा भी की जाती है।

### मिशन उत्तर प्रदेश: समाजवादी पार्टी अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ की आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर बैठक

**सर्जन कश्यप**

समाजवादी पार्टी अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष आनंद गिहार ने जनपद फर्रुखाबाद के पांचाल घाट सोता बहादुरपुर में अपने कार्यकर्ता पदाधिकारियों के साथ मिशन 2022 समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने के लिए तत्पर रहेंगे। उन्होंने कहा महिलाओं के साथ, नौजवानों दलितों, शोषित, पीड़ित, वंचितओं, पिछड़ों ,अल्पसंख्यकों सभी के वर्ग के लोगों के साथ अन्याय हो रहा है और इस अन्याय को अब हम बर्दाश्त



नहीं कर पाएंगे। भाजपा सरकार को उखाड़ फेंक एंगे अंतिम संकल्प अब यही है हमारा कार्यक्रम में उपस्थित विधानसभा अध्यक्ष ताहिर अली, जिला उपाध्यक्ष मोहित गौतम, जिला सचिव मंजेश जाटव, जिला सचिव मोनू कठेरिया, विधानसभा महासचिव सानू कुरेशी, अब्दुल हसन, अजहरुद्दीन आदि लोगों ने भी अपनी बात को पूर्णतया रखा और बताया हर हालत में हम लोगों को समाजवादी पार्टी की सरकार बनानी है।

### नवरत्न हेरिटेज कालोनी के बाहर रखी गुमटी में लगी आग

**राजेंद्र योगी**



बालगढ़ एमआर रोड स्थित कॉलोनाइजर राजेश अग्रवाल की कॉलोनी के बाहर रखी एक गुमटी में अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई जिसकी सूचना वहां से गुजर रहे एक व्यक्ति द्वारा पुलिस व फायर बिग्रेड को दी गई। सूचना के आधार पर पुलिस और दमकल वाहन पहुंचा मौके पर फायर ब्रिगेड के कर्मचारी ने गुमटी का ताला तोड़कर आग पर काबू पाया, जैसे ही सूचना मिलते ही कॉलोनाइजर राजेश अग्रवाल भी अपने परिवार के साथ मौके पर पहुंचे उन्होंने इस घटना को साजिश करार देते हुए कहा कि यह आग किसी ने जानबूझकर लगाई, उन्होंने बताया कि 8 दिन पहले कुछ असामाजिक तत्वों ने उक्त गुमटी के कांच फोड़ दिए थे। उन्होंने आरोप लगाया कि किसी ने पटाखा जलाकर जानबूझकर इसे जलाया है। राजेश अग्रवाल ने आगजनी की घटना को बताया साज़शि के तहत लगाई आग, फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर अज्ञात कारणों का पता लगाने में जुटी है जांच रिपोर्ट आने के बाद खुलासा हो पाएगा किन कारणों से लगाई गई।

## मदद की गुहार

# पिता कर रहे अपने बेटे को अपनी किडनी डोनेट, डॉक्टर को देने के लिए नहीं है पैसे



**ब्रज कुमार राठौर**

संकट की घड़ी में झाडला ग्राम के ग्रामीणों ने राशि संग्रह कर परिवार को सौंपी, परिवार ने जताया आभार। आपके द्वारा किये गए जनसहयोग से मिल सकता है युवक को नया जीवन। अगर आप भी चाहे तो आप एनसीआर समाचार से संपर्क कर। ग्राम झाडला के निवासी गरीब ब्राह्मण परिवार से आने वाले ग्राम म्हरखेड़ी के सचिव के पद पर पदस्थ परमानंद शर्मा के कोटे बालक जिनकी दोनों किडनी खराब होने से जीवन संकट गहरा गया है ऑपरेशन में करीब परमानंद शर्मा सचिव ग्राम झाड़ला के छोटे बेटे मनीष की दोनो किडनी डैमेज हो गई है किडनी तो मनीष के पिता दे रहे हैं किंतु डॉक्टरों द्वारा करीब 10 लाख रुपए का खर्चा बताया गया है आज उनके निजी ग्राम में ग्रामीणों द्वारा करीब 150000 की राशि इकठ्ठा कर सौंपी गई। मनीष को किडनी ऊनके पिता दे रहे है। किडनी आप्रेशन में 8 से 10 लाख का खर्च लगेगा। इस हेतु समस्त गांव वासियो द्वारा राशी 150000 से ज्यादा राशी इक्टठा करके दी गई। दीपावली के शुभ अवसर पर पुरे परिवार ने सभी ग्राम वासियो का धन्यवाद किया।



## संक्षिप्त समाचार

### यूपी पंचायत चुनाव पर वेब सीरीज: एमपी के शाजापुर जिले की सुजालपुर तहसील के ग्राम पंचायत रसलपुर स्टेशन पर हुई वेब सीरीज की शूटिंग




**ब्रज कुमार राठौर**

शुजालपुर मध्यप्रदेश के जिला शाजापुर विधानसभा शुजालपुर के ग्राम पंचायत रसलपुर के समीप रेलवे स्टेशन पर महाराष्ट्र के फ़िल्मि कलाकारों द्वारा यूपी पर आधारित पंचायत चुनाव पर वेब सीरीज मूवी पंचायत सीजन 2 व फकोली स्टेशन पर आयोजित सीरीज की आज शूटिंग हुई जिसमे मुख्य हीरो का रोल फ़िल्मि कलाकार जीतू है | जिसमे पूरे यूपी पंचायत चुनाव की तस्वीर दिखाई गई है।

### वन विभाग की मिलीभगत से हो रहा है हरे भरे पेड़ों का अवैध कटान

**अज़ीम खान**



**बदायूँ ।** वन विभाग की मिलीभगत के चलते दिन दहाड़े हरे भरे पेड़ों का कटान जारी है। जिसके कारण हरे भरे पेड़ों की संख्या लगातार घटती जा रही है। काटे गये पेड़ों की लकड़ी टैक्टर ट्राली से लादकर बदायूँ जनपद में चिरान पर भेजी जा रही है। उसहैत उसावां नगर के आसपास में हरे भरे पेड़ इन दिनों अवैध रूप से हरे वृक्षों को दिन दहाड़े काटा जा रहा है। ऐसा लगता है कि सुबह से लेकर शाम तक लकड़ी माफिया वृक्षों पर कुल्हाड़ी चलवाते रहते हैं और लकड़ी को एक निश्चित स्थान पर डंप कर देते है। उसके बाद लकड़ी को टैक्टर ट्राली में लादकर ले जाते है और वन विभाग के इशारे पर टैक्टर हाईवे व नगर के राजमार्ग से फर्राटे भरते निकलते है। लकड़ी भरे टैक्टर ट्राली आम आदमी को तो दिखाई देते है लेकिन टैक्टर ट्राली न तो वन विभाग को दिखाई दे रहे है। इस अवैध कटान को रोकने व पर्यावरण को देखते हुए सरकार हरे भरे पेड़ो को काटने से रोक लगा रही है लेकिन कटान पर अंकुश लगा पाना कठिन साबित हो रहा है। इसके बावजूद इधर उधर के पीछे, नौगांवा नसीननगर, रिजोला के जंगलों में नजर डाले तो एक भी छायादार वृक्ष नही दिखाई देगा। जिसके नीचे बैठकर धूप व गर्मी से बचा जा सके। जबकि एक दशक पूर्व इन जंगलों में नीम, जामुन, खजूर, बरगद, पीपल, के बड़े-बड़े वृक्ष लगे थे जो लोगों को शीतलता प्रदान करते थे। लेकिन अवैध कटान व वन विभाग की मिलीभगत के चलते जंगल का नामो निशान मिट गया और जो पेड़ बचे है उन पर भी संकट छाया है। सभी अधिकारियों का रटा रटाया एक ही जवाब होता है उसके बावजूद भी कटान लगातार होता रहता है। वन क्षेत्राधिकारी हुकुम सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में आने पर कार्यवाही की जाएगी। मामला संज्ञान में नहीं है।

### दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में चार लोग गंभीर रूप से घायल

**बदायूँ।** मुरादाबाद बिसौली हाईवे पर थाना सिविल लाइन क्षेत्र के गांव भगवतीपुर ईट भट्टे के पास दो बाईकों में आमने सामने जबरदस्त भिड़ंत हो गई। जिसमें मां बेटे गंभीर रूप से घायल हो गए। जहां अक्षय उर्फ मोहित मिश्रा 25 वर्ष पुत्र अवधेश मिश्रा मां सरिता 45 वर्ष पत्नी अवधेश मिश्रा निवासी ग्राम सौंडारा थाना बिलारी जिला मुरादाबाद यह अपनी बाइक से बिसौली की तरफ से बदायूं की ओर दातागंज थाना क्षेत्र के गांव पापड़ अपनी रिश्तेदारी में भैया दूज करने के लिए जा रहे थे। अचानक विपरीत दिशा बदायूं की तरफ से बाइक सवार आ रहे मदनलाल 37 वर्ष पुत्र गुलाब सिंह पत्नी नेहा 28 वर्ष निवासी ग्राम चंदूपुर थाना बिथरी चैनपुर जिला बरेली यह अपनी बाइक से बदायूं की तरफ से थाना सिविल लाइन क्षेत्र के गांव बरातेगदार अपनी रिश्तेदारी में भैया दूज करने के लिए जा रहे थे। तभी दोनों बाइकों में आमने सामने जबरदस्त भिड़ंत हो गई।

## जिला जेल में तांडव

# कैदियों ने जमकर की डिप्टी जेलर की पिटाई

**अमरदीप कुशवाह**

**फर्रुखाबाद।** जिला जेल में बंदियों द्वारा किये गये बबाल और आगजनी के दौरान जेल के डिप्टी जेलर की जमकर पिटाई कर दी गयी, वहीं बंदियों नें जेल के मुख्य गेट से लेकर गुमटी, अस्पताल में भी तोड़कर तांडब किया। एक कैदी गंभीर रूप से घायल हो गया उसे सैफई रिफर किया गया है।



आरोप है कि एक जेल अधिकारी नें कैदी के गोली मारी है, वहीं 30 पुलिस कर्मियों के घायल होनें की पुष्टि हुई है। दरअसल जिला जेल में वर्ष 2012 से दहेज हत्या के मामले में बंदी संदीप यादव पुत्र रनवीर सिंह निरुद्ध थे। वर्ष 2016 में उसे आजीवन कारावास की सजा भी हो गयी थी। 5 नवम्बर को कैदी संदीप को डेंगू की समस्या होनें पर सैफई को रिफर कर दिया गया था। बीती शाम 7:30 बजे सैफई में इलाज के दौरान कैदी संदीप की मौत हो गयी। जिस पर जेल प्रशासन नें मृतक कैदी संदीप के रिश्तेदार जिले जेल में पास्को व दुष्कर्म के मामले में बंद संजीब यादव को इसकी सूचना दी गयी। सुबह 7:30 बजे जेल कर्मी बैरकों में डिप्टी जेलर शैलेश सोनकर के ऊपर अचानक 9 नम्बर बैरक में पिटाई कर दी। इसके साथ ही साथ पूरे जेल परिसर के कैदी हमलावर हो गये, जेल के मेंन गेट तक कैदी आ गये थे। आक्रोशित कैदीयों के जेल के अस्पताल में दीवारों के अलावा कुछ भी नही छोड़ा सब में तोड़कर आग लगा दी। जेल की गुमटी व बैरकों में जमकर तोड़फोड़ की, पानी के पाइप आदि भी उखाड़ दिये। सीसीटीवी भी तोड़ दिया। सूचना पर कैदीयों से मोर्चा बंदी करने पंहुचे 30 पुलिस कर्मी घायल हो गये। घायल बंदी नें डिप्टी जेलर व जेलर पर लगाया गोली मारने का आरोप, बबाल के दौरान गंभीर रूप से घायल कैदी शिवम पुत्र मुन्ना जैनापुर, राजेपुर चोरी के आरोप में जिला जेल में बंद था। उसने लोहिया अस्पताल में उपचार के दौरान आरोप लगाया की वह बवाल के दौरान बैरक का गेट बंद कर रहा था तभी डिप्टी जेलर शैलेश सोनकर व जेलर ने उसके पेट में गोली मार दी। घायल बंदी शिवम को लोहिया अस्पताल से उसे सैफई रेफर कर दिया गया। वहीं जेल में फिल्ड यूनिट, बम निरोधक दस्ता आदि भी पंहुचे और जाँच की, जेल के भीतर पुलिस ने कैदीयों को भी पीटा। हंगामा कर रहे कैदीयों पर काबू पाने के लिए पुलिस नें बंदियों पर जमकर लाठीचार्ज किया।

जिससे कई कैदी भी चुटहिल हुए। केवल एक ही कैदी के घायल होनें की सूचना पुलिस नें दी है। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने बताया कि पुलिस नें गोली नही चलायी, ना ही कैदी के गोली मारी गयी है। 30 पुलिस कर्मी बवाल में घायल हुए है। उपद्रवी बंदीयों को चिन्हित कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जायेगा। फिलहाल मामले को शांत कर दिया गया है। पुलिस नें दबाब बनाया लेकिन लाठी चार्ज नही किया। बबाल क्यों हुआ इसकी जाँच की जायेगी।

## विजयगंज मंडी मार्ग पर एक कार में पति-पत्नी के शव मृत अवस्था में मिले



**राजेंद्र योगी**

**देवास।** एक और तो पूरा शहर दीपावली की रोशनी से जगमगआ रहा था वहीँ एक परिवार की खुशियां दुख में बदल गई। बीती रात विजयगंज मंडी मार्ग पर गांव पटलावदा के के करीब एक कार में पति पत्नी के शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई! गश्त के दौरान पुलिस की पड़ी नजर बैंक नोट प्रेस थाना पुलिस के मुताबिक गुरुवार रात करीब 12:00 बजे डायल हंड्रेड ने गश्त के दौरान विजय गंज मंडी बाईपास के सर्विस रोड पर कार एमपी 41. बीसी 35 14. खड़ी देखी कार की चेकिंग की तो कार के अंदर ड्राइवर सीट पर एक पुरुष साइड वाली सीट पर एक महिला की लाश पड़ी हुई दिखी। कार में महिला की चाकू से गोदकर हत्या की गई, साथ ही खून से सना हुआ चाकू और दो पाउच जहरीले पदार्थ के पुलिस ने बरामद किए! मामले को संज्ञान में लेते हुए हत्या और खुदकुशी की पुलिस जांच कर रही है। चंद्रशेखर पिता अंबाराम मंडलोई उम्र 38 वर्ष निवासी मक्सी के सरकारी स्कूल में शिक्षक था तथा 2 महीने पहले ही पत्नी 35 वर्षी अलका पति चंद्रशेखर और 14 वर्षीय पुत्र तुषार अपने परिवार के साथ चिड़ावत गांव आया था, यहां पर किराए के मकान में रह रहा था। गुरुवार की रात अपनी पत्नी अलका के साथ देवास दीपावली पर खरीदी करने गए थे! लौटते वक्त विजयगंज मंडी मार्ग पर शिक्षक ने अपनी पत्नी की बेरहमी से हत्या कर खुदकुशी कर ली। देवास एसपी शिवदयाल सिंह के अनुसार प्रारंभिक जांच के अनुसार शिक्षक ने अपनी पत्नी की चाकू से गोदकर हत्या की इसके बाद जहरीला पदार्थ खा लिया।

## आपसी झगडे में गई जान, जांच में जुटी पुलिस



**बजरंग कुमार शाहू**

होटल में एक व्यक्ति की चाकू गोदकर ली जान, यह मामला कनकपुर गांव के पास में एनएच 57 के नजदीक में एक होटल चालू हुआ, होटल का मालिक अघ्नू यादव आज से 3 महीना पहले ही होटल को चालू किया था। होटल को चलाने के लिए इन्होंने कराये पर दिए थे, स्टाफ में आपसी विवाद होने के कारण एक स्टाफ को चाकू गोदकर ले ली जान। होटल का कोई नाम भी नही है मिली जानकारी के अनुसार यह घटना बीती रात हुई है आज सुबह कुछ ग्रामीण लोगों ने देखा उसके बाद पुलिस प्रशासन भी मौके पर पंहुचा, मामले की जांच में पुलिस जुट गई है और आगे की कार्यवाही करने का अस्वासन वहां की जनता को दे रही हैं।

## ट्रक चोर गिरोह का पर्दाफाश 14 आरोपीयों को किया गिरफ्तार



**एनसीआर समाचार**

**देवास।** अंतरराज्यीय ट्रक चोर गिरोह का बीएनपी थाना परिसर में थाना प्रभारी मुकेश ईजानदार सीएसपी विवेक चौहान तथा पुलिस अधीक्षक डॉ शिवदयाल सिंह ने खुलासा करते हुए बताया कि देवास एवं आसपास में हो रही ट्रक चोरी की घटनाओं को रोकने और आरोपियों की गिरफ्तारी तथा ट्रकों के बरामदगी के संबंध में विशेष टीम गठित की गई थी। शहर के बाहर बायपास मार्ग पर टोल नाकों पर लगे सीसीटीवी कैमरे साइबर सेल की मदद व मुखबिर तंत्र के माध्यम से चोरी गए ट्रकों की तलाश में व विवेचना में लिया गया। जिसमें बीएनपी थाने के अपराध क्रमांक 473/21, 592 /21 677/21, 743/21,742/21 धारा 379 के तहत औद्योगिक थाना के अपराध क्रमांक 1017/21 धारा 379 का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान आरोपियों का पता लगाया जिसके चलते 2 अंतर्राज्यीय गैंग का पर्दाफाश किया आरोपियों से पांच अलग-अलग ट्रकों की सामग्री जप्त की गई ! ट्रक चोर गिरोह का मध्य प्रदेश, यूपी, राजस्थान, महाराष्ट्र से तार जुड़े थे। सड़क किनारे खड़े चुने वाहनों के पार्ट्स चुरा कर भंगार पुर्जे में बदल कर बेचते थे आरोपियों ने जुर्म कबूल कर बताया इनके पास से 2 कार और काफी मात्रा में ट्रक का सामान जप्त किया।

## हत्या का प्रयास करने वाले आरोपी 24 घण्टे के अंदर पुलिस थाना रावजी बाजार की गिरफ्त में

**देवराम ठाकुर**

**इंदौर।** हरिनारायण चारी मिश्र एवं पुलिस उप महानिरीक्षक मनीष कपूरिया द्वारा शहर में लगातार बढ रही हत्या तथा हत्या के प्रयास की घटनाओं पर नियत्रंण हेतु निर्देश दिये गये हैं। हत्या के प्रयास करने वाले अपराध में आरोपियो को गिरफ्तार कर उनके विरूद्ध कडी कार्यवाही की जाये। इसी तारतम्य में पुलिस अधीक्षक पश्चिम महेश चंद जैन एवं अति. पुलिस अधीक्षक महोदय पश्चिम झोन - 1 राजेश व्यास के मार्गदर्शन व नगर पुलिस अधीक्षक महोदय जूनी इन्दौर दीशेष अग्रवाल के नेतृत्व में कार्यवाही करते हुए आरोपियो को गिरफ्तार कर उनके विरूद्ध कडी कार्यवाही की जाए । इस पर से थाना प्रभारी निरी. प्रीतम सिंह ठाकुर थाना रावजी बाजार द्वारा टीम गठित कर टीम को हत्या के प्रयास घटनाओं पर नियत्रंण हेतु रवाना किया । दिनांक 10.06.21 को दो परिवारो मे औरत को लेकर विवाद होने के कारण हत्या के प्रयास में मजरूह संतोष पिता इन्दर वर्मा उम्र 40 साल नि.म. नं. 225 राधागोविन्द का बगीचा इंदौर की देहाती नालसी पर अपराध क्र. 377/21



धारा 307,323,294,506,34 भादवि का कायम कर विवेचना मे लिया गया जिसमे आरोपियान द्वारा मजरूह तथा उसके परिवार वालो ने ऊपर तलवार से हमला पर चोट पहुचाई गई । दौराने विवेचना आरोपी 1.भानू उर्फ भरत पिता सुरेश सोनगरा उम्र 30 साल नि.राधागोविन्द का बगीचा इंदौर 2.अजय पिता सुरेश सोनगरा उम्र 28 साल नि.राधागोविन्द का बगीचा इंदौर के मूसाखेड़ी से भागने के प्रयास में थे जिन्हे मुखबीर की सूचना पर तलाश कर मूसाखेड़ी से गिरफ्तार कर थाने लाया गया ।

## मढ़ई मेला में सदियों पुरानी चंडीमाता की पूजा सम्पन्न

**अंसार खान**

दीपावली के दूसरे दिन भाईदूज का त्यौहार बहनों के द्वारा भाई के माथे पर टीका लगाकर मनाया गया। जनजाति के लोगों के व्दारा बरेली नगर के होली चौक में सदियों पुरानी परम्परा को जीवित रखते हुये प्रतिवर्ष मढ़ई मेला भरता चला आ रहा है।

मढ़ई मेले में दूर-दूर के ग्रामीण इलाकों से जनजाति के लोग मोर के पंखो को बांस में विभिन्न प्रकार की सजावट कर ढाले नचाते हुये मढ़ई आते हैं। जनजाति के पंडा ने बताया कि मढ़ई में चंडीमाता की पूजा पंडो के द्वारा की जाती है। देवतओं को नीबू



चढ़ाया जाता है। इस अवसर पर पूर्व विधायक रामकिशन पटेल ने ढाल सहित समस्त पंडो का स्वागत शॉल श्रीफल से किया। हिन्दु उत्सव समिति के अध्यक्ष दुर्गा धाकड ने भी पंडो का सम्मान किया।

## खुशी एक पहल संस्था की अनोखी पहल

# आठ लक्ष्मी स्वरूपा बालिकाओं के परिवार के साथ स्नेह सरोकार दीपोत्सव कार्यक्रम आयोजित

**अनुज राठी**



**रतलाम।** कुछ जिम्मेदारियां सुकून देती है, अपने लिए तो सब जीते हैं, सच्ची खुशी तब होती हैं जब हम अपने लिए नही बल्कि उनके लिये जिये जिन्हें आपकी जरूरत है आपके मददगार हाथों की, स्नेह सरोकार की, इसी जिम्मेदारी का निर्वाहन करने के लिये खुशी एक पहल संस्था रतलाम द्वारा अंबेडकर भवन के सामने आज झोपड़ी में बिना माँ और विकलांग पिता के साथ जीवन निर्वाह कर रही 08 बालिकाओं के परिवार के साथ संस्था के सदस्यों के द्वारा स्नेह सरोकार, दीपोत्सव कार्यक्रम मनाया गया। इस अवसर पर मुख्यातिथि बॉक्सिंग एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष समाजसेवी बलवंत भाटी, समाजसेवी व पुर्व पार्षद रवि जोहरी, विशेष अतिथि म.प्र. जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक रत्नेश विजयवर्गीय, सेंट्रल एक्ससाइज के अधीक्षक मुकेश माहेश्वरी रहे। संस्था सदस्यों ने अपनी तरफ से राशि एकत्रित कर बालिकाओं की बेहतरी के लिये स्टेशनरी, नये कपड़े, 3 माह का राशन, पटाखें, मिठाई नमकीन, रोशनी के लिए लाइट आदि जरूरत की सामग्री भेंट की गई। कार्यक्रम का संचालन सचिव अमन माहेश्वरी द्वारा किया गया तथा आभार लक्ष्मी नारायण शर्मा द्वारा व्यक्त किया गया तथा संस्था सदस्य श्रद्धा तोमर, सलोनी पावेचा, प्रियांशी जैन, हिमांशी प्रजापति, सिमरन परिहार, जयमाला जाट, अनुभव चतुर्वेदी, हार्दिक अग्रवाल, वात्सल्य माहेश्वरी, कर्तव्य बैरागी, लखन सिलावट, मयूरेश व्यास आदि उपस्थित रहे।

जय भीम
नमो: बुद्धाय:
आपो: दीपो: भव:



"दीपदानोत्सव की कोटिश: शुभकामनाएं"

कार्तिक अमावस्था की शुभरात्रि को महान सम्राट अशोक ने अपनी राजधानी पाटलिपुत्र से चौरासी हजार धम्म स्कंधों की स्थापना के पश्चात उनका उद्घाटनोत्सव सम्पन्न किया था और समस्त भारत में दीपमालाएं एवं पुष्पलताएं सजाकर उत्सव के रूप में मनाया गया था आओ अपनी प्राचीन विस्तृत विरासत को पुनर्जीवित करते हुए बाबासाहेब डॉ. आंबेडकर द्वारा प्रशस्त मार्ग पर चलते हुए समस्त भारत को युद्धमय बनाने के काम में जुट जाए

सम्राट अशोक
महान भारतीय महापुरुष



विनोद सागर
चेयरमैन सम्राट प्रोपर्टीज A-ग्रुप

सम्राट प्रोपर्टीज (A-ग्रुप)

हापुड में सस्ते एवं आसान किश्तों पर प्लॉट उपलब्ध

मुख्य कार्यालय: हरद्वारी नगर, चन्द्रलोक कॉलोनी, मोदीनगर रोड हापुड। मो0 +919917226794

## संपादकीय

# हमारा देश, हमारी दीवाली है तो त्योहार मनाने के लिए चीनी सामान क्यों लें ?

सस्ते चीनी माल के भारतीय बाजार पर आक्रमण पर चिन्ता व्यक्त करते हुए एक अध्ययन में फिक्की ने कहा है, चीनी माल न केवल घटिया है, अपितु चीन सरकार ने कई प्रकार की सब्सिडी देकर इसे सस्ता बना दिया है, जिसे नेपाल के रास्ते भारत में भेजा जा रहा है।" नरेंद्र मोदी प्रथम राष्ट्राध्यक्ष होंगे जिनके भाषणों में बहुत छोटे-छोटे से विषय स्थान पाते हैं। भारतीय परम्पराओं और शास्त्रों में केवल लाभ अर्जन करने को ही लक्ष्य नहीं माना गया बल्कि वह लाभ शुभता के मार्ग से चल कर आया हो तो ही स्वीकार्य माना गया है। “शुभ-लाभ” से यही आशय है। विभिन्न अवसरों पर जिस प्रकार हम हमारे राष्ट्रीय प्रतिद्वंद्वी चीन के सामानों का उपयोग कर रहें हैं उससे तो कतई और कदापि शुभ-लाभ नहीं होनें वाला है। एक सार्वभौम राष्ट्र के रूप में हम, हमारी समझ, हमारी अर्थ व्यवस्था और हमारी तंत्र-यंत्र अभी शिशु अवस्था में ही है। इस शिशु मानस पर इस्लाम और अंग्रेजों की लूट खसोट की अनगिनत कहानियां हमारे मानस पर अंकित हैं। यद्दपि हम और हमारा राष्ट्र आज उतने भोले नहीं हैं जितने पिछली सदियों में थे तथापि विदेशी सामान को क्रय करने के विषय में हमारे देशी आग्रह कमजोर क्यों पड़ते हैं इस बात का अध्ययन और मनन हमें आज के इस “बाजार सर्वोपरि” के युग में करना ही चाहिए! हम भारतीय उपभोक्ता जब इस दीपावली की खरीदी के लिए बाजार जायेंगे तो इस चिंतन के साथ स्थिति पर गंभीरता पर गौर करें कि आपकी दिवाली की ठेठ पुराने समय से चली आ रही और आज के दौर में नई जन्मी दीपावली की आवश्यकताओं को चीनी औद्योगिक तंत्र ने किस प्रकार से समझ बूझ कर आपकी हर जरूरत पर कब्जा जमा लिया है। दिये, झालर, पटाखे, खिलौने, मोमबत्तियां, लाइटिंग, लक्ष्मी जी की मूर्तियां आदि से लेकर कपड़ों तक सभी कुछ चीन हमारे बाजारों में उतार चुका है और हम इन्हें खरीद-खरीद कर शनैः शनैः एक नई आर्थिक गुलामी की और बढ़ रहे हैं। हमारा ठेठ पारम्परिक स्वरूप और पौराणिक मान्यताएं कहीं पीछें छूटती जा रहीं हैं और हम केवल आर्थिक नहीं बल्कि सांस्कृतिक गुलामी को भी गले लगा रहे हैं। हमारे पटाखों का स्वरूप और आकार बदलने से हमारी मानसिकता भी बदल रही है। हमारा लघु उद्योग तंत्र अति दुष्प्रभावित हो रहा है। पारिवारिक आधार पर चलने वाले कुटीर उद्योग जो दीवाली के महीनों पूर्व से पटाखे, झालर, दिए, मूर्ति आदि-आदि बनाने लगते थे वे नष्ट होने के कगार पर हैं। लगभग पांच लाख परिवारों की रोजी-रोटी को आधार देने वाले हमारे त्यौहार अब कुछ आयातकों और बड़े व्यापारियों के मुनाफ़ा तंत्र का एक केंद्र मात्र बन गए हैं। बाजार के नियम और सूत्र इन आयातकों और निवेशकों के हाथों में केन्द्रित हो जाने से सड़क किनारे पटरी पर दुकानें लगाने वाला वर्ग निस्सहाय होकर नष्ट-भ्रष्ट हो जाने को मजबूर है। उद्योगों से जुड़ी संस्थाएं जैसे- भारतीय उद्योग परिसंघ और भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ (फिक्की) चीनी सामान के आयात पर चिंतित है। आश्चर्यजनक रूप से चीन में महंगा बिकने वाला सामान जब भारत आकर सस्ता बिकता है तो इसके पीछे सामान्य बुद्धि को भी किसी षड्यंत्र का आभास भी होता है। सस्ते चीनी माल के भारतीय बाजार पर आक्रमण पर चिन्ता व्यक्त करते हुए एक अध्ययन में भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ (फिक्की) ने कहा है, "चीनी माल न केवल घटिया है, अपितु चीन सरकार ने कई प्रकार की सब्सिडी देकर इसे सस्ता बना दिया है, जिसे नेपाल के रास्ते भारत में भेजा जा रहा है।" यह अध्ययन प्रस्तुत करते हुए फिक्की के अध्यक्ष श्री जी.पी. गोयनका ने कहा था, "चीन द्वारा अपना सस्ता और घटिया माल भारतीय बाजार में झोंक देने से भारतीय उद्योग को भारी नुकसान हो रहा है। भारत और नेपाल व्यापार समझौते का चीन अनुचित लाभ उठा रहा है।" पटाखों के नाम पर विस्फोटक सामग्रियों के आयात का खतरा भारत पर अब बड़ा और गंभीर हो गया है। चीन द्वारा नेपाल के रास्ते और भारत के विभिन्न बंदरगाहों से भारत में घड़ियां, कैलकुलेटर, वाकमैन, सीडी, कैसेट, सीडी प्लेयर, ट्रांजिस्टर, टेपरिकॉर्डर, टेलीफोन, इमरजेंसी लाइट, स्टीरियो, बैटरी सेल, खिलौने, साइकिलें, ताले, छाते, स्टेशनरी, गुब्बारे, टायर, कृत्रिम रेशे, रसायन, खाद्य तेल आदि धड़ल्ले से बेचे जा रहे हैं। पटाखे और आतिशबाजी जैसी प्रतिबंधित वस्तुएं भी विदेशों से आयात होकर आ रही हैं, यह आश्चर्य किन्तु पीड़ा का विषय है। कुछ वर्ष पूर्व तिरुपति से लेकर रामेश्वरम तक की सड़क मार्ग की यात्रा में साशय मैंने भारतीय पटाखा उद्योग की राजधानी शिवाकाशी में पड़ाव डाला था। यहां के निर्धनता और अशिक्षा भरे वातावरण में इस उद्योग ने जो जीवन शलाका प्रज्ज्वलित कर रखी है वह एक प्रेरणास्पद कथा है। लगभग बीस लाख लोगों को प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार और सामाजिक सम्मान देने वाला शिवाकाशी का पटाखा उद्योग केवल धन अर्जित नहीं करता-कराता है बल्कि इसने दक्षिण भारतीयों के करोड़ों लोगों को एक सांस्कृतिक सूत्र में भी बाँध रखा है। परस्पर सामंजस्य और सहयोग से चलने वाला यह उद्योग सहकारिता की नई परिभाषा गढ़ने की ओर अग्रसर होकर वैसी ही कहानी को जन्म देने वाला था जैसी कहानी मुंबई के भोजन डिब्बे वालों ने लिख डाली है; किन्तु इसके पूर्व ही चीनी ड्रेगन इस समूचे उद्योग को लीलता और समाप्त करता नजर आ रहा है। यदि घटिया और नुकसानदेह सामग्री से बने इन चीनी पटाखों का भारतीय बाजारों में प्रवेश नहीं रुका तो शिवाकाशी पटाखा उद्योग इतिहास का अध्याय मात्र बन कर रह जाएगा। भारत में 2000 करोड़ रुपये से अधिक का चीनी सामान तस्करी से नेपाल के मार्ग से आता है इसमें से मात्र दीपावली पर बिकने वाली सामग्री 350 करोड़ की है। विभिन्न भारतीय लघु एवं कुटीर उद्योगों के संघ और प्रतिनिधिमंडल भारतीय नीति-निर्धारकों का ध्यान इस ओर समय समय पर आकृष्ट करते रहे हैं, सामान्य भारतीय उपभोक्ता से भी यह राष्ट्र यही आशा रखता है कि वह यथासंभव स्वयं को चीन में बने उत्पादों से दूर रखे और शुभ-लाभ को प्राप्त करने की ओर अग्रसर हो।

# ‘दीप’ हमारी सभ्यता और संस्कृति की अलौकिकता का प्रतीक है

कृष्णमुरारी त्रिपाठी अटल

दीपक हमारे अन्तःचक्षुओं का प्रतिबिम्ब भी है जो सतत हमारे भौतिक एवं आध्यात्मिक विभागों के मध्य समन्वय का सेतु बनने का कार्य करता है। दीप की सतत ज्वलित लौ, हमारी अन्तरात्मा के साथ सीधे सम्पर्क एवं साम्य स्थापित करने की अनुभूति प्रदान करती है। भारतीय धर्म-दर्शन में दीप का अपना अलग महत्व है। हमारे त्यौहार, दैनन्दिनी, पूजा-पाठ सभी दीपक के साथ रीतिबद्ध रहते हैं। प्रत्येक शुभ कार्य के पूर्व दीप प्रज्वलन की अनूठी परम्परा सनातन काल से चली आ रही है, जिसमें सम्भवतः हमारे पूर्वजों का इस पद्धति के पीछे का यही उद्देश्य रहा होगा कि दीप के प्रकाश के साथ ही अन्धकार का हरण होता है। अन्धकार के नाश के साथ ही नवोत्साह, नवचेतना का प्रारम्भ होता है तथा इसके साथ शुभ्रता के वातावरण में कार्यों के कुशल सम्पादन की आधारशिला रखी जाती है।

दीप का अर्थ महज उसकी लौ से उत्पन्न प्रकाश से नहीं है, अपितु उसके पीछे हमारी अन्तश्चेतना की आत्मिक अनुभूति एवं भावात्मक लगाव भी जुड़ा हुआ है। चूँकि आधुनिक समय में प्रकाश के लिए विभिन्न तकनीकें उपलब्ध हो चुकी हैं जिससे किसी भी सीमा तक का प्रकाश विभिन्न आयामों में प्राप्त किया जा सकता है। किन्तु क्या उससे ‘दीप’ का भाव कभी प्राप्त किया जा सकता है? दीपक हमारे अन्तःचक्षुओं का प्रतिबिम्ब भी है जो सतत हमारे भौतिक एवं आध्यात्मिक विभागों के मध्य समन्वय का सेतु बनने का कार्य करता है। दीप की सतत ज्वलित लौ, हमारी अन्तरात्मा के साथ सीधे सम्पर्क एवं साम्य स्थापित करने की अनुभूति प्रदान करती है। प्रत्येक शुभकार्य के साथ दीप प्रज्वलन की रीति लगभग यह सुनिश्चित कर देती है कि प्रारंभ किया गया कार्य कुशलतापूर्वक अपनी सम्पन्नता को प्राप्त करेगा व उसमें जीवन मूल्यों व संस्कारों के साथ आगे का पथ प्रशस्त होगा। ‘दीप’ क्या तेल-बाती एवं पात्र के संयोग की निष्पत्ति मात्र है?

याकि इसके अलावा अन्य हेतु भी है जिसके कारण दीप ने अपनी यह महत्ता प्राप्त कर ली कि वह हमारे जीवन के सुख-दुःख दोनों में बराबर का सहभागी-मार्गदर्शक बनकर साहचर्यता के साथ प्रत्येक परिस्थिति में दृढ़तापूर्वक अपनी जलती हुई ‘लौ’ के साथ जीवन की राह दिखलाता और बतलाता है। दीप का अपने समवेत ढँग से जलना एवं उसकी ‘लौ’ में उतार-चढ़ाव के साथ अनवरत अपने क्षेत्र में प्रकाश बिखेरना इस बात का द्योतक है कि जीवन के इस रणक्षेत्र में अपने मूलस्वरूप तथा स्वभाव के साथ जलते हुए सकारात्मकता तथा निःस्वार्थ भाव से समूचे संसार की भलाई करना ही ध्येय होना चाहिए। दीप यह भी प्रेरणा प्रदान करता है कि जीवन का अन्त सुनिश्चित है। इसलिए जब तक जीवन है तब तक भला करते रहिए व परहित की भावना को जीवन का ध्येय बनाकर चलते रहें। दीपक अज्ञानता और अन्धकार के भय को



नष्ट कर ज्ञान और प्रकाश पुञ्ज से सर्वत्र दीप्ति उत्पन्न कर सम्पूर्णता के आनन्द को प्रसारित करने का अमोघ अस्त्र है। दीप हमारे बिखरे जीवन को समेटने की युक्ति है तथा अदम्य साहस एवं कर्मठता की जिजीविषा का दर्शन है। दीप उन मूल्यों के सम्यक निर्वहन करने का श्रेष्ठतम मानक है जिनमें जीवन का अर्थ ही ‘परोपकार’ में जीवन की आहुति समर्पित करने से है। दीप, नैराश्य के समय आशा की किरण बनता है तो आह्लाद के समय उत्साह के साथ सर्वोत्कृष्ट करने का मार्गदर्शन प्रदान करता है।

दीप के निर्माण एवं उसके गुणों के प्राकट्य तक में कई सारी संरचनाओं का संयोजन होता है जो जीवन को सुगठित करने में अपना योगदान देते हैं। वास्तव में दीप हमारे मनोमस्तिष्क के सम्पूर्ण तंत्र का एकाकार रुप है जिसमें हम अपने जीवन का निहितार्थ ढूँढ़ सकते हैं। हमारी आद्य भारतीय सनातन वैदिक परम्परा की दैनन्दिनी में ही दीप प्रज्वलन- ॐ असतो मा सद्गमय। तमसो मा ज्योतिर्गमय। मृत्योर्मामृतं गमय॥ अर्थात हे! परब्रह्म परमात्मा हमको असत्य से सत्य की ओर ले चलो। अंधकार से प्रकाश की ओर ले चलो और मृत्यु से अमरता की ओर ले चलो। के मंत्र के साथ किया जाता है। दीप की लौ के एकाकार दर्शन एवं उसमें ध्यानकेन्द्रित करने पर जो आत्मिक शान्ति का भाव प्राप्त होता है उसकी उपस्थिति में जीवन आध्यात्मिक उन्नति को प्राप्त करता है। इस आध्यात्मिक भाव के साथ ही जीवन में बाह्य थपेड़ों/कारकों द्वारा निर्मित कलुषित एवं ध्वंसात्मक वृत्तियों का निर्मूलन होता है।

दीप की लौ हमारे अन्तर्ज्ञान एवं स्थूल से लेकर सूक्ष्म विषयों के सद्-मार्ग तथा नवोन्मेष का पथप्रदर्शित करती है। हम दीपक की ज्योति को परब्रह्म का स्वरूप मानकर उसकी अर्चना करते हैं और अपने कुशलक्षेम का मनोरथ माँगते हैं, किन्तु यहाँ भी हम सभी के अन्दर सम्पूर्ण जगत के कल्याण की भावना निहित होती है। दीपक जीवन में नीरसता से सरसता, अन्धकार से प्रकाश, दुःख से सुख, सुख से शान्ति, चिन्ता से मुक्ति और स्वयं को आहुत करते हुए सभी के लिए अपना जीवन दान कर प्रसन्नता का पथ प्रशस्त करने की दिशा दिखलाता है। दीप प्रज्वलन का हमारे धर्मग्रन्थों में आध्यात्मिक एवं पौराणिक उल्लेख रहा है जो विभिन्न युगों के ईश्वरीय अवतारों के कालक्रम से लेकर वर्तमान समय तक उसी निष्ठा और भक्ति के साथ चलता आ रहा है। यह क्रम जीवन के सम्पूर्ण वाङ्मय के सम-विषम परिस्थितियों में समन्वय तथा प्रकृति के अनुसार सञ्चालन का बोध स्पष्ट करता है। क्या हमने कभी यह प्रयोग किया है कि- हम जब कभी भी गहरी निराशा के भँवर जाल में डूबे होते हैं, तथा उस समय हमारे मनोभावों में अशान्ति एवं अवसाद का स्तर लगभग अपने चरम पर होता है याकि हमारी मनोदशाओं को दिग्भ्रमित करता है।

ठीक ऐसी ही परिस्थितियों याकि सामान्य परिस्थितियों में हम जब भी जीवन में निरुत्साहित महसूस करते हैं। उसी समय– पूजा का दीपक जलाकर उसके समक्ष बैठने पर हमारे जीवन में निराशा का आवरण धीरे-धीरे छंटने लगता है तथा हम स्वयं में एक नई शक्ति का संचार अनुभव करते हैं। आखिर! यह चमत्कार कैसे हो जाता है? इस पर विचार करें तो यह स्पष्ट होता है कि कोई न कोई केन्द्र हमारी चेतना एवं ‘दीप’ के मध्य अवश्य है जो हमें क्षण भर में ही ऊर्जावान बना देता है। यह तो उसी दीप की शक्ति-सौन्दर्य का एक सामान्य सा उदाहरण है। दीप में निहित शक्तियाँ एवं भावों का क्षेत्र अनन्त व व्यापक है जिसे अन्तर्दीप एवं बाह्य-दीप के मध्य के केन्द्र का मिलान कर प्राप्त किया जा सकता है। हमारे जीवन का कोई भी ऐसा शुभकार्य नहीं होता है जो दीपप्रज्वलन के साथ शुरु न होता हो, दीपों की इसी पवित्रता, महत्ता, श्रेष्ठता के लिए हमारी संस्कृति में दीपोत्सव का अपने आप में अनूठा पावन पर्व ‘दीपावली’ मनाया जाता है। यह पर्व राष्ट्र की संस्कृति के आधारस्तम्भ जगन्नियन्ता भगवान श्रीराम प्रभु के चौदह वर्ष के वनवास की समाप्ति पर उनके अयोध्या आगमन की प्रसन्नता में अयोध्यावासियों द्वारा किए गए दीप प्रज्ज्वलन के साथ ही आर्यावर्त्त की जीवन पद्धति का अनिवार्य अङ्ग बन गया। वहीं वैज्ञानिकीय दृष्टि से अवलोकन करें तो कार्तिक मास की अमावस्या यानि ‘घोर अन्धकार’ की तिथि को इस पर्व को मनाने की रीति ‘अन्धकार’ की पराजय एवं विपरीत परिस्थितियों में दृढ़ता के साथ प्रकाश रुपी लक्ष्य को प्राप्त करने का आधार है। यह पर्व इस बात का भी द्योतक है कि सद्प्रयासों से असत्य को पराजित कर सत्य की स्थापना की जा सकती है। इस प्रकार दीप प्रज्वलन के साथ हमारी उत्सवधर्मिता एवं मानवीय मूल्यों के साथ जीवन का पथानुगमन करने की अन्तःप्रेरणा व श्रेष्ठ मूल्यों की स्थापना का संकल्प है। यदि इसे इस तर्क के साथ रखा जाए कि पूर्व के समय में केवल और केवल प्रकाश के लिए दीपक जलाया जाता था, तो यह तर्क असंगत माना जाएगा।

# बदलती दुनिया में युद्धों का स्वरूप भी अलग होगा और युद्ध मैदान भी अलग तरह के होंगे

अशोक मधुप

आधुनिक युद्ध कोरोना की तरह शहरों में, गलियों में और भीड़ वाली जगह में लड़ा जाएगा। किसी विषाक्त वायरस से हमें कोरोना से बचाव की तरह जूझना होगा। बुजुर्ग कहते आए हैं कि ईश्वर जो करता है, अच्छा करता है। हर मुसीबत में कोई संदेश, कोई भविष्य के लिए तैयारी होती है। दुनिया के देश आधुनिक युद्धास्त्र बनाने में लगे हैं। परमाणु बम, हाइड्रोजन बम के आगे के विनाशक बम पर काम चल रहा है। सुपर सोनिक मिसाइल बन रही हैं, किंतु लगता है कि आधुनिक युद्ध इन सबसे अलग तरह के अस्त्र–शस्त्रों के लड़ा जाएगा। अलग तरह के युद्ध होंगे। लगता है कि आने वाले युद्ध सीमा पर नहीं, शहरों में लड़े जाएंगे। घरों में लड़े जाएगे। गली–मुहल्लों में लड़े जाएंगे। अभी से हमें इसके लिए सोचना और तैयार होना होगा। पुणे इंटरनेशनल सेटर द्वारा आयोजित ‘पुणे डॉयलॉग’ में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने कहा कि भविष्य में खतरनाक जैविक हथियार दुनिया के लिए गंभीर परिणाम साबित हो सकता है। दुनिया के लिए किसी भी जानलेवा वायरस को हथियार बनाकर इस्तेमाल करना गंभीर बात है। एनएसए डोभाल ने अपने बयान में कोरोना वायरस का उदाहरण देते हुए जैविक हथियारों का मुद्दा उठाया। ‘आपदा एवं महामारी के युग में राष्ट्रीय सुरक्षा की तैयारियों’ पर बोलते हुए अजीत डोभाल ने कहा कि आपदा और महामारी का खतरा किसी सीमा के अंदर तक सीमित नहीं रहता और उससे अकेले नहीं निपटा जा सकता। इससे होने वाले नुकसान को घटाने की जरूरत है। अभी तक पूरी दुनिया इस खतरे से जूझ रही है कि परमाणु बम किसी आतंकवादी संगठन के हाथ न लग जाए। उनके हाथ में जाने से इसे किस तरह रोका जाए ? उधर आतंकवादी नए तरह के हथियार प्रयोग कर रहे हैं। शिक्षा बढ़ी है तो सबकी सोच बढ़ी है। दुनिया के सुरक्षा संगठन समाज को सुरक्षित माहौल देने का प्रयास कर रहे हैं। आतंकवादी घटनाएं कैसे रोकी जाएं, ये योजनाएं बना रहे हैं। आतंकवादी इनमें से निकलने के रास्ते खोज रहे हैं। वे नए–नए हथियार बना रहे हैं। अमेरिका के वर्ल्ड ट्रेड सेंटर पर हमले से पहले कोई कल्पना भी नहीं कर सकता था कि विमान को भी घातक हथियार के रूप में प्रयोग किया जा सकता है। इसमें विमानों को बम की तरह इस्तेमाल किया गया। माचिस की तिल्ली आग जलाने के लिए काम आती है। बिजनौर में कुछ आतंकवादी इन माचिस की तिल्लियों का मसाला उतार कर उसे गैस के सिलेंडर में भर कर बम बनाते समय विस्फोट हो जाने से घायल हुए। हम विज्ञान और कम्प्यूटर की ओर गए। हमारे युद्धास्त्र कम्प्यूटरीकृत हो रहे हैं। उधर शत्रु इस सिस्टम को हैक करने के उपाय खोज रहा है। लेजर बम बन रहे हैं। हो सकता है कि हैकर शस्त्रों के सिस्टम हैक करके उनका प्रयोग मानवता के विनाश के लिए कर बैठे। रोगों के निदान के लिए वैज्ञानिक रोगों के वायरस पर खोज रहे हैं। उनके टीके बना रहे हैं। दवा विकसित कर रहे हैं, तो कुछ वैज्ञानिक इस वायरस को शस्त्र के रूप में प्रयोग कर रहे हैं। साल 1763 में ब्रिटिश सेना ने अमेरिकियों पर चेचक के वायरस का इस्तेमाल हथियार की तरह किया। 1940 में जापान की वायुसेना ने चीन के एक क्षेत्र में बम के जरिये प्लेग फैलाया था। 1942 में जापान के 10 हजार सैनिक अपने ही जैविक हथियारों का शिकार हो गए थे। हाल ही के दिनों में आतंकी गतिविधियों के लिए जैविक हथियार के इस्तेमाल की बात सामने आई है। इससे हमें सचेत रहना होगा। सीमाओं की सुरक्षा के साथ इन जैविक शस्त्रों से निपटने के उपाय खोजने होंगे। चीन की लैब में विकसित हो रहा कोरोना का वायरस अगर लीक न होता तो आने वाले समय में उसके किस विरोधी देश में फैलता यह नहीं समझा जा सकता, क्योंकि आज चीन की एक–दो देश छोड़ पूरी दुनिया से लड़ाई है। लगता है कि आधुनिक युद्ध कोरोना की तरह शहरों में, गलियों में और भीड़ वाली जगह में लड़ा जाएगा। किसी विषाक्त वायरस से हमें कोरोना से बचाव की तरह जूझना होगा। बुजुर्ग कहते आए हैं कि ईश्वर जो करता है, अच्छा करता है। हर मुसीबत में कोई संदेश, कोई भविष्य के लिए तैयारी होती है। ऐसा ही शायद कोरोना महामारी के बारे में माना और समझा जा सकता है। जब यह महामारी फैली तो इसके लिए पूरा विश्व तैयार नहीं था। इसके फैलने पर सब आश्चर्यचकित से हो गए किसी की समझ में कुछ नहीं आया। आज डेढ़ साल से ज्यादा हो गया, इसकी दुष्ट छाया से हमें मुक्ति नहीं मिली। आंकड़ों के अनुसार इस दौरान पूरी दुनिया में 50 लाख से ज्यादा मौत हुई है। जब यह महामारी आई तो किसी को न इसके बारे में पता था, न ही इसके लिए कोई तैयार था। आज डेढ़ साल के समय में दुनिया ने इसके अनुरूप अपने को तैयार कर लिया। वैक्सीन बनाई ही नहीं, तेजी से लगाई भी जा रही है। ये सब जानते हैं कि कोराना अभी गया नहीं, फिर भी अधिकतर लोग लापरवाह हो गए। इसके प्रति बरते जाने वाले सुरक्षा उपाय करने छोड़ दिए। हमने इसके साथ जीना सीखा लिया। आज पूरी दुनिया कोरोना वायरस की मार झेल रही है। भविष्य के जैविक हथियारों के खिलाफ सुरक्षा रणनीति को लेकर अजीत डोभाल ने कहा कि देश को अब नई रणनीति बनाने की जरूरत है। चीन का नाम लिए बिना अजीत डोभाल ने कहा कि बायोलॉजिकल रिसर्च करना बेहद जरूरी है। लेकिन इसकी आड़ में इसका दुरुपयोग किया जा रहा है।

# कोरोना काल में खेती-किसानी ने ही देश की अर्थव्यवस्था को बचाया है

डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

सवाल यह है कि छोटी होती जोत का कोई ना कोई हल सरकार को खोजना ही पड़ेगा। इसके लिए सहकारिता आंदोलन और भूदान आंदोलन के शुरुआती दौर में संयुक्त खेती का जो प्रस्ताव आया था उसके गुणावगुण पर आज की परिस्थितियों में विचार करना होगा। कोरोना महामारी ने दुनिया के देशों को एक सबक दिया है और वह यह कि खेती किसानी ही अर्थव्यवस्था को बचा सकती थी। यह साफ हो जाना चाहिए कि आने वाले समय में भी खेती किसानी ही अर्थव्यवस्था की बड़ी ताकत रहेगी। ऐसे में सरकार को इस ओर खास ध्यान देना ही होगा। कोरोना में अन्नदाता की बदौलत ही देशवासियों खासतौर से जरूरतमंद लोगों को खाद्य सामग्री का मुफ्त वितरण किया जा सका था। सबसे ज्यादा आश्चर्यजनक व संतोष की बात यह रही कि जहां अकाल व अन्य परिस्थितियों में यदा–कदा भूख से मौत के समाचार सुर्खियों में आते रहे हैं पर 2019 से अब तक देश में कोरोना काल में भूख से मौत की एक भी खबर नहीं आई। यह सब संभव हो पाया अन्नदाता और सरकार के कृषि क्षेत्र में सुधारों से ही। पर समस्या अब दूसरी होती जा रही है जो विषयांतर हो सकती है और वह यह कि अन्न की पौष्टिकता को लेकर प्रश्न उठाए जा रहे हैं। इस पर फिर कभी चर्चा। पर सवाल यह है कि छोटी होती जोत का कोई ना कोई हल सरकार को खोजना ही पड़ेगा। इसके लिए सहकारिता आंदोलन और भूदान आंदोलन के शुरुआती दौर में संयुक्त खेती का जो प्रस्ताव आया था उसके गुणावगुण पर आज की परिस्थितियों में विचार करना होगा। इसी तरह से



परिवार कल्याण कार्यक्रम को गांवों में और अधिक प्रभावी बनाना होगा वहीं कृषि योग्य भूमि पर औद्योगिक विकास या अन्य विकास कार्यों का विकल्प खोजा जाना होगा। हालांकि अब देश में छोटे परिवार के महत्व को क्या गांव और क्या शहर सब समझने लगे हैं पर इस पर ध्यान जारी रखना होगा। क्योंकि छोटी होती जोत निश्चित रूप से कई समस्याएं पैदा करने वाली होगी। इसलिए समय रहते इस ओर नीति निर्माताओं को ध्यान देना होगा। सरकार के थिंक टैंकों को को इसका समाधान खोजना होगा। क्योंकि खेती आज भी प्रमुख रोजगार प्रदाता है तो अर्थव्यवस्था का प्रमुख आधार। ऐसे में समय रहते कोई ना कोई समाधान खोजना ही होगा। नई सहकार नीति और देश की कृषि सुधार कार्यक्रमों को इसे ध्यान रखना ही होगा। कृषि प्रधान देश के सामने आज सबसे बड़ी चुनौती अन्नदाता की घटती जोत को लेकर हो गई है। देश में एक ओर किसानों की जोत कम होती जा रही है वहीं खेती की लागत में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण की हालिया रिपोर्ट चेताने वाली होने के साथ ही चिंतनीय भी है। देश में बड़े और मझौले किसान कम होते जा रहे हैं तो लघु और सीमांत किसानों की संख्या बढ़ती जा रही है। बड़ी सीधी-सी बात है कि जब जोत ही कम होगी तो किसान की लागत कहां से निकलेगी। हालांकि घटती जोत के लिए केवल सरकार को ही दोषी नहीं ठहराया जा सकता। अपितु जोत छोटी होने का बड़ा कारण शहरीकरण और बढ़ता परिवार है। पारिवारिक बंटवारे के चलते दिन प्रतिदिन जोत कम होती जा रही है। यदि बड़े और मझौले काश्तकारों की संख्या में बढ़ोतरी होती तो निश्चित रूप से सरकार और केवल सरकार को दोषी ठहराया जा सकता था, सरकार की नीतियां दोषी हो सकती थीं, पर बड़े और मध्यम श्रेणी के किसान कम होने से साफ होता जा रहा है कि पारिवारिक बंटवारा इसका प्रमुख और मुख्य कारण हो सकता है। मजे की बात यह है कि हालिया रिपोर्ट की मानें तो भूमिहीन किसानों की संख्या में भी बढ़ोतरी हुई है। यानी खेती पर निर्भरता कम नहीं हुई है अपितु खेत–किसानी की जोत जरूर कम हो रही है। छोटे–बड़े किसानों की गणित को यों समझा जा सकता है कि एक से दो हैक्टेयर भूमि वाले किसान छोटे या सीमांत किसान की श्रेणी में आते हैं तो 0.002 हैक्टेयर से कम भूमि वाले किसानों को भूमिहीन किसानों की श्रेणी में रखा जाता है। इसी तरह से दस हैक्टेयर से अधिक भूमि वाले किसानों को बड़े किसानों की श्रेणी में रखा जाता है। राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण ने अपनी 77वें दौर की रिपोर्ट में 2019 तक के आंकड़ों का विश्लेषण किया है।

NCR समाचार
संपादकीय कार्यालय
जी-12/276, संगम विहार, नई दिल्ली-110062. सोमवार से शनिवार
प्रातः 9:00 से सायं 9:00
फोन: 8888883968, 9811111715

## आवश्यक सूचना

एनसीआर समाचार के समस्त पाठकों तथा पत्र के साथ जुड़े समस्त पत्रकारों, व्यावसायिक संयोजक, सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं/संस्थानों को यह सूचित किया जाता है कि गत वर्षों से श्री बलबीर सिंह के नेतृत्व व स्वामित्व में चले आ रहे वर्तमान एनसीआर समाचार पत्र का प्रकाशन व स्वामित्व मो. हनीफ, पुत्र श्री इस्माईल खान मास्टरजी, संगम विहार के स्वामित्व व नेतृत्व में हो रहा हैं। अतः भविष्य में समस्त प्रकार की व्यावसायिक, कानूनी एवं सामाजिक गतिविधियों के संचालन हेतु मो. हनीफ/ नये कार्यालय जी 12/276, संगम विहार, नई दिल्ली - 110062, दूरभाष (मोबाईल) 8888883968, 9811111715 से सम्पर्क करें

## संक्षिप्त समाचार

### लंदन में बसने की खबर को रिलायंस ने बताया बेबुनियाद



**मुंबई।** रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने एक बयान जारी कर उन सभी खबरों को खारिज कर दिया जिसमें बताया जा रहा है कि RIL के चेयरमैन मकेश अंबानी लंदन में बसने जा रहे है। बता दें कि इस बयान में साफ बता दिया गया है कि, रिलायंस के चेयरमैन मुकेश अंबानी की अपने परिवार सहित लंदन बसने की कोई भी योजना नहीं है। बयान में साफ लिखा है कि, अंबानी परिवार का स्टोक पार्क लंदन में बसने की खबरें बिल्कुल आधारहीन है और मुकेश अंबानी या उनके परिवार की लंदन या दुनिया के किसी भी हिस्से में बसने का कोई भी प्लान नहीं है और न ही ऐसा कोई प्लान बना रहे हैं। बयान में आगे यह भी लिखा है कि, रिलायंस ग्रुप की कंपनी RIIHL ने लदंन के स्टोक पार्क में एक प्रॉपर्टी खरीदी है जिसका इस्तेमाल गोल्फिंग और कई अन्य स्पोर्ट्स के लिए होगा। इसमें कई नियम और गाइडलाइन्स का पालन किया जाएगा। खेल के साथ-साथ इस प्रॉपर्टी का तेजी से बढ़ रही कन्ज्यूमर बिजनेस के लिए भी किया जा रहा है जिससे विदेश में भी भारतीय संस्कृति को विश्वस्तरीय पहचान मिल सके। मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया था कि, रिलायंस के चेयरमैन मुकेश अंबानी परिवार सहित भविष्य में लंदन और मुंबई के बीच अपना समय बाटेंगे। अटकलें यह भी लगाई जा रही थी कि, अंबानी परिवार लंदन में बकिंघमशायर, स्टोक पार्क में स्थित 300 एकड़ जमीन पर बहुत बड़ा घर बनवा रहे हैं। इस नए घर में 49 बेडरूम और एक मिनी हॉस्पिटल भी है। बता दें कि, इस जमीन को अंबानी ने 592 करोड़ रुपये में खरीदी है लेकिन अब इन सभी खबरों को अब अंबानी ने खारिज कर दिया है। जानकारी के लिए बता दें कि, मुबंई में लॉकडाउन के दौरान अंबानी परिवार ने अपना पूरा समय एंटीलिया निवास में बिताया था। इस दौरान उन्हें दूसरा घर लेने की जरूरत महसूस हुई। मीडिया रिपोर्ट में कहा गया था कि अंबानी परिवार दिवाली आमतौर पर अपने मुंबई स्थित घर में काफी धूमधाम से मनाता है लेकिन यह पहली बार हुआ है कि अंबानी परिवार ने अपनी इस साल की दिवाली देश से बाहर मनाई होगी।

### अडाणी पावर को एस्सार की महान परियोजना मिली, अधिग्रहण के प्रस्ताव को NCLT ने दी मंजूरी

**नई दिल्ली।** अडाणी पावर को राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) से एस्सार पावर की मध्य प्रदेश के महान में 1,200 मेगावॉट की ताप बिजली परियोजना के अधिग्रहण की मंजूरी मिल गई है। एनसीएलटी की दिल्ली की प्रधान पीठ ने एक नवंबर को जारी आदेश में अडाणी पावर लि. द्वारा एस्सार पावर एम पी लि. (ईपीएमपीएल) के अधिग्रहण के लिए सौंपी गई समाधान योजना को मंजूरी दे दी। अडाणी पावर ने बीएसई को यह जानकारी दी। ईपीएमपीएल दिवाला एवं ऋणशोधन अक्षमता संहिता के तहत है। ईपीएमपीएल के पास मध्य प्रदेश के सिंगरौली जिले में 1,200 मेगावॉट का ताप बिजली संयंत्र है। इस अधिग्रहण से पहले समाधान योजना की शर्तों को पूरा करना होगा। इससे पहले जून में अडाणी पावर ने एस्सार पावर की 1,200 मेगावॉट की परियोजना के लिए सफल बोली लगाई थी। उद्योग सूत्रों का कहना है कि इस सौदे का मूल्य करीब 2,800 से 3,000 करोड़ रुपये बैठेगा।

### बाजार में रौनक बढ़ी, दिवाली से पहले धनतेरस में सोने की बिक्री तेज



**नई दिल्ली।/मुंबई।** बाजार में दीपावली से पहले धनतेरस की सकारात्मक शुरुआत हुई और महामारी के चलते लागू प्रतिबंधों में ढील के साथ मांग में तेजी देखने को मिली। धनतेरस के मौके पर सोना और चांदी की खरीदारी भी तेज है। सोने की कीमतों में नरमी से भी खरीदारी बढ़ी। हिंदू मान्यता के अनुसार धनतेरस को कीमती धातुओं से लेकर बर्तनों तक की खरीदारी के लिए सबसे शुभ दिन माना जाता है। व्यापारियों को उम्मीद है कि सोने की बिक्री महामारी से पहले के स्तर को हासिल कर लेगी। व्यापारियों ने यह भी कहा कि सुबह 11.30 बजे (मुहूर्त समय) के बाद बाजार में लोगों की भीड़ बढ़ी और यह सिलसिला बुधवार सुबह तक जारी रहेगा। सोने की कीमत मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी में 46,000-47,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (करों को छोड़कर) के दायरे में थीं, जो इस साल अगस्त में 57,000 रुपये से अधिक के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई थी। हालांकि, सोने की दर अभी भी धनतेरस 2020 के भाव 39,240 रुपये प्रति 10 ग्राम की तुलना में 17.5 प्रतिशत अधिक है। एक अनुमान के मुताबिक धनतेरस के दिन 100-150 टन सोना (महामारी से पहले के वर्षों में) बेचा जाता है। वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल (डब्ल्यूजीसी) के क्षेत्रीय सीईओ (भारत) सोमसुंदरम पी आर ने पीटीआई-से कहा, ''मांग में कमी, कीमतों में नरमी और अच्छे मानसून के साथ ही लॉकडाउन संबंधी प्रतिबंधों में राहत से मांग में जोरदार उछाल की उम्मीद है।'' उन्होंने कहा, ''हम उम्मीद करते हैं कि यह तिमाही हाल के वर्षों में सबसे बेहतरीन तिमाही होगी।'' अखिल भारतीय रत्न एवं आभूषण स्थानीय परिषद के चेयरमैन आशीष पेठे ने कहा कि इस साल उपभोक्ता मांग बहुत सकारात्मक है और मूल्य के लिहाज से बिक्री पिछले साल की तुलना में 10-15 प्रतिशत अधिक होगी और मात्रा के लिहाज से यह 2019 के स्तर के बराबर रहेगी। उन्होंने कहा कि देश भर में, खासकर उत्तर, पूर्व और पश्चिमी क्षेत्रों में बेहतर कारोबार की उम्मीद है।

# SBI के पूर्व चेयरमैन ने 200 करोड़ की संपत्ति 25 करोड़ में बेची

**पूर्व एसबीआई चेयरमैन की गिरफ्तारी पूरे देश में चर्चा का विषय बनी हुई है। जैसलमेर की सदर थाना पुलिस ने हाई प्रोफाइल शख्सियत को गिरफ्तार करने में जो कामयाबी हासिल की**




एजेंसी

**नई दिल्ली।** स्कैम केस में गिरफ्तार एसबीआई के पूर्व चेयरमैन प्रतीप चौधरी की जमानत को सीजीएम कोर्ट ने खारिज कर दिया है। इसके साथ ही उन्हें कोर्ट की तरफ से 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। प्रतीप चौधरी पर आरोप है कि उन्होंने 200 करोड़ के होटल को 25 करोड़ में बेच दिया। फोर्ड रजवाड़ा नाम का ये लक्जरी होटल जिसे उन्होंने गलत तरीके से बेच दिया था। जैसलरमेर पुलिस ने उन्हें दिल्ली से पकड़ा और वापस जैसलरमेर भेज दिया। पूर्व एसबीआई चेयरमैन की गिरफ्तारी पूरे देश में चर्चा का विषय बनी हुई है। जैसलमेर की सदर थाना पुलिस ने हाई प्रोफाइल शख्सियत को गिरफ्तार करने में जो कामयाबी हासिल की, उसकी कहानी दिलचस्प और पूरी फिल्मी है। वहीं एसबीआई की तरफ से भी बयान सामने आया है। ऐसे में आपको बताते हैं कि क्या है पूरा मामला।

**200 करोड़ का होटल 25 करोड़ में बेचा**

2008 में जैसलमेर में बन रहे एक होटल के निर्माण के लिए एसबीआई से 24 करोड़ रुपये का लोन लिया था। इस दौरान ग्रुप के बाकी के होटल पूरी तरह चलाए जा रहे थे। लेकिन जब ग्रुप लोन का भुगतान करने में सक्षम नहीं रहा तो एनपीए का सहारा लिया गया। तब बैंक ने दोनों होटलों को सीज करने की ओर कदम बढ़ाया। इस दौरान चौधरी एसबीआई के चेयरमैन थे। इन 2 होटलों को एक कंपनी (Alchemist ARC Company) को 25 करोड़ रुपए में बेचा गया। टाइम्स ऑफ इंडिया का कहना है कि ये कंपनी रविवार को भाग गई। अल्कमिस्ट आर्क कंपनी ने होटलों को 2016 में लिया था। 2017 में जब इसका मूल्यांकन हुआ तो पता लगा कि प्रॉपर्टी का मार्केट प्राइज 160 करोड़ रुपए था और आज इसकी कीमत 200 करोड़ रुपए है। जैसलमेर सदर थाने में चौधरी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया था। जब ये मामला सामने आया, तब जैसलमेर में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने चौधरी और सात अन्य लोगों के खिलाफ गिरफ्तारी का वारंट जारी किया।

**गूगल की मदद से पुलिस ने ढूंढा**

प्रतीप की तलाश में लगी पुलिस को उसका कोई सुराग नहीं मिल रहा था। जब कहीं से मदद नहीं मिली तो पुलिस ने गूगल में प्रतीप चौधरी को सर्च कर उसके प्रोफाइल से जानकारी निकाली। जिसमें उसने खुद को कई अलग-अलग कंपनियों के डायरेक्टर के रूप में दर्शाया था। हर जगह जाकर पड़ताल के बाद पुलिस ने बंगालियों की बस्तियों में पता जानने की कोशिश की। फिर जानकारी मिली कि प्रतीप चौधरी चितरंजन पार्क के पास रहता है। इलाके में छानबीन करने के बाद एक घर पर 1591 और चौधरीज लिखा मिला। लगातार नजर बनाए रखने के बाद आखिरकार पुलिस टीम ने प्रतीप को पकड़कर जैसलमेर की ओर रवानगी भरी।

**एसबीआई ने दिया स्पष्टीकरण**

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने एक बयान में स्पष्टीकरण दिया है कि कि ऐसा प्रतीत होता है कि अदालत को घटनाओं के क्रम पर सही ढंग से जानकारी नहीं दी गई है। बैंक ने कहा कि एसबीआई इस मामले में पक्षकार नहीं था, इस कार्रवाई के तहत एसबीआई के पक्ष को सुनने का कोई अवसर नहीं था। बैंक ने दोहराया कि उक्त बिक्री करते समय सभी उचित प्रक्रियाओं का पालन किया गया था। बयान में कहा गया है कि बैंक पहले ही कानून प्रवर्तन और न्यायिक अधिकारियों को अपने सहयोग की पेशकश कर चुका है।

### KFC और Pizza Hut चलाने वाली कंपनी का आ रहा आईपीओ




**नई दिल्ली।** केएफसी और पिज्जा हट रेस्टोरेंट चलाने वाली सैफायर फूड्स इंडिया लिमिटेड ने मंगलवार को बताया कि उसने अपने प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के तहत कीमत का दायरा 1,120-1,180 रुपये प्रति शेयर तय किया है। आईपीओ का कुल आकार 2,073 करोड़ रुपये है और यह नौ नवंबर को खुलेगा। तीन दिन तक चलने वाला आईपीओ 11 नवंबर को बंद होगा। आईपीओ पूरी तरह बिक्री पेशकश (ओएफएस) के रूप में होगा, जिसके तहत कंपनी के प्रवर्तकों और मौजूदा शेयरधारकों द्वारा 17,569,941 इक्विटी शेयर की पेशकश की जाएगी। सैफायर फूड्स को समारा कैपिटल, गोल्डमैन सैक्स, सीएक्स पार्टनर्स और एडलवाइस जैसे प्रमुख निवेशकों का समर्थन हासिल है। सैफायर फूड्स के 31 मार्च 2021 तक भारत और मालदीव में 204 केएफसी रेस्तरां और भारत, श्रीलंका और मालदीव में 231 पिज्जा हट रेस्तरां थे।

# दिवाली पर जनता को बड़ी राहत

## पेट्रोल-डीजल पर एक्साइज ड्यूटी घटी, कितना कम हो जाएगा दाम?

**भारत सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर केंद्रीय उत्पाद शुल्क में क्रमशः पांच रुपये और 10 रुपये की कमी करने का एक महत्वपूर्ण फैसला किया है। इससे पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कमी आएगी।**



एजेंसी

**मुंबई।** दिवाली पर केंद्र सरकार ने आम लोगों को एक बड़ा तोहफा दिया है। सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर एक्साइज ड्यूटी को घटाया है। पेट्रोल 5 रुपए और डीजल 10 रुपए प्रति लीटर सस्ता होगा। पेट्रोल और डीजल की ये नई कीमकें 4 नवंबर यानी गुरुवार के दिन से पूरे देश में लागू होंगी। लगातार पेट्रोल और डीजल के दाम आसमान छू रहे थे। ऐसे में केंद्र सरकार की तरफ से ये बड़ा फैसला किया गया है। ये लंब समय से मांग की जा रही थी लेकिन तर्क ये दिया जा रहा था कि सरकार को अपने घाटे को भी देखना है। इस वजह से इसे कम नहीं किया जा सकता है। लेकिन अब लगातार कीमतें 100 रुपये से भी ऊपर पहुंच गई थी। जिसके बाद सरकार की तरफ से बड़ा कदम उठाया गया है।

**पेट्रोल और डीजल की कीमतों में आएगी कमी**

दिवाली की पूर्व संध्या पर की गयी इस घोषणा से तेल की आसमान छूती कीमतों को नीचे लाने में मदद मिलेगी और महंगाई की मार झेल रहे आम आदमी को भी कुछ राहत मिलेगी। एक आधिकारिक बयान में कहा गया, भारत सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर केंद्रीय उत्पाद शुल्क में क्रमशः पांच रुपये और 10 रुपये की कमी करने का एक महत्वपूर्ण फैसला किया है। इससे पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कमी आएगी। एक्साइज ड्यूटी में कटौती के बाद अब गुरुवार से राष्ट्रीय राजधानी में एक लीटर पेट्रोल की कीमत 103 रुपये 54 पैसे और डीजल की कीमत 86 रुपये 75 पैसे हो जाएगी।

**कच्चे तेल की कीमतों में देखा गया था उछाल**

बयान के मुताबिक किसानों ने अपनी कड़ी मेहनत से, 'लॉकडाउन' के दौरान भी आर्थिक वृद्धि की गति को बनाए रखा और डीजल पर उत्पाद शुल्क में भारी कमी से उन्हें आगामी रबी सीजन के दौरान प्रोत्साहन मिलेगा। हाल के महीनों में, कच्चे तेल की कीमतों में वैश्विक स्तर पर उछाल देखा गया है। इस वजह से हाल के हफ्तों में पेट्रोल और डीजल की घरेलू कीमतों में वृद्धि हुई है, जिससे मुद्रास्फीति संबंधी दबाव बढ़ गया है।

# इंडसइंड बैंक ने व्हिसलब्लोअर के दावों को बताया निराधार

## मई में ग्राहकों की सहमति के बिना दिए 84,000 लोन

एजेंसी



**मुंबई।** इंडसइंड बैंक ने 'लोन एवरग्रीनिंग' पर व्हिसलब्लोअर के दावों को पूरी तरह से ''गलत और निराधार'' बताते हुए हुए शनिवार को स्वीकार किया कि उसने मई में तकनीकी गड़बड़ी के कारण 84,000 हजार ग्राहकों को बिना उनकी सहमति के ऋण दिया। 'लोन एवरग्रीनिंग' का अर्थ डिफाल्ट की कगार पर पहुंच चुके ऋण का नवीनीकरण करने के लिए उस फर्म को ताजा ऋण देना है। निजी क्षेत्र के बैंक ने सफाई देते हुए कहा कि फील्ड कमचारियों ने दो दिन के भीतर ही बिना सहमति के ग्राहकों को ऋण देने की सूचना दी थी, जिसके बाद इस गड़बड़ी को तेजी से ठीक कर लिया गया।

**इंडसइंड बैंक ने व्हिसलब्लोअर केदावो को निराधार बताया है जिसमें मई में ग्राहकों की सहमति के बिना 84,000 हजार ऋण दिया।निजी क्षेत्र के बैंक ने सफाई देते हुए कहा कि फील्ड कमचारियों ने दो दिन के भीतर ही बिना सहमति के ग्राहकों को ऋण देने की सूचना दी थी,जिसके बाद इस गड़बड़ी को तेजी से ठीक कर लिया गया।**

एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार अज्ञात व्हिसलब्लोअर ने बैंक प्रबंधन और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को इंडसइंड बैंक की सहायक इकाई बीएफआईएल द्वारा दिए गए इस तरह के ऋण के बारे में एक पत्र लिखा है, जिसमें कुछ शर्तों के साथ ऋण के नवीनीकरण (लोन एवरग्रीनिंग) का आरोप लगाया गया है। इस तरह जहां मौजूदा ग्राहक अपना कर्ज नहीं चुका पा रहे थे, वहां उन्हें नया ऋण दिया गया, ताकि बही-खातों को साफ रखा जा सके। बैंक ने इन आरोपों पर कहा, ''हम लोन एवरग्रीनिंग के आरोपों का पूरी तरह से खंडन करते है। बीएफआईएल द्वारा जारी और प्रबंधित ऋण नियामक द्वारा जारी दिशानिर्देशों का पूरी तरह से पालन करने के बाद ही दिए गए। इसमें कोविड-19 की पहली और दूसरी लहर के प्रकोप के दौरान दिए गए ऋण भी शामिल है।'' बैंक ने कहा कि मई 2021 में तकनीकी गड़बड़ी के कारण करीब 84,000 ग्राहकों को बिना अनुमति के ऋण दिए गए।

**सुरक्षा** | साइबर धोखाधड़ी के तहत बैंक खाते से चुराए गए धन को फिर से ऐसे प्राप्त करें

# साइबर धोखाधड़ी से चुराए गए पैसे बचने के लिए रिजर्व बैंक ने बताए ये तरीके

**अधिकांश लोगों के मन में अब यह सवाल उठता है कि यदि ऐसा कोई ट्रांजेक्शन हुआ है तो पैसा कैसे वापस मिलेगा? यही नहीं, यदि बैंक खाते से पैसे निकलने पर शिकायत कर भी दी तो आखिरकार बैंक हमारे पैसे कहां से लौटाएगा।**



एजेंसी

**नई दिल्ली।** क्या आपको पता है कि यदि आपके बैंक अकाउंट से धोखाधड़ी हुई है तो समय पर बैंक को शिकायत करने के पश्चात आपको सारे पैसे वापस मिल जाएंगे? यदि नहीं पता तो यह याद रखिये कि इसका तरीका खुद भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने ही बताया है। जिसके मुताबिक यदि आपके बैंक खाते से कोई गलत तरीके से रकम निकाल लेता है तो आप तीन दिन के अंदर ही इस मामले के बारे में बैंक को शिकायत कर सकते हैं। यदि आप ऐसा करते हैं तो आपको यह नुकसान नहीं उठाना पड़ेगा। इस बात में कोई दो राय नहीं कि डिजिटल लेन-देन के बढ़ते प्रचलन के बीच बैंक खाता (अकाउंट) से धोखाधड़ी की घटनाएं आम बात हो चुकी हैं। ऐसी घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं, जहां गैर कानूनी ढंग से बैंक अकाउंट से अनधिकृत लेनदेन होते हैं। इसे ही ऑनलाइन फ्रॉड, डिजिटल फ्रॉड या साइबर फ्रॉड (धोखाधड़ी) समझा जाता है। देखा जाता है कि हैकर्स एन केन प्रकारेण आपके अकाउंट की डिटेल्स हासिल करके उससे पैसे निकाल लेते हैं। हालांकि, अपने अकाउंट में सेंध लगने के बाद भी अक्सर लोग बस यही सोचकर चुप चाप बैठ जाते हैं कि उनका पैसा तो अब डूब गया। लेकिन, आरबीआई के प्रावधानों के मुताबिक ऐसा नहीं है। यदि आप उचित माध्यम से 72 घण्टे के भीतर ऐसी सूचनाएं अपने बैंक को दे देते हैं तो आपको आपका पूरा पैसा वापस मिल सकता है। है न खुशी की बात।

**भारतीय रिजर्व बैंक ने भी बताया है सरल तरीका**

खास बात यह कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने इसका सरल तरीका भी बताया है। उसका कहना है कि यदि कोई भी अनधिकृत लेन-देन होता है तो उसके बाद भी आपका पूरा पैसा आपको वापस मिल सकता है। बस इसके लिए अतिरिक्त सतर्कता यानी अपने खातों से प्राप्त होने वाले लेन-देन के मैसेज को लेकर चौकस रहना जरूरी है। भारतीय रिजर्व बैंक स्पष्ट कहता है कि ऐसे किसी भी लेन-देन (ट्रांजेक्शन) की जानकारी तुरंत देकर आप अपने अप्रत्याशित नुकसान से बच सकते हैं। बीते दिनों भारतीय रिजर्व बैंक ने एक ट्वीट करते हुए कहा है कि ₹यदि अनधिकृत इलेक्ट्रॉनिक लेन-देन से आपका नुक़सान हुआ हो, तो आपकी देयता न केवल सीमित हो सकती है, बल्कि शून्य भी हो सकती है, यदि आप अपने बैंक को तुरन्त सूचित करते हैं।" आशय स्पष्ट है कि अगर आपके खाते से कोई गैरकानूनी ट्रांजेक्शन हुई है तो उसकी सूचना तुरंत अपने बैंक को दें। बिना देरी किये सूचना देने से आप बच सकते हैं। ऐसा करना से आपके सारे पैसे आपको मिल सकते हैं। इसलिए इसे याद रखिये और अनुकरण कीजिए। जिन्हें इस बारे में नहीं पता, उन्हें भी जागरूक कीजिए।

**जानिए कि ऑनलाइन फ्रॉड होने पर कैसे मिलेंगे पूरे पैसे वापस?**

अधिकांश लोगों के मन में अब यह सवाल उठता है कि यदि ऐसा कोई ट्रांजेक्शन हुआ है तो पैसा कैसे वापस मिलेगा? यही नहीं, यदि बैंक खाते से पैसे निकलने पर शिकायत कर भी दी तो आखिरकार बैंक हमारे पैसे कहां से लौटाएगा। तो जवाब स्वरूप यह जान लीजिए कि बैंकों की तरफ से ऐसे साइबर फ्रॉड के दृष्टिगत ही इंश्योरेंस पॉलिसी ली जाती है। इसलिए बैंक आपके साथ हुई धोखाधड़ी (फ्रॉड) की सारी जानकारी सीधे इंश्योरेंस कंपनी को बताएगा, फिर वहां से इंश्योरेंस के पैसे लेकर आपके नुकसान की भरपाई करेगा। इसके अलावा, साइबर धोखाधड़ी (फ्रॉड) से बचने के लिए इंश्योरेंस कंपनियां भी अब लोगों को सीधे कवरेज दे रही हैं। इसका भी फायदा आप उठा सकते हैं।

**साइबर धोखाधड़ी होने के 72 घण्टे के भीतर करें शिकायत**

यदि आपके बैंक खाते से कोई गलत तरीके से रकम निकाल लेता है और आप तीन दिन के भीतर इस मामले के बारे में बैंक को अपनी शिकायत करते हैं तो आपको यह नुकसान नहीं उठाना पड़ेगा। क्योंकि आरबीआई ने स्पष्ट रूप से यह भी कहा है कि निर्धारित अवधि में बैंक को समुचित सूचना दे देने पर ग्राहक के खाते से धोखाधड़ी कर निकाली गई रकम दस दिन के भीतर उसके बैंक खाते में वापस आ जाएगी। आरबीआई ने साफ कहा है कि यदि बैंक खाते से हुई धोखाधड़ी की रिपोर्ट 4-7 दिन बाद भी की जाती है, तो ग्राहक को 25,000 रुपये तक का नुकसान खुद उठाना होगा। बाद बाकी कि भरपाई बैंक उचित माध्यम से करवाएगा।

यदि आप चाहें तो साइबर धोखाधड़ी से बचने के लिए अपना इंश्योरेंस भी करा सकते हैं। बजाज एलियांज और एचडीएफसी अर्गो जैसी बीमा कंपनियां ऐसे इंश्योरेंस मुहैया कराती हैं। जिसमें यदि आपके खाते में कोई साइबर धोखाधड़ी होती है तो आपको आपके पैसे वापस मिल जाएंगे। इस प्रकार ऑनलाइन ट्रांजेक्शन के चलते साइबर धोखाधड़ी (फ्रॉड) से बचने के इंश्योरेंस का स्कोप भी काफी बढ़ गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### मध्य यमन में हुई हिंसक झड़प में 200 से ज्यादा लड़ाके मारे गए



**सना।** यमन की सरकारी फौज और हूती विद्रोहियों के बीच पिछले दो दिनों में मारिब प्रांत में हुई हिंसक झड़पों में कम से कम 200 लड़ाके मारे गये हैं। दोनों पक्षों के सुरक्षा अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। नाम उजागर न करने की शर्त पर उन्होंने कहा कि हूती विद्रोहियों के लड़ाके अधिक संख्या में मारे गए। अधिकारियों ने कहा कि झड़प में सैकड़ों अन्य घायल भी हुए हैं। कई वर्षों से हूती विद्रोही यमन के उत्तरी हिस्से में मारिब पर पूरी तरह से नियंत्रण करने का प्रयास कर रहे हैं क्योंकि वहां प्रचुर मात्रा में तेल उपलब्ध है।

### डब्ल्यूएचओ से स्वीकृत टीकों के निर्माता कोवैक्स को प्राथमिकता दें: विश्व स्वास्थ्य संगठन प्रमुख

**जिनेवा।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के प्रमुख ने बृहस्पतिवार को कहा कि कोविड-19 रोधी जिन टीकों को डब्ल्यूएचओ से आपात इस्तेमाल की मंजूरी मिल गई है उनके निर्माताओं को अपने शेयरधारकों के मुनाफे के बजाय कोवैक्स को प्राथमिकता देनी चाहिए। डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक टेड्रोस अधानोम घेब्रेयेसस ने यह टिप्पणी डब्ल्यूएचओ द्वारा भारत बायोटेक के कोविड रोधी टीके 'कोवैक्सीन' को आपात इस्तेमाल की मंजूरी देने के एक दिन बाद की है। उन्होंने कोरोना वायरस पर मीडिया ब्रीफिंग में कहा, " कल हमने एक और टीका शामिल किया है। कोवैक्सीन को आपात इस्तेमाल के लिए सूचीबद्ध किया गया है। यह सुरक्षा, प्रभावकारिता और गुणवत्ता के लिए डब्ल्यूएचओ की वैधता प्राप्त करने वाला आठवां टीका है।"

घेब्रेयेसस ने कहा, " हम डब्ल्यूएचओ द्वारा आपात उपयोग के लिए सूचीबद्ध टीकों के निर्माताओं से शेयरधारकों के लाभ के बजाय कोवैक्स को प्राथमिकता देने का आह्वान करते रहेंगे।" उन्होंने कहा कि जिन टीकों को डब्ल्यूएचओ से अभी आपात इस्तेमाल की मंजूरी नहीं मिली है, वे उससे संपर्क करें और चर्चा करें कि प्रक्रिया को तेज़ कैसे किया जा सकता है। कोवैक्स, एक वैश्विक पहल है जिसका लक्ष्य टीके तक समतापूर्ण पहुंच उपलब्ध कराना है।

### ऐसा कोई सगा नहीं जिसे चीन ने ठगा नहीं, पाक के बाद अब बांग्लादेश भी चीनी रक्षा उत्पाद से हुआ परेशान



**एजेंसी।** चीन द्वारा बनाए गए अधिकतर प्रोडक्ट्स को लेकर समय-समय पर सवाल उठते रहते हैं। चीन की पुरानी नीति है कि जिससे भी वो व्यापारिक दृष्टिकोण के लिहाज से नजदीकियां बढ़ाता है उसे चूना जरूर लगा देता है। चाहे वो पाकिस्तान को बिना गारंटी वाले घटिया किस्म के ड्रोन देने की बात हो या फिर श्रीलंका को बैक्टिरीया वाला खाद थमा देने की। ऐसा कोई सगा नहीं है जिसे ड्रैगन ने ठगा नहीं है। लेकिन ताजा मामला भारत के एक और पड़ोसी देश बांग्लादेश से जुड़ा है। एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि पिछले एक दशक में चीन से खरीदे गए युद्धपोतों और विमानों में कई तकनीकी खामियां पाई गई हैं। चाहे वो चीन के एयर डिफेंस सिस्टम हो एयरक्राफ्ट हो या नेवल शिप हो सभी में कुछ न कुछ कमियां निकलकर आ रही हैं। बांग्लादेश की नेवी ने पिछले दस सालों में 2.59 बिलियन डॉलर चीन के सैन्य उपकरणों को खरीदने में खर्च कर दिए हैं। इसमें टाइप 053एच3 ब्रिगेड जिसे बांग्लादेश की नेवी को सौंपा गया था उसके फायर कंट्रोल सिस्टम में खराबी आ चुकी है। जिसकी वजह से हेलीकॉप्टरों को उन दोनों युद्धपोतों से ईंधन भरने में भी दिक्कत हो रही है। चीनी प्रशिक्षण विमान डायमंड डीए-40 के कंट्रोल सिस्टम में भी दिक्कतें पाई गई हैं। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि चीन से खरीदा गया हल्का युद्धक विमान काराकोरम-6 (K-6) अपने हथियारों के परिवहन और संचालन प्रणाली को ठीक से नहीं चला रहा था। बांग्लादेश वायु सेना के पास वर्तमान में तीन K-8 विमान हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि चीन से खरीदी गई कम दूरी की मिसाइल रोधी प्रणाली FM 90 (HQ6) इसकी बैटरी और अन्य घटकों के साथ गंभीर यांत्रिक समस्याओं के कारण लगभग अनुपयोगी हो गई है। गौरतलब है कि लगभग एक दशक पहले बांग्लादेश में नौसेना और वायु सेना के आधुनिकीकरण पर काम शुरू हुआ था। उस प्रक्रिया के हिस्से के रूप में 2014 में बांग्लादेश नौसेना ने चीन से दो टाइप 053 एच 2 (जिंगहेई 2 क्लास) फ्रिगेट खरीदे। बाद में दो और टाइप 053H3 (जियानघु 3 क्लास) फ्रिगेट खरीदे गए। तब से चीन से दो टाइप 057 कार्वेट खरीदे गए हैं। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि दो 053 H3 (जियानघु 3 क्लास) फ्रिगेट में फॉल्ट कंट्रोल सिस्टम होते हैं। हेलीकॉप्टरों को उन दोनों युद्धपोतों से ईंधन भरने में भी दिक्कत हो रही है। बांग्लादेश सेना के तकनीशियन समस्या को हल करने की कोशिश कर रहे हैं। हालांकि अभी इस मामले की आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। ये तो सभी जानते हैं कि चीनी सामान की कोई गारंटी नहीं होती। जब तक चले तब तक तो ठीक है, लेकिन खराब हुआ तो कबाड़ी भी उसे नहीं लेता। चीन से मानव रहित लड़ाके हवाई वाहनों की खरीद की थी। चीन के चेंगदू एयरक्राफ्ट इंडस्ट्री ने पाकिस्तान को तीन सशस्त्र ड्रोन जनवरी 2021 में दिए थे, जिन्हें पाकिस्तानी वायु सेना में शामिल किया गया था, लेकिन कुछ ही दिनों बाद इन ड्रोन में खराबी आ गई और अंततः इन्हें वायु सेना के बेड़े से बाहर कर दिया गया और इनका इस्तेमाल बंद हो गया।

# कट्टरपंथियों के सामने झुकी इमरान खान सरकार

## तहरीक-ए-लब्बैक के कई नेताओं को किया गया रिहा

एजेंसी

**लाहौर।** पाकिस्तान की एक आतंकवाद रोधी अदालत ने प्रतिबंधित कट्टरपंथी इस्लामी संगठन तहरीक-ए-लब्बैक पाकिस्तान (टीएलपी) के कई नेताओं को आतंकवाद से संबंधित धाराओं के तहत दर्ज मामलों में जमानत दे दी है। एक मीडिया रिपोर्ट में शनिवार को यह जानकारी दी गयी। डॉन समाचार पत्र की खबर के मुताबिक, शनिवार को जमानत पाने वाले सभी लोगों के खिलाफ पिछले महीने पंजाब प्रांत में टीएलपी कार्यकर्ताओं और सुरक्षा अधिकारियों के बीच हुई झड़पों के बाद आतंकवाद से संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था। इस कदम को टीएलपी नेता हाफिज साद हुसैन रिजवी की रिहाई और ईशनिंदा वाले कार्टून प्रकाशित करने पर फ्रांसीसी राजदूत के



**पाकिस्तान में आतंकवाद रोधी अदालत ने तहरीक-ए-लब्बैक के कई नेताओं को जमानत दी है। डॉन समाचार पत्र की रिपोर्ट के अनुसार, टीएलपी नेतृत्व को आश्वासन दिया गया था कि पाकिस्तान सरकार उनके खिलाफ मामूली मामलों पर जोर नहीं देगी लेकिन आतंकवाद रोधी कानून के तहत दर्ज मामलों का फैसला अदालतों द्वारा किया जाएगा**

निष्कासन की मांग को लेकर हिंसक प्रदर्शनों के बाद पाकिस्तान सरकार और प्रतिबंधित संगठन के बीच गुप्त समझौते के तौर पर देखा जा रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि न्यायाधीश एजाज अहमद बटर और न्यायाधीश हुसैन भुट्टा ने 20 से अधिक मामलों में जमानत याचिकाओं पर सुनवाई की। अदालत ने सभी टीएलपी नेताओं को एक-एक लाख रुपये का मुचलका जमा करने का निर्देश दिया। पाकिस्तान सरकार के वार्ताकारों की टीम, जिसमें प्रभावशाली मौलवी भी शामिल हैं, ने 31 अक्टूबर को दावा किया था कि प्रतिबंधित संगठन के साथ आम सहमति बन गयी है, लेकिन उन्होंने इस संबंध में कोई विवरण देने से इनकार कर दिया था। टीएलपी नेतृत्व को आश्वासन दिया गया था कि पाकिस्तान सरकार उनके खिलाफ मामूली मामलों पर जोर नहीं देगी लेकिन आतंकवाद रोधी कानून के तहत दर्ज मामलों का फैसला अदालतों द्वारा किया जाएगा। सरकार ने टीएलपी को यह भी आश्वासन दिया है कि उनके खिलाफ प्रतिबंध हटाने के लिए कदम उठाए जाएंगे। इस बीच, पंजाब के गृह विभाग द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि पिछले हफ्ते कानून व्यवस्था के तहत हिरासत में लिए गए 860 टीएलपी कार्यकर्ताओं को रिहा कर दिया गया है।

# अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने दिवाली की शुभकामनाएं दीं



एजेंसी


**वाशिंगटन।** अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने दीपावली मना रहे दुनियाभर के लोगों और सभी अमेरिकियों को बृहस्पतिवार को दीपों के उत्सव की बधाई दी और कहा कि इस साल कोविड-19 महामारी के मद्देनजर इस त्योहार के गहरे मायने हैं। हैरिस ने एक वीडियो संदेश में कहा, ''मैं यहां अमेरिका में और दुनियाभर में दीपों का उत्सव मना रहे सभी लोगों को दिवाली की हार्दिक शुभकामनाएं देती हूं। विध्वंसकारी महामारी के मद्देनजर इस साल दिवाली के गहरे मायने हैं।'' उन्होंने कहा, ''यह उत्सव हमें अपने देश के सबसे पवित्र मूल्यों,

**अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने दीपावली मना रहे दुनियाभर के लोगों और सभी अमेरिकियों को बृहस्पतिवार को दीपों के उत्सव की बधाई दी**

परिवार और दोस्तों के प्यार के लिए हमारे आभार, जरूरतमंद लोगों के प्रति मदद का हाथ बढ़ाने की हमारी जिम्मेदारी और अंधेरे पर रोशनी को चुनने की हमारी ताकत, ज्ञान और बुद्धिमत्ता की तलाश, अच्छाई और अनुग्रह का स्रोत बने रहने की याद दिलाता है। हमारे परिवार की ओर से मैं आप सभी को दिवाली की शुभकामनाएं देती हूं।

## पेट्रोल से ज्यादा महंगी बिक रही है चीनी

# महंगाई से हाल-बेहाल हुआ पाकिस्तान



एजेंसी

**इस्लामाबाद।** कर्ज की मार झेल रहे पाकिस्तान को अब मंहगाई की भी मार झेलनी पड़ रही है। आम जनता परेशान है कि कैसे इस मंहगाई के दौर पर अपना दाना-पानी चलाएं। एक खबर के मुताबिक, पाकिस्तान में चीनी के दाम पेट्रोल से भी ज्यादा हो गए हैं। जियो न्यूज की एक रिपोर्ट के मुताबिक, सरकार ने आवश्यक चीजों के दामों को कम करने का आम जनता को आश्वासन दिया था लेकिन दामों में कमी के कोई भी आसार नज़र नहीं आ रहे है। बता दें कि, अभी भी पाकिस्तान के कई शहरों में चीनी के दाम 150 रुपये प्रति किलोग्राम है वहीं पेट्रोल के दाम 138.30 रुपये प्रति लीटर है। पेशावर जो कि थोक बाजार

**पाकिस्तान के कई शहरों में चीनी के दाम 150 रुपये प्रति किलोग्राम है वहीं पेट्रोल के दाम 138.30 रुपये प्रति लीटर है। पेशावर जो कि थोक बाजार के लिए जाना जाता है वहां, चीनी के दाम में 8 रुपये प्रति किलो की बढ़ोतरी हुई है**

के लिए जाना जाता है वहां, चीनी के दाम में 8 रुपये प्रति किलो की बढ़ोतरी हुई है।

जियो न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, शुगर डीलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष ने बताया कि, चीनी को इस समय 140 रुपये प्रति किलो के थोक दर पर बेचा जा रहा है वहीं खुदरा मूल्य 145 रुपये से बढ़कर 150 रुपये प्रति किलो हो गया है। लाहौर में थोक बाजार में चीनी की कीमत एक दिन पहले 126 रुपये प्रति किलोग्राम थी लेकिन अब इन दामों में बढ़ोतरी हुई है। बताया जा रहा है कि, अवैध लाभ कमाने के लिए चीनी डीलर आर्टिफिशल कमी पैदा कर रहे है और इसी के कारण इनके दामों में तेजी से इजाफा हो रहा है। पाकिस्तान के शहर कराची से लेकर क्वेटा तक में चीनी के दामों की स्थिति में कोई भी कमी नहीं आई है। वहीं पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने 120 बिलियन रुपये के देश के सबसे बड़े सब्सिडी पैकेज की घोषणा की थी जिसके तहत लोगों 130 मिलियन लोगों को घी, आटा और दालों पर 30 प्रतिशत की छूट मिलेगी।

# पेंटागन की रिपोर्ट होश उड़ाने वाली, भारत के लिए बड़ा खतरा बनता जा रहा चीन!

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत के लिए चीन बड़ा खतरा बनता जा रहा है। चीन को लेकर पेंटागन की रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि एलएसी पर तेजी से सैन्य साजो सामान जुटा रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक चीन ने तिब्बत के विवादित क्षेत्र में भारत के अरुणाचल प्रदेश के नजदीक करीब 100 घरों वाला एक गांव बना लिया है। अमेरिकी रक्षा विभाग पेंटागन ने चीन को लेकर एक रिपोर्ट जारी की है जिसमें चीन के सैन्य मिशन और राष्ट्रपति शी जिनपिंग के नेतृत्व में बढ़ते प्रभाव से लेकर नए समय में शुरू की गई उसकी योजनाओं तक हर चीज के बारे में विस्तार से बताया गया है। इसमें ताइवान संकट भारत-चीन सीमा तनाव के साथ-साथ पिछले साल पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के अलग-अलग अभ्यासों के पैटर्न पर डाटा भी दिया गया है। रिपोर्ट में बताया गया है कि चीन नहीं चाहता कि अमेरिका के साथ भारत के रिश्ते बेहरत हो। इसलिए वो भारत को रोकना चाहता है।

**तिब्बत के विवादित क्षेत्र में बसाया गांव**

भारत के लिए चीन बड़ा खतरा बनता जा रहा है। चीन को लेकर पेंटागन की रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि एलएसी पर तेजी से सैन्य साजो सामान जुटा रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक चीन ने तिब्बत के विवादित क्षेत्र में भारत के अरुणाचल प्रदेश के नजदीक करीब 100 घरों वाला एक गांव बना लिया है। सीमावर्ती इलाके में बना ये गांव सुविधाओँ से परिपूर्ण है और युद्ध की स्थिति में सेना को सहायता प्रदान कर सकता है। चीन वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के करीब बुनियादी सुविधाओं के विकास को लेकर अक्सर भारत पर आरोप लगाता रहता है। जबकि वास्तव में चीन यह कार्य खुद तेजी से कर रहा है। कई इलाकों में वह रेलवे लाइन भी बिछा चुका है जिस पर तेज गति से ट्रेन चल सकती हैं।

**सामरिक कार्रवाई करना जारी रखा**

पेंटागन की रिपोर्ट में कहा गया है कि सीमा पर तनाव



कम करने के लिए चल रही राजनयिक और सैन्य बातचीत के बावजूद चीन ने भारत के साथ एलएसी पर अपने दावों को साबित करने के लिए सामरिक कार्रवाई करना जारी रखा है। पेंटागन ने कहा कि मई 2020 की शुरुआत में, चीनी सेना ने सीमा पार से भारतीय नियंत्रित क्षेत्र में घुसपैठ शुरू की और एलएसी पर गतिरोध वाले कई स्थानों पर सैनिकों को तैनात किया। जून 2021 तक, चीन और भारत ने एलएसी पर बड़े पैमाने पर तैनाती जारी रखी थी। इसके अलावा, तिब्बत और शिनजियांग सैन्य जिलों से एक पर्याप्त रिजर्व बल पश्चिमी चीन के अंदरुनी हिस्सों में तैनात किया गया था ताकि त्वरित प्रतिक्रिया के लिये तैयार रहा जा सके। जून 2020 में गलवान घाटी में हुई झड़प में 20 भारतीय सैनिकों की मौत हो गई थी। 1975 के बाद एलएसी पर जान जाने का यह पहला मामला था।

**चीन नहीं चाहता कि भारत-अमेरिका करीब आएं**

इसके साथ ही चीन ने अमेरिका के साथ भारत के रिश्तों को गहरा करने से रोकने की पूरी कोशिश की है। रक्षा विभाग ने अमेरिकी कांग्रेस को बताया, पीआरसी (पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना) नहीं चाहता कि सीमा विवाद के चलते भारत और अमेरिका और निकट आएं। पीआरसी अधिकारियों ने अमेरिकी अधिकारियों को भारत के साथ पीआरसी के संबंधों में हस्तक्षेप नहीं करने की चेतावनी दी है।

**कितनी हकीकत, कितना अफवाह** | पिछले 650 दिनों से जिनपिंग ने क्यों नहीं रखा देश से बाहर कदम?

# तख्तापलट की आशंका या खराब सेहत है वजह


**पिछले हफ्तों जब दुनिया की 20 बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के नेता रोम में जी20 की शिखर बैठक के लिए मिले तो चीन के राष्ट्रपति इस बैठक से नदारद थे। इसके ठीक बाद ब्रिटेन के शहर ग्लासगो में क्लाइमेट समिट में भी उन्हें नहीं देखा गया**

एजेंसी

**बीजिंग।** एक ऐसा राष्ट्रपति जो अपने देश को भविष्य में सुपरपावर के रूप में देखता है और दो साल पहले तक 12 महीनों में दुनिया के 13-14 देशों की यात्रा कर लेता था। अभी बाहर निकलने से गुरेज कर रहा है। कई महीने से चीन नहीं छोड़ने पर जिनपिंग को लेकर अफवाहों का बाजार गर्म हो गया है। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग 21 महीने से देश से बाहर नहीं गए हैं। ग्लासगो वर्चुअल समिट में भी शामिल नहीं होने के लिए बहाना बनाया। शी जिनपिंग कहां हैं ये हर कोई जानना चाहता है। चीनी राष्ट्रपति के समिट में शामिल नहीं होने को लेकर बचकाना जवाब सामने आया कि उन्हें वीडियो लिंक नहीं मिला, हालांकि फिर चीन को सफाई भी देनी पड़ी। बाद में साफ हो गया कि वीडियो लिंक तो भेजा गया था। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि जिनपिंग गंभीर रूप से बीमार हैं। उन्हें चलने और बैठने में दिक्कत है। कहा जा रहा है कि मुल्क के कई अरबपति बिजनेसमैन के खिलाफ कार्रवाई की वजह से वो निशाने पर हैं।

**ग्लासगो के क्लाइमेट समिट से भी नदारद**

पिछले हफ्तों जब दुनिया की 20 बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के नेता रोम में जी20 की शिखर बैठक के लिए मिले तो चीन के राष्ट्रपति इस बैठक से नदारद थे। इसके ठीक बाद ब्रिटेन के शहर ग्लासगो में क्लाइमेट समिट में भी उन्हें नहीं देखा गया। ग्लासगो समिट पर्यावरण के बारे में था। लेकिन इस मंच से चीन का सर्वोच्च नेता गायब था। चीन का प्रतिनिधित्व विदेश



मंत्री वांग ये ने किया।

**जी 20 से किनारा**

शी जिनपिंग ने कोरोना का बहाना लेकर जी20 शिखर सम्मेलन में वर्चुअली शामिल होने का फैसला लिया। जिनपिंग ने कहा कि चीन में रहकर वर्चुअली कोरोना वायरस पर फोकस करना चाहते हैं। लेकिन सच्चाई जिनपिंग के बयान से काफी अलग है। जी 20 की बैठक में ग्लोबल कारपोरेट टैक्स, ग्लोबल सप्लाई चेन की मरम्मत, कोरोना वायरस वैक्सीन सप्लाई और पर्यावरण को नष्ट होने से बचाने के कदमों पर विचार हुए।

**कितनी हकीकत, कितना अफवाह**

पार्टी में बढ़ रहा विरोधः अपनी ही पार्टी में जिनपिंग विरोधियों के निशाने पर हैं जिससे कयास लगाए जा रहे हैं कि उन्हें गद्दी छिनने का डर है। ये भी जानकारी आ रही है कि कोरोना को लेकर उनका विरोध कहीं न हो जाए, जहां भी वो जाए। इस विरोध से बचने के लिए वो कहीं जाना नहीं चाह रहे। जिनपिंग की पार्टी की इसी महीने एक बड़ी बैठक होने वाली है। अलीबाबा के जैक मा और दूसरे कई अरबपति बिजनेसमैन के खिलाफ कार्रवाई की वजह से वो निशाने पर हैं। माना जा रहा है कि जिनपिंग का पार्टी में ही विरोध बढ़ता जा रहा है।

जिस वजह से सियासी रूप से भी वो कमजोर होते जा रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार तख्तापलट के डर से जिनपिंग 650 दिनों से देश से बाहर नहीं गए और बीजिंग में ही डेरा जमाए हुए हैं। जिनपिंग ने 18 जनवरी 2020 के बाद से देशनहीं छोड़ा है। जनवरी में जिनपिंग आखिरी दौरे पर म्यांमार गए थे। कई मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया कि 2019 में जिनपिंग के इटली, मोनाको और फ्रां दौरे के दौरान खराब सेहत की झलक नजर आई थी। जिसके पीछे ये दलील दी गई कि गार्ड ऑफ ऑनर के निरीक्षण के वक्त जिनपिंग लड़खड़ाते दिखे थें। वहीं फ्रांस के राष्ट्रपति संग वार्ता के दौरान भी बैठने के लिए कुर्सी को पकड़ कर सहारा लिया था। इसके साथ ही इकोनॉमिक जोन की स्थापना कार्यक्रम में उन्हें बार-बार खांसते और पानी पीते नजर आए।

**टेलीफोन वार्ता पर जोर**

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक चीनी राष्ट्रपति काफी लंबे वक्त से किसी विदेशी राजनेता से नहीं मिले हैं। ऐसे किसी विदेशी राजनेता का दौरा नहीं हो रहा है जिनका जिनपिंग से मुलाकात का कार्यक्रम हो। किसी दूसरे देश के नेता चीन आ भी रहे हैं तो बीजिंग को छोड़ दूसरे शहर पहुंच रहे हैं। ऐसे में चीन का कोई दूसरा मंत्री उनसे मुलाकात करता है और राष्ट्रपति को उनका सामना नहीं करना पड़ता है। मौजूदा समय में चीनी राष्ट्रपति का ज्यादा जोर टेलीफोन वार्ता पर है। आखिरी विदेश दौरे के बाद से उन्होंने व्लादिमीर पुतिन, एंजेला मर्कैल, इमैनुअल मैक्रो समेत करीब सात राष्ट्राध्यक्षों से फोन पर बात की है। मौजूदा वर्ष में चीनी राष्ट्रपति ने कई अंतरराष्ट्रीय बैठकों में हिस्सा लिया है। लेकिन ये सारी की सारी वर्चुअल बैठके थीं।

**बिना कारण टाली बैठकें**

जिनपिंग ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन से फोन पर ही बात की थी। ब्रिक्स देशों की बैठक में भी वो वर्चुअल ही शामिल हुए थे।

पिछले कुछ समय में चीन के राष्ट्रपति अमेरिकी विदेश मंत्री, सिंगापुर के प्रधानमंत्री और डेनमार्क के प्रधानमंत्री के साथ प्रस्तावित बैठकें स्थगित कर चुके हैं। बिना कोई कारण बताए उनकी तरफ से इस तरह बैठकों को स्थगित किया जाना भी उनकी खराब तबीयत की अटकलों को बल दे रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### बांग्लादेश टीम को बड़ा झटका, हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण टी20 सीरीज से बाहर हुए शाकिब

**ढाका।** हैमस्ट्रिंग की चोट (मांसपेशियों में खिंचाव) के कारण मौजूदा आईसीसी टी20 विश्व कप से बाहर होने वाले बांग्लादेश के हरफनमौला खिलाड़ी शाकिब अल हसन का पाकिस्तान के खिलाफ 19 नवंबर से शुरू होने वाली तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला से भी बाहर होना लगभग तय है। टी20 विश्व कप में वेस्टइंडीज के खिलाफ मैच के दौरान चोटिल होने वाले 34 साल के शाकिब अपने देश में खेली जाने वाली टी20 श्रृंखला के बाद दो टेस्ट मैचों के लिए उपलब्ध हो सकते हैं। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के मुख्य चिकित्सक देबाशीष चौधरी के हवाले से 'क्रिकबज' ने बताया, ''शाकिब को ठीक होने और मैदान पर वापस आने में कम से कम तीन सप्ताह लगेंगे। वह टेस्ट श्रृंखला तक फिट हो सकते हैं।'' चौधरी को उम्मीद है कि पेट दर्द के कारण विश्व कप के तीन मैचों से टीम से बाहर रहे विकेटकीपर बल्लेबाज नुरुल हसन टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए उपलब्ध होंगे। बांग्लादेश और पाकिस्तान के बीच तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के मैच 19, 20 और 22 नवंबर को खेले जाएंगे जबकि टेस्ट श्रृंखला के मुकाबले 26 नवंबर और चार दिसंबर से शुरू होंगे।

### सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी: रुतुराज ने लगातार तीसरा अर्धशतक जड़ा, महाराष्ट्र ने ओडिशा को हराया



**लखनऊ।** रुतुराज गायकवाड़ के लगातार तीसरे अर्धशतक (47 गेंदों पर 81 रन) की मदद से महाराष्ट्र ने सैयद मुश्ताक अली ट्राफी टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट के ग्रुप ए मैच में शनिवार को यहां ओडिशा को 27 रन से पराजित किया। ग्रुप के एक अन्य मैच में मौजूदा चैंपियन तमिलनाडु ने पांडिचेरी के खिलाफ 16.1 ओवर में 130 रन का लक्ष्य हासिल करके अपनी लगातार तीसरी जीत दर्ज की। महाराष्ट्र और ओडिशा के बीच मैच में कप्तान गायकवाड़ ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया और इसके बाद अपनी टीम को आठ विकेट पर 183 रन तक पहुंचाया। तमिलनाडु और पंजाब के खिलाफ अर्धशतक जड़ने वाले गायकवाड़ ने केदार जाधव (35 गेंदों पर 55 रन) के साथ दूसरे विकेट के लिये 131 रन की साझेदारी की। इसके जवाब में ओडिशा की टीम 18.5 ओवर में 156 रन पर आउट हो गयी। उसकी तरफ से अंशी रथ ने सर्वाधिक 34 रन बनाये। महाराष्ट्र के लिये दिव्यांग हिमगानेकर ने चार और अक्षय पालकर ने तीन विकेट लिये। तमिलनाडु ने पांडिचेरी को पहले बल्लेबाजी के लिये आमंत्रित करके उसे आठ विकेट पर 129 रन ही बनाने दिये। आर साई किशोर ने 28 रन देकर चार विकेट लिये। तमिलनाडु ने सी हरि निशांत की नाबाद 75 रन की पारी से दो विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर दिया। एक अन्य मैच में पंजाब ने प्रभसिमरन सिंह के नाबाद 119 रन की मदद से गोवा को 81 रन से करारी शिकस्त दी। प्रभसिमरन ने अपनी 61 गेंद की पारी में 11 चौके और छह छक्के लगाये। उनके अलावा शुभमन गिल ने 40 रन का योगदान दिया जिससे पंजाब ने चार विकेट पर 197 रन का विशाल स्कोर बनाया। गोवा इसके जवाब में आठ विकेट पर 116 रन ही बना पाया। सिद्धार्थ कौल ने 21 रन देकर तीन विकेट लिये। हरप्रीत बरार और मयंक मार्कंडेय ने दो – दो विकेट हासिल किये।

### अफगानिस्तान की जीत पर टिकी भारत की उम्मीदें, न्यूजीलैंड को हरा पाएगा?

**अबुधाबी।** न्यूजीलैंड और अफगानिस्तान की टीमें टी20 विश्व कप के बेहद महत्वपूर्ण मैच में रविवार को जब आमने सामने होंगी तो भारतीय टीम की सांसें थमी होंगी क्योंकि उसकी सेमीफाइनल में प्रवेश की सारी उम्मीदें इसी मैच पर टिकी हैं। टीम इंडिया के साथ करोड़ों भारतीय भी इस मैच में अफगानिस्तान की जीत की दुआ कर रहे होंगे। न्यूजीलैंड के जीतने पर भारत के लिये सेमीफाइनल के दरवाजे बंद हो जायेंगे क्योंकि न्यूजीलैंड के आठ अंक हो जायेंगे और आखिरी मैच जीतकर भी भारत उतने अंक हासिल नहीं कर सकेगा। अफगानिस्तान अगर न्यूजीलैंड को हरा देता है तो उसकी मामूली उम्मीदें बनी रहेंगी जबकि भारत की संभावना प्रबल हो जायेगा जिसे आखिरी मैच अच्छे अंतर से जीतना होगा। न्यूजीलैंड के जीतने पर नामीबिया के खिलाफ भारत का आखिरी लीग मैच औपचारिकता भर रहेगा। न्यूजीलैंड की टीम शुक्रवार को नामीबिया को हराने के बाद आत्मविश्वास से ओतप्रोत है। जिम्मी नीशाम और ग्लेन फिलिप्स ने शीर्षक्रम की नाकामी से उबरते हुए टीम को अच्छा स्कोर दिया। न्यूजीलैंड के पास दमदार गेंदबाजी आक्रमण है जो अफगानिस्तान के बल्लेबाजों के लिये परेशानी का सबब साबित होगा। अफगानिस्तान के बल्लेबाजों ने अपने स्पिनरों के दम पर अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है। उसके बल्लेबाजों का सामना हालांकि अब ट्रेंट बोल्ट, टिम साउदी, तेज गेंदबाज एडम मिल्ने और स्पिनर ईश सोढी तथा मिशेल सेंटनेर से होगा जो शानदार फॉर्म में हैं। अफगानिस्तान के बल्लेबाज अगर अच्छा स्कोर बना सके तो राशिद खान की अगुवाई में गेंदबाज कमाल कर सकते हैं। मुजीबुर रहमान की चोट से गेंदबाजी आक्रमण कमजोर हुआ है लेकिन स्पिन के खिलाफ कीवी गेंदबाजों की कमजोरी का वे फायदा उठा सकते हैं। बल्लेबाजी में न्यूजीलैंड को मार्टिन गुप्टिल और डेरिल मिशेल से अच्छी शुरूआत की उम्मीद होगी जिसके बाद कप्तान केन विलियमसन उतरेंगे। टीमें : न्यूजीलैंड : केन विलियमसन (कप्तान), टॉड एस्टल, ट्रेंट बोल्ट, मार्क चैपमैन, डेवोन कोंवे, लॉकी फर्ग्युसन, मार्टिन गुप्टिल, काइल जैमीसन, डेरिल मिशेल, जिम्मी नीशाम, ग्लेन फिलिप्स, मिशेल सेंटनेर, टिम सीफर्ट, ईश सोढी, टिम साउदी। अफगानिस्तान: राशिद खान, रहमानुल्ला गुरबाज, हजरतुल्लाह जजई, उस्मान गनी, असगर अफगान, मोहम्मद नबी (कप्तान), नजीबुल्लाह जादरान, हशमतुल्ला शाहिदी, मोहम्मद शहजाद, मुजीब उर रहमान, करीम जनत, गुलबदीन नायब, नवीन-उल-हक, हामिद हसन, फरीद अहमद। मैच का समय : दोपहर 3 . 30 से।

# दक्षिण अफ्रीका जीतकर भी बाहर

**इंग्लैंड, आस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका तीनों के इस 'मौत के ग्रुप' में समान आठ-आठ अंक रहे लेकिन बेहतर नेट रन रेट के कारण पहली दो टीमें अंतिम चार में पहुंची**



एजेंसी

**शारजाह।** रॉसी वान डर डुसेन के करियर के सर्वोच्च स्कोर और एडेन मार्कराम के तूफानी अर्धशतक के बाद कैगिसो रबाडा की आखिरी ओवर की हैट्रिक से दक्षिण अफ्रीका ने शनिवार को यहां इंग्लैंड को 10 रन से हराकर उसका विजय अभियान थामा लेकिन इसके बावजूद वह आईसीसी टी20 विश्व कप से बाहर हो गया। दक्षिण अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए दो विकेट पर 189 रन बनाये। सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिये उसे इंग्लैंड को 131 रन से कम पर रोकना था। इंग्लैंड ने आठ विकेट पर 179 रन बनाकर आस्ट्रेलिया की जगह भी सेमीफाइनल में पक्की कर दी जिसने इससे पहले वेस्टइंडीज को आठ विकेट से हराया था।

इंग्लैंड, आस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका तीनों के इस 'मौत के ग्रुप' में समान आठ-आठ अंक रहे लेकिन बेहतर नेट रन रेट के कारण पहली दो टीमें अंतिम चार में पहुंची। डुसेन ने 60 गेंदों पर नाबाद 94 रन बनाये जिसमें पांच चौके और छह छक्के शामिल हैं। उन्होंने क्विंटन डिकॉक (27 गेंदों पर 34) के साथ दूसरे विकेट के लिये 71 और मार्कराम (25 गेंदों पर नाबाद 52, दो चौके, चार छक्के) के साथ तीसरे विकेट के लिये 52 गेंदों पर 103 रन की अटूट साझेदारी की। दक्षिण अफ्रीका ने आखिरी पांच ओवरों में 71 रन बनाये। रबाडा ने अपने पहले तीन ओवर में 45 रन लुटाये लेकिन जब इंग्लैंड को आखिरी ओवर में 14 रन चाहिए थे तब उन्होंने पहली तीन गेंदों पर क्रिस वोक्स, इयोन मोर्गन और क्रिस जोर्डन को आउट करके हैट्रिक बनायी। उन्होंने 48 रन देकर तीन विकेट लिये। तबरेज शम्सी और ड्वेन प्रिटोरियस ने दो-दो विकेट लिये। बड़े लक्ष्य के सामने इंग्लैंड की शुरुआत अनुकूल नहीं रही। उसकी तरफ से मोईन अली (27 गेंदों पर 37, तीन चौके, दो छक्के), डाविड मलान (26 गेंदों पर 33, तीन चौके, एक छक्का) और लियाम लिविंगस्टोन (17 गेंदों पर 28, तीन छक्के) ने अच्छा योगदान दिया। जोस बटलर (15 गेंदों पर 26) ने जैसन रॉय (रिटायर्ड हर्ट 20) के साथ प्रवाहमय शुरुआत की।

यहां तक कि रबाडा जब चौथे ओवर में पहले बदलाव के रूप में आये तो इन दोनों ने उसमें 15 रन जुटाये लेकिन रॉय बायें पांव की पिंडली की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण लंगड़ाते हुए पवेलियन लौटना पड़ा। नोर्किया ने पॉवरप्ले के आखिरी ओवर में बटलर को मिडऑफ पर कैच कराकर और इसके बाद शम्सी ने जॉनी बेयरस्टॉ (एक) को पगबाधा आउट करके आस्ट्रेलिया की भी पेशानी पर बल ला दिये। रबाडा दूसरा ओवर करने आये तो मलान ने उन पर लगातार दो चौके जड़कर दक्षिण अफ्रीका को परेशानी में डाल दिया। तेम्बा बावुमा का गेंदबाजी में बदलाव करने की नीति कारगर साबित नहीं हुई। मोईन ने रबाडा की जगह गेंद थामने वाले मार्कराम पर छक्का और चौका लगाया और शम्सी की गेंद पर लांग ऑन पर कैच देने से पहले गगनदायी छक्का जड़कर इंग्लैंड का ग्रुप में शीर्ष स्थान पक्का किया। रबाडा तीसरा ओवर करने आये तो लिविंगस्टोन ने उनकी पहली तीन गेंदों पर छक्के लगाये। इससे इंग्लैंड ने 131 रन की संख्या पार करके मैच का परिणाम आने से पहले ही आस्ट्रेलिया की सेमीफाइनल में जगह पक्की कर दी। रबाडा ने हालांकि ड्वेन प्रिटोरियस की गेंद पर मलान का दौड़ लगाकर अच्छा कैच लिया, लेकिन मोर्गन ने आते ही तीन चौके लगाये। इंग्लैंड को आखिरी दो ओवरों में 25 रन चाहिए थे लेकिन प्रिटोरियस ने लिविंगस्टोन को आउट कर दिया। रबाडा भी आखिरी ओवर में 14 रन का बचाव करने में सफल रहे। इससे पहले टूर्नामेंट में पहली बार इंग्लैंड के गेंदबाज दबाव में दिखे। दक्षिण अफ्रीका ने डुसेन के क्रिस वोक्स के छठे ओवर में लगाये गये चौके और छक्के की मदद से पावरप्ले में एक विकेट पर 40 रन बनाये। इससे पहले मोईन (27 रन देकर एक) ने अपनी गति में बदलाव करके रीजा हेंड्रिक्स (दो) को बोल्ड किया था जिनका स्थान लेने के लिये डुसेन क्रीज पर उतरे थे। डुसेन और डिकॉक ने इसके बाद स्ट्राइक रोटेट करने की सकारात्मक रणनीति अपनायी और इस बीच ढीली गेंदों को सीमा रेखा तक भी पहुंचाया।

# रोहित और राहुल की ताबड़तोड़ बल्लेबाजी ने भारत को दिलाई ऐतिहासिक जीत

## स्कॉटलैंड को 8 विकेट से हराया

एजेंसी

भारत बनाम स्कॉटलैंड टी 20 विश्व कप 2021 मुकाबला। भारत ने स्कॉटलैंड को 8 विकेट से हरा दिया है। केएल राहुल और रोहित शर्मा की शानदार बल्लेबाजी ने भारत को सेमीफाइनल में जाने की एक नयी उम्मीद दी है। केएल राहुल और रोहित शर्मा ने 83 रनों की साझेदारी की। आखिर में अपना विकेट गवां दिया लेकिन सुर्यकुमार यादव ने छक्के के साथ मैच को खत्म किया।



भारतीय क्रिकेट टीम ने स्कॉटलैंड के खिलाफ टॉस जीता और गेंदबाजी का फैसला किया। बर्थडे बॉय विराट कोहली की शानदार कप्तानी क्रिकेट के मैदान में दिखाई पड़ी विराट अपनी स्पीनर गेंदबाजों की सेना स्कॉटलैंड के खिलाफ लेकर मैदान में उतर और स्कॉटलैंड की टीम को 85 पर ऑलआउट कर दिया। रविंद्र जडेजा और मोहम्मद शामी ने 3-3 विकेट लिए। अश्विन ने एक और जसप्रीत बुमराह से 2 विकेट लिए। स्कॉटलैंड दुबई में भारत के खिलाफ 17.4 ओवर में 85 रन पर ऑल आउट हो गया। जडेजा (3/15), शमी (3/14), बुमराह (2/10)। मेन इन ब्लू को अफगानिस्तान के नेट रन रेट से आगे निकलने के लिए 7.1 ओवर में लक्ष्य का पीछा करने की जरूरत है और न्यूजीलैंड के एनआरआर से आगे जाने के लिए 8.5 ओवर। भारतीय कप्तान ने अफगानिस्तान से जीत के बाद बिना टीम में बड़े बदलाव के साथ मैदान में उतरी है। स्कॉटलैंड के खिलाफ अपनी टीम में में कप्तान ने शार्दुल ठाकुर की जगह वरुण चक्रवर्ती को खिलाया है। इसके अलावा विराट कोहली के पक्ष में अब तक कोई टॉस नहीं आया था लेकिन 3 असफल प्रयासों के बाद भारतीयों के पक्ष में सिक्का गिरा।

# महिला बिग बैश लीग में भारतीय महिला टीम का शानदार प्रदर्शन, हरमनप्रीत और रौद्रिगेज चमके



एजेंसी

**एडीलेड।** भारत की टी20 कप्तान हरमनप्रीत कौर और हमवतन जेमिमा रौद्रिगेज के अर्धशतकों की मदद से मेलबर्न रेनेगाडेस ने महिला बिग बैश लीग के मैच में ब्रिसबेन हीट को 15 रन से हरा दिया। हरमनप्रीत को प्लेयर आफ द मैच चुना गया जिन्होंने 32 गेंद में छह छक्कों और चार चौकों की मदद से 65 रन बनाये और बाद में एक विकेट भी लिया। उन्होंने सात मैचों में तीसरी बार यह पुरस्कार जीता। रौद्रिगेज ने 31 गेंद में 52 रन बनाये और एवलिन जोंस (62) के साथ पहले विकेट के लिये 101 रन की साझेदारी की। मेलबर्न टीम ने चार विकेट पर 207 रन बनाये जो महिला बिग बैश लीग के इतिहास का दूसरा सर्वोच्च स्कोर है। जवाब में ब्रिसबेन टीम 20 ओवर में 192 रन ही बना सकी। हरमनप्रीत ने आखिरी गेंद पर नाडाइन डे क्लेर्क का विकेट लिया।

# अच्छी तरह से जीत दर्ज करना भी जरूरी: बावुमा



एजेंसी

**शारजाह।** इंग्लैंड पर जीत के बावजूद सेमीफाइनल में पहुंचने में नाकाम रही दक्षिण अफ्रीकी टीम के कप्तान तेम्बा वावुमा ने शनिवार को स्वीकार किया कि टी20 विश्व कप ने उन्हें यह कड़ा सबक सिखाया कि इस तरह के टूर्नामेंट में केवल जीत ही नहीं अच्छी तरह से जीत दर्ज करना अधिक महत्वपूर्ण होता है। इंग्लैंड, आस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका तीनों ग्रुप एक में समान आठ-आठ अंक रहे लेकिन बेहतर नेट रन रेट के कारण पहली दो टीमें अंतिम चार में पहुंची। वावुमा ने इंग्लैंड पर 10 रन से जीत के बाद कहा, ''जीत महत्वपूर्ण है लेकिन हमारे लिये अंत अच्छा नहीं रहा। जीत के लिहाज से हम जो चाहते थे वह हमने हासिल किया लेकिन हम अच्छी तरह से जीत (बड़ी जीत) दर्ज नहीं कर पाये।''उन्होंने कहा, ''टूर्नामेंट के शुरू में यह बड़ा मसला नहीं था और हमने केवल मैच जीतने पर ध्यान दिया। आखिरी मैच में विशेषकर इंग्लैंड जैसी मजबूत टीम के खिलाफ नेट रन रेट का समीकरण बनना बहुत कड़ा था। लेकिन मुझे अपनी टीम पर गर्व है।''

**दक्षिण अफ्रीकी टीम के कप्तान तेम्बा वावुमा ने शनिवार को कहा, ''टूर्नामेंट के शुरू में यह बड़ा मसला नहीं था और हमने केवल मैच जीतने पर ध्यान दिया। आखिरी मैच में विशेषकर इंग्लैंड जैसी मजबूत टीम के खिलाफ नेट रन रेट का समीकरण बनना बहुत कड़ा था। लेकिन मुझे अपनी टीम पर गर्व है।''**

दक्षिण अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए रॉसी वान डर डुसेन के नाबाद 94 और एडेन मार्कराम के नाबाद 52 रन की मदद से दो विकेट पर 189 रन बनाये। सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिये उसे इंग्लैंड को 131 रन से कम पर रोकना था। इंग्लैंड ने आठ विकेट पर आठ विकेट पर 179 रन बनाकर आस्ट्रेलिया की जगह भी सेमीफाइनल में पक्की कर दी। इंग्लैंड का इस हार से विजय अभियान थम गया लेकिन उसके कप्तान इयोन मोर्गन ने कहा कि वह ग्रुप में शीर्ष पर रहने से खुश हैं। मोर्गन ने कहा, ''यह बल्लेबाजी के लिये अच्छा विकेट था। दक्षिण अफ्रीका ने बहुत अच्छी बल्लेबाजी की। बाद में ओस ने भी प्रभाव डाला। जैसन रॉय के चोटिल होने से लय गड़बड़ायी लेकिन हमने पूरे टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन किया।''उन्होंने कहा, ''लेकिन मुझे खुशी है कि हम ग्रुप में शीर्ष पर रहे। मैं जानता हूं कि हमने इसके लिये कितनी कड़ी मेहनत की। फाइनल्स का हम पूरा लुत्फ उठाने की कोशिश करेंगे।'' डुसेन को मैन ऑफ द मैच चुना गया लेकिन वह टीम के बाहर हो जाने से खुश नहीं थे। उन्होंने कहा, ''सेमीफाइनल के लिहाज से यह (जीत) मायने नहीं रखता। हम जानते थे कि हमें बड़ा स्कोर बनाना होगा। हम सेमीफाइनल में नहीं पहुंच पाये लेकिन फिर भी हमने एक अच्छी टीम को हराया।

# मोहम्मद शमी ने तीन बॉल पर चटके तीन विकेट लेकिन नहीं मानी गयी हेट्रिक

एजेंसी

**शारजाह।** आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप में भारत का पहला मैच पाकिस्तान के साथ हुआ। पाकिस्तान ने भारत को 10 विकेट से हराया। 30 साल में यह पहली बार था जब पाकिस्तान से भारत को इस तरीके की पहली शर्मनाक हार मिली। भारत की शर्मनाक हार से फैंस का दिल बुरी तरह टूटा। काफी लोगों ने सोशल मीडिया पर भारतीय क्रिकेट टीम की कड़ी आलोचना की। आलोचकों ने सोशल मीडिया पर खराब प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को जमकर ट्रोल करके अपना गुस्सा निकाला। भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को सोशल मीडिया पर जमकर ट्रोल किया गया क्योंकि उनकी गेंदों पर पाकिस्तानी बल्लेबाजों ने खूब चौके-छक्के लगाये थे।

मोहम्मद शमी की ट्रोलिंग के खिलाफ पूरी क्रिकेट टीम साथ खड़ी हो गयी और ट्रोलर्स की जमकर क्लास लगायी। पाकिस्तान के बाद भारत दूसरा मैच न्यूजीलैंड से भी बहुत बुरी तरह से हार गया। लगातार दो मैच हारने के बाद भारत ने अफगानिस्तान के खिलाफ शानदार वापसी की। भारतीय बल्लेबाजों ने पहले बल्लेबाजी की और 210 रनों का अफगानिस्तान को टारगेट दिया। टूर्नामेंट का तीसरा मैच भारत शानदार तरीके से जीता। अफगानिस्तान से जीत के बाद भारत के लिए सेमीफाइन में जगह बनाने के लिए कुछ केल्कुलेशन थी जिसके



अगर पूरा कर दिया तो भारत सेमीफाइनल में जा सकता हैं। यह सब कुछ भारत और स्कॉटलैंड के मैच पर निर्भर था। 5 नवंबर को सिक्का गिरा भारत के पक्ष में और भारतीय टीम ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। स्कॉटलैंड की पूरी टीम को भारतीय बल्लेबाजों ने 85 रनों पर ही आउट कर दिया। इस दौरान सबसे शानदार गेंदबाजी मोहम्मद शमी और रविंद्र जडेजा की रही। मोहम्मद शमी ने 15 देकर 3 विकेट लिए थे। रविंद्र जडेजा ने भी 15 रन लेकर 3 विकेट लिए। मोहम्मद शमी ने लगातार तीन गेंदों पर तीन विकेट लिए लेकिन उनके नाम हेट्रिक नहीं हुई क्योंकि दूसरा विकेट रनआउट किया गया था। अगर वह रन आउट न होता स्टंप आउट होता तो एक बार फिर मोहम्मद शमी के नाम हेट्रिक हो जाती। भारत ने स्कॉटलैंड को 8 विकेट से हरा दिया है। केएल राहुल और रोहित शर्मा की शानदार बल्लेबाजी ने भारत को सेमीफाइनल में जाने की एक नयी उम्मीद दी है। केएल राहुल और रोहित शर्मा ने 70 रनों की साझेदारी की। आखिर में अपना विकेट गवां दिया लेकिन सुर्यकुमार यादव ने छक्के के साथ मैच को खत्म किया।

भारतीय क्रिकेट टीम ने स्कॉटलैंड के खिलाफ टॉस जीता और गेंदबाजी का फैसला किया। बर्थडे बॉय विराट कोहली की शानदार कप्तानी क्रिकेट के मैदान में दिखाई पड़ी विराट अपनी स्पीनर गेंदबाजों की सेना स्कॉटलैंड के खिलाफ लेकर मैदान में उतर और स्कॉटलैंड की टीम को 85 पर ऑलआउट कर दिया। रविंद्र जडेजा और मोहम्मद शामी ने 3-3 विकेट लिए। अश्विन ने एक और जसप्रीत बुमराह से 2 विकेट लिए। स्कॉटलैंड दुबई में भारत के खिलाफ 17.4 ओवर में 85 रन पर ऑल आउट हो गया।

# अमिताभ बच्चन के घर में लगी है मंजीत बावा की बनाई बुल पेंटिंग, कीमत है 4 करोड़



अमिताभ बच्चन ने दिवाली पर अपने फैन्स के लिए शुभकामनाएं देने के साथ एक फोटो सोशल मीडिया पर पोस्ट की थी। जिसमें जया, अभिषेक, श्वेता, ऐश्वर्या, आराध्या, नव्या नवेली और अगस्त्य भी नजर आए थे। उनके ठीक पीछे एक पेंटिंग थी। जिसमें बैल बना हुआ है। अमिताभ की शुभकामनाओं से ज्यादा हर किसी की नजर सिर्फ इसी पेंटिंग पर टिक गई थी। बिग बी की इस तीन पीढ़ियों वाली फोटो के पीछे लगी इस खूबसूरत पेंटिंग को लेकर लोग सोच रहे हैं कि पेंटिंग वास्तव में क्या दर्शाती है। इसकी कीमत कितनी है। जहां कुछ ने बुल आर्ट का मजाक उड़ाया, तो वहीं कुछ ने इसे अनिल कपूर की मशहूर 'वेलकम' की मजनू भाई की कला से जोड़कर देखा, वहीं कुछ ने घर में बुल आर्ट वर्क होने का मतलब वित्तीय स्थिति से जोड़कर बताया। कथित तौर पर 4 करोड़ रुपये की इस बुल आर्ट को प्रसिद्ध कलाकार मंजीत बावा ने बनाया था, जिनका 2008 में देहांत हो गया था। मंजीत को भारतीय पौराणिक कथाओं और सूफी दर्शन से प्रेरित माना जाता है। उनका आर्ट वर्क शक्ति, गति, प्रभुत्व, आशा और समृद्धि का प्रतिनिधित्व करता है। अमिताभ के घर में यह पेंटिंग होने का मतलब है कि बैल शक्ति, प्रभुत्व, गति, आशावाद काप्रतीक है। और इसे ऑफिस या घर के कोने में रखने से बुल रन को किसी की आर्थिक स्थिति में गति लाने में मदद मिलती है। यह परम लाभ, सफलता और वृद्धिशील समृद्धि का प्रतीक है। बावा देवताओं के चित्र बनाने, जानवरों की पेंटिंग, प्रकृति और बांसुरी के पेंटिंग के लिए जाने जाते थे। उनकी रचनाओं में मनुष्यों और जानवरों के बीच सामंजस्य का विचार है। दुनिया भर के प्रमुख नीलामी घरों जैसे सोथबीज में बावा की कला की कीमत आमतौर पर लगभग 3-4 करोड़ रुपये है।

# अर्जुन कपूर ने लेडी लव मलाइका अरोड़ा के साथ शेयर की दिवाली बैश की कैंडिड तस्वीर



अर्जुन कपूर और मलाइका अरोड़ा को हाल ही में अनिल कपूर की दिवाली पार्टी में स्टाइलिश अंदाज में देखा गया। इस कपल ने पपराजी के लिए पोज दिया। रविवार दोपहर को अर्जुन ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट से अपनी लेडीलव के लिए एक पोस्ट किया। उन्होंने दिवाली बैश से एक फोटो के साथ एक मस्ती भरा कैप्शन भी लिखा। तस्वीर में अर्जुन को मलाइका को देखते हुए और अपनी मिलियन डॉलर मुस्कान के देखा जा सकता है। वहीं मलाइका उनके बगल में खड़ी नजर आ रही हैं और उनके जोक पर हंस रही हैं। अर्जुन ने अपनी पोस्ट पर कैप्शन में लिखा, ₹जब वह मेरी बकवास पर हंसती है, तो वह मुझे खुश करती है। उन्होंने पोस्ट पर मलाइका के साथ फोटो क्लिक करने वाले पैप को धन्यवाद देते हुए दोनों को टैग किया। फोटो पोस्ट करने के तुरंत बाद इंडस्ट्री के से उनके दोस्त महीप कपूर, ईशा गुप्ता, ताहिरा कश्यप और भूमि पेडनेकर ने कमेंट सेक्शन में कपल के लिए दिल के इमोजी पोस्ट किए। दिवाली पार्टी में अर्जुन को अपने लेडी लव के लिए प्रोटेक्टिव भी होते देखा गया। वर्कफ्रंट की बात करें तो अर्जुन हाल ही में 'भूत पुलिस' में नजर आए थे। उनके अपकमिंग प्रोजेक्ट्स में जॉन अब्राहम, दिशा पटानी और तारा सुतारिया के साथ 'एक विलेन रिटर्न्स' है। वहीं उनके पास पाइपलाइन में 'कुट्टी' और 'द लेडी किलर' जैसी फिल्में भी हैं।

# आसिम रियाज के साथ अपने रिश्ते पर हिमांशी खुराना बोलीं अभी प्रोफेशनल करियर हमारी जिंदगी की प्रायोरिटी है



बिग बॉस 13 के बाद से ही सिंगर-एक्ट्रेस हिमांशी खुराना और उनके बॉयफ्रेंड आसिम रियाज अपनी लव स्टोरी को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। हिमांशी ने सोशल मीडिया पर एक लाइव चैट के दौरान अपने और आसिम के रिश्ते को लेकर खुल कर बात की और कहा कि अभी हम दोनों के लिए करियर जरूरी है। आसिम का करियर अभी शुरू हुआ है। ऐसे में एक रिश्ते में बंध जाना दोनों के लिए ठीक नहीं होगा। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि लव लाइफ को लेकर ज्यादातर खबरों में रहना हमें प्रभावित करता है।

आसिम के बारे में बात करते हुए, हिमांशी ने कहा, हम पर्सनली और प्रोफेशनली दोनों तरह से (रियलिटी) शो में जाने के बाद बहुत बदल गए हैं। वह कुछ बेहतरीन ट्रैक लेकर आए हैं जिन्हें ऑडियंस का भरपूर प्यार मिला है। मुझे उस पर बहुत गर्व है। वो हाइपर एक्टिव हैं और हमेशा कुछ नया करने की कोशिश में रहते हैं। मुझे उसकी यही बात अच्छी लगती है। हिमांशी ने आगे कहा, ₹अभी प्रोफेशनल करियर हमारी जिंदगी की प्रायोरिटी है। शादी इंतजार कर सकती है। वहीं हिमांशी से जब सवाल किया गया कि ज्यादातर लव लाइफ को लेकर खबरों में बने रहना उन्हें परेशान करता है तो इस पर हिमांशी ने कहा कि कुछ हद तक करता है। इसी के साथ हिमांशी ने यह भी कहा कि हर कोई इस तरह की चीजों से प्रभावित होता है। हिमांशी ने आगे कहा कि उनका मानना है कि किसी के भी प्रोफेशनल और पर्सनल लाइफ के बीच एक लाइन होनी चाहिए। दरअसल हिमांशी ने ट्रांसजेंडर्स को लेकर एक लाइव चैट में हिस्सा लिया था। जिसके बारे में बात करते हुए वो कहती हैं, "मैंने उनके साथ लंबे समय तक काम किया है। वे भेदभाव के शिकार होते हैं और अक्सर उन्हें नौकरी पाने में कठिनाई होती है। लेकिन वे हम जैसे इंसान हैं। के पृथिका यशिनी (पुलिस अधिकारी) और गौरी सावंत (ट्रांसजेंडर कार्यकर्ता) को देखिए। उन्होंने बहुत कुछ हासिल किया है और फिर भी लोग उनके साथ अलग तरह से व्यवहार करते हैं।

# एक्स कंटेस्टेंट मुस्कान जट्टाना ने मेकर्स पर लगाया शमिता का पक्ष लेने का आरोप, 'ट्रॉफी दे दो और दिखावा खत्म करो'



टेलीविजन रियलिटी शो में इन दिनों खूब हंगामा देखने मिल रहा है। वाइल्ड कार्ड सदस्य राजीव अदातिया के शो में आने से शमिता का गेम स्ट्रॉन्ग हो गया है जिसके बाद अब वीकेंड में उनकी बेस्ट फ्रैंड नेहा भसीन और बॉयफ्रेंड राकेश बापट भी वाइल्ड कार्ड बनकर शो में आए हैं। शमिता से जुड़े लोगों के शो में आने के बाद बिग बॉस ओटीटी की कंटेस्टेंट मुस्कान जट्टाना ने शो के मेकर्स पर शमिता की तरफदारी करने का आरोप लगाया है। मुस्कान ने ट्विटर पर एक पोस्ट में लिखा, शमिता रानी अपने भाइओं और दोस्तों से बने किले में है। जल्द ही शो में हिस्ट्री के सबसे बोरिंग लोग नेहा भसीन और राकेश बापट भी शो में आ जाएंगे। इसकी जगह ट्रॉफी दिवाली पर दे दो और दिखावा खत्म करो। मुस्कान जट्टाना के अलावा भी कई यूजर्स ने शो के मेकर्स पर शमिता की तरफदारी करने का आरोप लगाया है। बिग बॉस 12 के कंटेस्टेंट रोमिल चौधरी ने लिखा, ये बिग बॉस है या शमिता शेट्टी का ससुराल। वो अकेली पड़ी तो इन लोगों ने उसका भाई भेज दिया। अब उसका बॉयफ्रेंड और बेस्टफ्रेंड। अब अगला कौन है, शिल्पा शेट्टी। अरे नाटक क्यों। सीधे उसे कप दे दो। जो शमिता नहीं कर सकी वो बिग बॉस ने उसके लिए कर दिया। बता दें कि शमिता और राकेश की नजदीकियां बिग बॉस ओटीटी में बढ़ी थीं। शमिता लगातार शो में राकेश को भेजने की मांग कर रही थीं जिसके चलते शनिवार को उनकी वाइल्ड कार्ड एंट्री हो गई है। राकेश के साथ नेहा भसीन भी शो में आ चुकी हैं। बिग बॉस 15 की शुरुआत के बाद से ही फैंस शो पर पक्षपात के आरोप लगा रहे हैं।







स्वामित्व, मुद्रक, प्रकाशक एवं RNI No. DELHIHIN/2010/37009 संपादक मो हनीफ द्वारा अरावली प्रिंटर्स -WA30, ओखला इंडस्ट्रियल एरिया, नई दिल्ली से मुद्रित करवाकर, जी-12/276 , संगम विहार, नई दिल्ली-62 से प्रकाशित। फोन:8888883968, 9811111715 किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा दिल्ली न्यायालय में ही होगा।